CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 28 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 347 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 7 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



'धुरंधर' सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बनी
बॉलीवुड



इंग्लैंड की बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऐतिहासिक जीत ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया
खेल टाइम्स

# हवा गंभीर श्रेणी की दहलीज पर पहुंची

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में हवा की गति सुस्त और दिशा बदलने के कारण शनिवार को हवा गंभीर श्रेणी की दहलीज पर पहुंच गई। ऐसे में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 385 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें शुक्रवार की तुलना में 53 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई।

दूसरी ओर, एनसीआर में नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 409 दर्ज किया गया, यह हवा की गंभीर श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में 404, ग्रेटर नोएडा में 395 और गुरुग्राम में 299 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा, फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 249 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है।



■ **नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद ने दिल्ली को प्रदूषण में छोड़ा पीछे, फरीदाबाद सबसे साफ**

## यूपी के 68 जिलों में घना कोहरा

**नई दिल्ली।** हिमालय में लगातार हो रही बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। यूपी के 68 जिलों में घना कोहरा छाया है। इसके चलते 10 मीटर तक देखना भी मुश्किल हो रहा है। वहीं, मध्य प्रदेश के 31 शहरों में पारा 5 डिग्री से 8 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने शनिवार को यूपी के 68 जिलों में शीतलहर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कोहरा इतना घना होगा कि विजिबिलिटी शून्य तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक श्रीनगर में शुक्रवार रात को न्यूनतम तापमान माइनस 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज और सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान माइनस 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, बिहार के कई शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया।

# देशव्यापी मनरेगा बचाओ अभियान चलाएगी कांग्रेस

## खड़गे व राहुल गांधी ने सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद किया ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को खत्म करने के खिलाफ देशभर में अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पांच जनवरी से पूरे देश में मनरेगा बचाओ अभियान शुरू करेगी। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी खड़गे की तरह ही अपील की है।

कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद खड़गे ने बताया कि इस बैठक में कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा को बचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर जनता के बीच जाएगी और सरकार के फैसले का विरोध करेगी। खड़गे ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं है, बल्कि यह संविधान की ओर से दिया गया काम करने का अधिकार है। इसे कमजोर या खत्म करना गरीबों और मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा को खत्म करने के फैसले से लोग नाराज हैं और सरकार को इसके नतीजे भुगतने पड़ेंगे। खड़गे के अनुसार, कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखेगी। खड़गे ने कहा कि मनरेगा को खत्म किए जाने के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाने की जरूरत है।




### फैसला गरीबों और राज्यों के अधिकारों को कमजोर करता है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा को खत्म करना अधिकार पर आधारिक प्रणाली और देश के संघीय ढांचे पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि यह फैसला गरीबों और राज्यों के अधिकारों को कमजोर करता है। राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा केवल एक रोजगार योजना नहीं थी, बल्कि यह एक विकास का ढांचा था, जिसकी सराहना पूरी दुनिया में की गई थी। इस योजना ने ग्रामीण भारत को मजबूती दी और लोगों को सम्मान के साथ काम करने का अधिकार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने बिना अपने मंत्रिमंडल से सलाह लिए और बिना किसी अध्ययन के मनरेगा को एकतरफा तरीके से खत्म कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सहारनपुर में पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, चार लोगों की मौके पर मौत

**सहारनपुर-ब्यूरो।** बेहट में शाकंभरी रोड पर धर्म सिंह जगदीश सिंह महाविद्यालय के सामने मोड़ पर पेड़ से कार टकरा गई। इसमें दो सगे भाइयों समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें से तीन की पहचान की जा चुकी है, जबकि एक की पहचान करने में पुलिस लगी है। शनिवार को चिलकाना के गांव तिडफवा निवासी विजय अपने भाई डा. मनीष व दो अन्य साथियों के साथ बेहट की तरफ जा रहे थे। शाकंभरी रोड पर धर्म जगदीश सिंह महाविद्यालय के सामने घूम पर पहले कार अनियंत्रित होकर लोहे के एंगल से टकराई। उसके बाद सड़क किनारे पेड़ में जा लगी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में विजय, डा. मनीष निवासी तिडफवा थाना चिलकाना, जितेंद्र निवासी महमूदपुर तिवाई थाना गागलहेड़ी की मौत हो गई। चौथे मृत व्यक्ति की जेब से रामू हलवाई लिखी पर्ची मिली है। पुलिस उसकी पहचान करने में जुटी हुई है। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई थी। जिसने भी यह हादसा देखा, वह सिहर उठा।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने 45 करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने देशभर में उपभोक्ताओं की शिकायतों के प्रभावी, समयबद्ध और मुकदमेबाजी से पहले निवारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आठ महीनों में 31 क्षेत्रों में 45 करोड़ रुपये की राशि उपभोक्ताओं को वापस दिलवाई है। ई-कॉमर्स क्षेत्र में सबसे अधिक 32 करोड़ रुपये और यात्रा तथा पर्यटन क्षेत्र में साढ़े तीन करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाई गई है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि हेल्पलाइन ने इस वर्ष 25 अप्रैल से 26 दिसम्बर तक आठ महीने की अवधि के दौरान 31 क्षेत्रों में राशि वापस दिलवाने के दावों से संबंधित 67,265 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान करते हुए 45 करोड़ रुपये की राशि के वापस दिलवाई है। ई -कॉमर्स क्षेत्र में शिकायतों और वापस दिलवाई गई राशि सबसे अधिक दर्ज की गई जिसमें 39,965 शिकायतों के परिणामस्वरूप 32 करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाई गई।




## इंडिगो संकट: जांच पैनल ने 22 दिन में रिपोर्ट सौंपी

**नई दिल्ली।** इंडिगो में बड़े पैमाने पर फ्लाइट कैंसिलेशन की जांच करने वाले पैनल ने अपनी रिपोर्ट एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए को सौंप दी है।

इस कमेटी को 22 दिन पहले 5 दिसम्बर को बनाया गया था। हालांकि रिपोर्ट्स में क्या लिखा है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

■ **सरकार ने गोपनीय रखी**

एक रिपोर्ट के मुताबिक डीजीसीए के एक अलग सिस्टमैटिक रिव्यू यानी एक तरह की जांच में कहा गया है कि इंडिगो ने नवम्बर में अपने 307 एयरबस- विमानों के बेड़े को चलाने के लिए 4,575 पायलटों को नियुक्त किया था।

## दिल्ली में ऑपरेशन आघात 3.0 के तहत 285 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट टीम ने 'ऑपरेशन आघात 3.0' के तहत शुक्रवार रात को 285 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी हेमंत तिवारी के मुताबिक इस अभियान में एक्साइज एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और जुआ अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इसके अलावा 504 लोगों को एहतियाती कार्रवाई के तहत पकड़ा गया और 116 बदमाश की धरपकड़ की गई है। अभियान में 10 प्रॉपर्टी ऑफेंडर और 5 ऑटो लिफ्टर भी गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने 21 सीएमपी, 20 जिंदा कारतूस और 27 चाकू बरामद किए।

# सेना के फायरिंग अभ्यास में बम विस्फोट, चार जवान घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**सडोली कदीम/बेहट (सहारनपुर)।** सेना के फायरिंग अभ्यास के दौरान बम विस्फोट हो गया। हादसे में सेना के 4 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से बटालियन में हड़कंप मच गया।

सेना के आला अफसर घायलों को आनन-फानन में बेहट सीएचसी ले गए, जहां उनकी हालत को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

■ **घटना से बटालियन में हड़कंप मचा**

घटना थाना मिर्जापुर इलाके की शिवालिक वन प्रभाग की बड़कला रेंज की है। यहां सेना के जवानों की एक बटालियन अभ्यास के लिए आई हुई है। बताया जाता है कि शनिवार की देर शाम सैन्य अभ्यास के दौरान एक बम में विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आने से सेना के जवान दीपक, सुरेश, परवीन और पवित्र घायल हो गए।

# टाली शादी की तारीख, तो लगा दिया दुष्कर्म का आरोप, अब सजा हुई रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने 10 साल की सजा काट रहे एक व्यक्ति की दोषसिद्धि और सजा दोनों को रद्द कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि यह मामला सहमति से बने रिश्ते का था, जिसे गलतफहमी के कारण आपराधिक रंग दे दिया गया। यह फैसला उस अपील पर आया, जिसमें आरोपी ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के अप्रैल 2024 के आदेश को चुनौती दी थी। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए 10 साल की सश्रम कारावास और 55 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने सजा निलंबन की अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद आरोपी सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां पूरे मामले की नए सिरे से समीक्षा हुई। पीठ ने कहा कि जब मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने आया, तो तथ्यों को देखते हुए अदालत को यह छठी इंद्रिय से महसूस हुआ कि दोनों पक्षों को फिर से साथ लाया जा सकता है। अदालत ने आरोपी और महिला से उनके माता-पिता की मौजूदगी में बातचीत की। इसके बाद दोनों ने शादी का फैसला लिया और जुलाई 2025 में विवाह कर लिया।

■ **सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म मामले में बड़ा और अहम फैसला सुनाया**

# दिग्विजय ने की मोदी व आडवाणी की तस्वीर की तारीफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शनिवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक शुरू होने से ठीक पहले अचानक चर्चा में आ गए।

कारण है उनका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किया गया पोस्ट, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की एक पुरानी तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में पीएम मोदी लालकृष्ण आडवाणी के पैरों के पास बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर साझा करते हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने लिखा कि आरएसएस का एक जमीनी स्वयंसेवक और भाजपा का जमीनी कार्यकर्ता किस प्रकार नीचे बैठकर मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री बना। उन्होंने इस तस्वीर को प्रभावशाली बताते हुए इसे संगठन की ताकत बताया। हालांकि दूसरी ओर कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद पार्टी सांसद दिग्विजय सिंह से जब पूछा गया कि क्या उन्होंने संगठन को फिर से सक्रिय करने की बात की, तो उन्होंने इस पर अपनी सफाई दी। उन्होंने कहा कि दरअसल, मैंने पार्टी संगठन की तारीफ की थी। लोगों ने मेरी बात को गलत समझा। मैं भाजपा और आरएसएस का कट्टर विरोधी हूं। बता दें कि दिग्विजय सिंह के इस पोस्ट को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है।

■ **कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सफाई में कहा: मैं भाजपा और आरएसएस का घोर विरोधी**
■ **बोले- लोगों ने मेरी बातों को गलत समझा**





## संक्षिप्त समाचार

### मोदी, राहुल, प्रियंका ने प्रकाश पर्व पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को प्रकाश पर्व पर सिखों के दसवें एवं अंतिम गुरु गोविद सिंह को श्रद्धांजलि दी। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- श्री गुरु गोविद सिंह जी के पावन प्रकाश उत्सव के अवसर पर हम श्रद्धापूर्वक उन्हें नमन करते हैं। वे साहस, करुणा और बलिदान के प्रतीक हैं। दसवें सिख गुरु, श्री गुरु गोविद सिंह जी भारतीय इतिहास में उनके योगदान के लिए अत्यंत पूजनीय हैं। उनकी शिक्षाएं सत्य और न्याय के लिए खड़े होने तथा मानव गरिमा की रक्षा करने पर बल देती हैं। उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोबिद सिंह जी ने हमेशा सेवा और निस्वार्थ कर्तव्य की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हम उनके सामने श्रद्धा के साथ झुकते हैं। उनका जीवन हमें मानव सम्मान की रक्षा करने और धर्म के लिए खड़े होने की सीख देता है।

### आतंकवादियों के तीन मददगार पीएसए के तहत हिरासत में

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को प्रदेश के शोपियां जिले में आतंकवादियों के तीन मददगारों को जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। पीएसए के लिए हिरासत में लिए गए लोगों को इस अधिनियम के तहत बिना सुनवाई के दो साल तक हिरासत में रखा जा सकता है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों की पहचान ओवैस अहमद लोन, माशूक अहमद शाह और सबजार अहमद गनी के तौर पर की है, जो सभी शोपियां के रहने वाले हैं। पुलिस ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोग बार-बार राज्य की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाली गति. विधियों में शामिल पाए गए।

# बड़ी संख्या में वोटर कटने से भाजपा में मची कलह

## चुनाव में दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी बीजेपी: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश भाजपा में उभरा आपसी टकराव किसी कथित 'विद्रो. ही बैठक' का परिणाम नहीं, बल्कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बड़ी संख्या में वोटरों के नाम कटने की सूचना से उपजा है।

यादव ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि एसआईआर में लगभग 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए जाने की सूचना पहले ही भाजपा विधायकों के बीच प्रसारित हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि इनमें से 85.90 प्रतिशत मतदाता मुख्यमंत्री के अपने समर्थक बताए जा रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि यदि 2.89 करोड़ का 85 प्रतिशत भी माना जाए तो यह संख्या करीब 2.45 करोड़ बैठती है, जिसका प्रभाव प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों पर औसतन लगभग 61 हजार मत प्रति सीट के रूप में पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में भाजपा हर सीट पर आनुपातिक रूप से भारी नुकसान में रहेगी और चुनाव में दहाई का आंकड़ा भी पार करना मुश्किल होगा। यही कारण है कि भाजपा के भीतर आरोप- प्रत्यारोप, खुले नोटिस और



सार्वजनिक बयानबाजी जैसी स्थितियां सामने आ रही हैं। यादव ने कहा कि भाजपा विधायक अलग-अलग बैठकें कर यह संदेश दे रहे हैं कि सरकार, संगठन और सहयोगी दल उनकी बात नहीं सुन रहे, जिससे उनके क्षेत्रीय काम प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले होने वाले कामकाज आधारित मूल्यांकन सर्वे में ऐसे विधायक असफल साबित होंगे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा में कुछ गिने-चुने लोगों के कथित भ्रष्टाचार का खामियाजा असंतोष से विद्रोह के स्तर तक पहुंचे नेताओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर की प्रक्रिया ने भाजपा को उसी संकट में धकेल दिया है, जिसे उसने खुद पैदा किया है।

# यूपी में 1.75 करोड़ रुपये से जलेंगे अलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पड़ रही भीषण शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आमजन को राहत पहुंचाने के लिए व्यापक और सुनियोजित व्यवस्थाएं की हैं। सभी जनपदों में रैन बसेरा, अलाव और कंबल वितरण की व्यवस्था को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है, ताकि ठंड से किसी भी नागरिक को असुविधा न हो।

प्रदेश सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शीतलहर के दौरान कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड से पीड़ित न रहे। जिला प्रशासन, नगर निकाय और संबंधित विभागों को पूरी संवेदनशीलता के साथ राहत कार्यों को संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने प्रेस



**■ ठंड से बचाव के लिए सरकार का बड़ा प्लान, बनाए गए 1247 रैन बसेरे**

नोट के माध्यम से बताया कि प्रदेशभर में अब तक 1247 रैन बसेरे स्थापित किए जा चुके हैं। इन रैन बसेरों में 9949 जरूरतमंद लोग अब तक आश्रय ले चुके हैं। जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि रैन बसेरों में साफ-सफाई, गर्म पानी, प्रकाश और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रदेश सरकार की ओर से कंबल वितरण को प्राथमिकता दी गई है। पिछले 03 वर्ष में औसतन 10,65,889 कंबलों की खरीद की गई है। इस पर लगभग 44.38 करोड़ रुपये की औसत धनराशि व्यय हुई है।

चालू व्यवस्था के अंतर्गत सभी जनपदों को 17.55 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। 75 जनपदों द्वारा कंबल खरीद के लिए क्रयादेश जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 75 जनपदों में 3,78,884 कंबलों की आपूर्ति पूर्ण हो चुकी है। अब तक सभी जनपदों द्वारा 1,40,364 कंबलों का वितरण जरूरतमंदों को किया जा चुका है, शेष कंबलों का वितरण किया जा रहा है। ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की भी व्यापक व्यवस्था की गई है। सभी जनपदों को अलाव जलाने के लिए 1.75 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। जनपदों में प्रतिदिन जलाए जा रहे अलावों की स्थिति की नियमित फीडिंग राहत पोर्टल पर की जा रही है, जिससे शासन स्तर पर सतत निगरानी बनी रहे। कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सरकार की ओर से तकनीक का भी व्यापक उपयोग किया जा रहा है। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा सचेत एप एवं वेब पोर्टल के माध्यम से अब तक 33.27 करोड़ अलर्ट एसएमएस जारी किए जा चुके हैं। ये संदेश प्रभावित जनपदों के अधिकारियों के साथ-साथ आम जनमानस को भी भेजे गए हैं। इसके अतिरिक्त संबंधित विभागों जैसे यूपीडा, एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी द्वारा जिलाधिकारियों एवं जिला पुलिस को ई-मेल के माध्यम से कोहरे से संबंधित अलर्ट लगातार जारी किए जा रहे हैं।

## वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सम्मेलन में बोले सीएम योगी

# कानून-व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा भविष्य की चुनौतियों से निपटने की रणनीति तय करने के उद्देश्य से लखनऊ में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन शनिवार से शुरू हो गया। पहले दिन सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिरकत की और प्रदेश की कानून-व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने बीते 7-8 वर्षों में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा किए गए सुधारों, नवाचारों और सख्त कार्रवाई की समीक्षा की। बैठक में सुरक्षा, सुशासन और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर व्यापक मंथन किया गया। सम्मेलन में प्रदेश में पुलिसिग को लेकर बदली हुई धारणा, कानून- व्यवस्था में आए ठोस सुधार और अपराध



**■ सुशासन की बुनियाद मजबूत कानून-व्यवस्था पर टिकी, जनता की सुरक्षा अधिक मजबूत की जाए**

नियंत्रण के लिए अपनाई गई रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष बीते वर्षों में लागू किए गए तकनीकी और प्रशासनिक नवाचारों की प्रस्तुति दी। बैठक का एक प्रमुख एजेंडा भविष्य की पुलिसिग के लिए स्पष्ट रोडमैप तैयार करना रहा। इसमें संगठित अपराध, साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा, साम्प्रदायिक सौहार्द, त्वरित न्यायिक प्रक्रिया और आधुनिक तकनीक के उपयोग जैसे विषयों पर विशेष फोकस किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति को और सख्ती से लागू किया जाए तथा जनता में सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत की जाए। उन्होंने कहा कि सुशासन की बुनियाद मजबूत कानून-व्यवस्था पर टिकी होती है। सम्मेलन में यह भी चर्चा हुई कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश के सामने कानून-व्यवस्था को लेकर कौन-कौन सी चुनौतियां हैं और उनसे निपटने के लिए पुलिस को किस प्रकार खुद को और सक्षम बनाना होगा। सम्मेलन के अंत में प्रदेश में भविष्य की पुलिसिग को लेकर एक स्पष्ट और प्रभावी रोडमैप तैयार किए जाने पर सहमति बनी, जिससे उत्तर प्रदेश को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और अपराध मुक्त राज्य बनाने की दिशा में कदम और तेज किए जा सकें।

### गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री योगी ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खालसा पंथ के संस्थापक, महान संत एवं धर्मयोद्धा गुरु श्री गोबिन्द सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह जी साहस, त्याग और धर्मरक्षा की प्रतिमूर्ति थे। अन्याय और अधर्म के विरुद्ध उनका संघर्ष संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणाोत है। योगी ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह जी का जीवन और संदेश सत्य, निष्ठा एवं निर्भीकता के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। उनका योगदान भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों की रक्षा में सदैव स्मरणीय रहेगा।

# पार्टी विधायकों की जातिगत बैठकों पर सख्त हुई भाजपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने संगठन के भीतर बढ़ती जातिगत गतिविधियों पर सख्ती दिखाते हुए अनुशासन मजबूत करने की पहल की है।

हाल के दिनों में पार्टी के भीतर अलग-अलग जातीय समूहों की बैठकों को लेकर नेतृत्व में असहजता देखी जा रही है। इसका ताजा कारण शीतकालीन सत्र के दौरान गोमतीनगर स्थित एक भाजपा विधायक के आवास पर पार्टी के 50 से अधिक ब्राह्मण विधायकों की बंद कमरे में हुई बैठक है, जिसे भोज के नाम पर आयोजित किया गया था। इस बैठक को लेकर नवनियुक्त प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कड़ा रुख अपनाया है। दरअसल अगस्त में मानसून सत्र के दौरान भाजपा के करीब 50 ठाकुर विधायकों की भी इसी तरह की बैठक हुई थी। लगातार हो रही ऐसी



बैठकों को लेकर पार्टी नेतृत्व को आशंका है कि यदि इन्हें रोका नहीं गया, तो ये संगठित दबाव समूह का रूप ले सकती हैं और पार्टी की समावेशी राजनीति की छवि को नुकसान पहुंचा सकती हैं। पंकज चौधरी ने बिना किसी बैठक का नाम लिए स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार की जाति-आधारित बैठक को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा 'परिवार या जाति आधारित राजनी. ति' में विश्वास नहीं रखती। पंकज चौधरी ने कहा कि जो भी गतिविधि पार्टी की समावेशी विचारधारा को कमजोर करती है, उसे पार्टी संविधान के तहत अनुशासनहीनता माना जाएगा।

---



**सेंसेक्स** 85408.70
**निफ्टी** 26142.10



**सोना रु.** 138320
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 234000
प्रति किलो



# सुधारों से 2025 में आगे बढ़ी देश की अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली, वार्ता

समाप्ति की ओर अग्रसर वर्ष 2025 भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में अभूतपूर्व सुधारों का साक्षी बना और तमाम वैश्विक चुनौतियों तथा पश्चिमी सीमा पर पड़ोसी देश के साथ सैन्य टकराव के बीच लंबे समय बाद एक दुर्लभ स्थिति बनी है जहां अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण संकेतक पूरी तरह अनुकूल हैं।

इस समय दुनिया के सबसे बड़े बाजार अमेरिका में सर्वोच्च 50 प्रतिशत के आयात शुल्क का सामना कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पिछली दो तिमा. हियों में औसतन आठ प्रतिशत के स्तर पर है। इसके साथ ही मुद्रास्फीति एक दशक के निचले स्तर पर है और रिजर्व बैंक की नीतिगत दरें भी इस साल लगातार नीचे आ रही हैं। डॉलर की तुलना में रुपये की विनिमय दर में गिरावट के बावजूद चालू खाते का घाटा सीमित है और विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के करीब मजबूत बना हुआ है। वैश्विक एजेंसियों और विश्लेषकों ने भारतीय



अर्थव्यवस्था की इस वर्तमान स्थिति का श्रेय देश में आर्थिक सुधारों में निरंतरता और राजक. ोषीय तथा मौद्रिक नीति में तालमेल को दिया है। यही कारण है कि चालू वित्त वर्ष में प्रमुख वैश्विक रेटिग एजेंसियों ने विदेशी ऋणों के लिए भारत की साख में सुधार किए हैं। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। आर्थिक गतिविधियों में तेजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के खरीद प्रबंधक सूचकांक 50 से ऊपर बने हुए हैं। दिसम्बर के पहले सप्ताह में जारी आंकड़ों के अनुसार नवम्बर में विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई 55.7 और सेवा क्षेत्र का 59.1 था। अगस्त में देश के सबसे बड़े निर्यात बाजार अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर दो बार में कुल 50 प्रतिशत का दंडात्मक आयात शुल्क लगाने के बाद पूंजी और वित्त बाजार में गहरी चिता व्याप्त हो गई थी। इसके अलावा रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया के संकट के प्रभाव बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जुलाई. सितम्बर तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जो जनवरी-मार्च 2024 के बाद सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा है। घरेलू अर्थव्यवस्था में गतिविधियां पिछली चार तिमाहियों से निरंतर बढ़ रही हैं। इस साल जनवरी-मार्च में जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत और अप्रैल-जून में 7.8 प्रतिशत रही थी। भारत पिछले कई वर्षों से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। सरकार ने वैश्विक चुनौतियों के बीच घरेलू मांग को प्रोत्साहित करने वाले एक बड़े कदम के तहत 22 सितम्बर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में बड़ी कटौती का निर्णय लागू किया। जीएसटी परिषद ने तीन सितम्बर की बैठक में इस अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में बुनियादी सुधार करते हुए इसे चार स्लैब की जगह दो स्लैब में पुनर्गठित करने का ऐतिहासिक फैसला किया।

### रिलायंस को उम्मीद, नए साल में सुलझेगा 24.7 करोड़ डॉलर का विवाद

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नए साल में केजी बेसिन पर सरकार के साथ 24.7 करोड़ डॉलर का विवाद सुलझने की उम्मीद जताई है। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस विवाद अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अंतिम चरण में है और साल 2026 में इस पर फैसला आ सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास साल 2002 से केजी-डी6 ब्लॉक का परिचालन है। कंपनी ने तर्क दिया है कि उत्पादन साझेदारी अनुबंध के तहत गठित प्रबंधन समिति, जिसमें सरकार के दो प्रतिनिधि शामिल हैं, हर फैसले पर वीटो का अधिकार रखती है। कमेटी की पूर्व स्वीकृति के बिना न तो कोई खर्च किया जा सकता है और न ही कोई निर्णय लागू होता है। रिलायंस के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने इन सभी प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन किया है और अब तक सरकार ने कंपनी पर किसी अनियमितता का आरोप भी नहीं लगाया है।

# चावल व चीनी नरम, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए जबकि गेहूं में कमोबेश टिकाव की स्थिति रही।

चीनी में भी नरमी देखी गई। वहीं दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 13 रुपये टूटकर 3,829 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,857 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा आठ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल औसतन 55 रुपये और मसूर दाल 45 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल भी 35 रुपये टूट गई। मूंग दाल और उड़द दाल के दाम 10.10 रुपये



प्रति क्विंटल बढ़ गए। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 98 रुपये और वनस्पति 76 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 28 रुपये और सोया तेल की दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मूंगफली तेल 114 रुपये और सूरजमुखी तेल दो रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। वहीं चीनी में पांच रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7766.52 रुपये, मसूर काली 8127.93 रुपये, मूंग दाल 10106.60 रुपये, उड़द दाल 10369.04 रुपये, तुअर दाल 10540.84 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.44 रुपये और चावल 3828.79 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.30 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4318.70 रुपये और गुड़ 5030.04 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17769.40 रुपये, मूंगफली तेल 17734.93 रुपये, सूरजमुखी तेल 15864.06 रुपये, सोया तेल 13811.80 रुपये, पाम ऑयल 12524.07 रुपये और वनस्पति 14596.38 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या नवम्बर में पहली बार डेढ़ करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या इस साल नवम्बर में सालाना आधार पर 6.92 प्रतिशत बढ़कर एक करोड़ 52 लाख 38 हजार पर पहुंच गई। यह पहली बार है, जब किसी एक महीने में डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों ने हवाई यात्रा की है। इससे पहले अधिकतम आंकड़ा दिसम्बर 2024 में दर्ज किया गया था जब एक करोड़ 49 लाख 28 हजार लोगों ने हवाई यात्रा की थी।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी से नवम्बर तक 11 महीने में कुल 15 करोड़ 26 लाख 35 हजार लोगों ने हवाई यात्रा की है। यह पिछले साल की समान अवधि से 4.26 प्रतिशत अधिक है। खास बात यह है कि नवम्बर में यह रिकॉर्ड तब बना है जब इस साल दीपावली और छठ के पर्व अक्टूबर में ही समाप्त हो चुके थे, जब अमूमन मांग काफी अधिक होती है। आंकड़ों के अनुसार भरी सीटों का अनुपात (पीएलएफ) के मामले अकासा एयर 93.8 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रही। इंडिगो 88.7 प्रतिशत के साथ दूसरे और स्पाइसजेट 87.7 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। एयर इंडिया समूह का पीएलएफ 87.5 प्रतिशत और इंडियावन एयर का 82.7 प्रतिशत रहा। यात्री संख्या के मामले में नवम्बर में इंडिगो और अकासा की बाजार हिस्सेदारी घट गई, जबकि एयर इंडिया समूह (एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस) और स्पाइसजेट की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई। इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी अक्टूबर के 65.6 प्रतिशत के कम होकर 63.6 प्रतिशत रह गई। एयर इंडिया समूह की हिस्सेदारी 26.7 प्रतिशत, अकासा की 4.7 प्रतिशत और स्पाइसजेट की 3.7 प्रतिशत रही।

देश के छह मेट्रो शहरों दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में समय पर उड़ान भरने के मामले में अकासा एयर 72.2 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रही। एयर इंडिया समूह की 69.1 प्रतिशत उड़ानें, इंडिगो की 69 प्रतिशत, अलायंस एयर की 59 प्रतिशत और स्पाइसजेट की 48.4 प्रतिशत समय पर रवाना हुईं। समय पर उड़ानों को रवाना करने के मामले में 86.4 प्रतिशत के साथ चेन्नई एयरपोर्ट पहले स्थान पर रहा। इसके बाद क्रमशः बेंगलुरु एयरपोर्ट से 78.6 प्रतिशत, हैदराबाद से 75.5 प्रतिशत, कोलकाता से 74.4 प्रतिशत, दिल्ली से 62.2 प्रतिशत और मुंबई से 50.1 प्रतिशत उड़ानें समय पर रवाना हुईं।

# एसडीएम का आदेश रद्द, 20 लाख का जुर्माना

## इलाहाबाद हाई कोर्ट बोला- जमीन के रिकॉर्ड में बदलाव अवैध

लखनऊ, वार्ता

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने जमीन के मालिक का नाम हटाने और निर्माण ढहाने के एक मामले में सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने मालिक को सुनवाई का अवसर दिए बिना अभिलेखों से उसका नाम हटाने और जमीन पर बने ढांचे को ध्वस्त करने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए भूमि प्राधिकरण को फटकार लगाई है। कोर्ट ने एसडीएम द्वारा पारित आदेश रद्द कर दिया है, साथ ही जमीन का कब्जा याचिकाकर्ता को देने का आदेश दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने सरकार पर 20 लाख रुपए का हर्जाना भी लगाया।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि मुआवजे की यह राशि याचिकाकर्ता को दो महीने के अंदर दी जाए। यही नहीं कोर्ट ने राजस्व अधिकारियों की भूमिका



की जांच करने का भी आदेश दिया है।

कोर्ट ने कहा है कि यह जांच अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए। यह आदेश जस्टिस आलोक माथुर की सिंगल बेंच द्वारा सावित्रि सोनकर की तरफ से दायर याचिका की सुनवाई करते हुए 19 दिसंबर को पारित किया गया। याचिकाकर्ता ने कहा था कि रायबरेली जिले के देवनंदनपुर गांव में खाता संख्या 431 बी की जमीन का स्वामित्व उसके नाम था और राजस्व रिकॉर्ड में भी उसके नाम दर्ज था। याचिकाकर्ता का कहना है कि इसके बावजूद संबंधित उपजिलाधिकारी (एसडीएम) ने बिना सुनवाई के राजस्व संहिता की धारा 38 के तहत 10 फरवरी को कार्रवाई की और रिकॉर्ड से उसका नाम हटा दिया गया। इसके साथ ही जमीन को ग्राम सभा की जमीन घोषित कर दिया गया। इस आदेश के आधार पर 24 मार्च को याचिकाकर्ता का निर्माण ढहा दिया गया और जमीन वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग को सौंप दी गइ। कोर्ट ने इस मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए अपने आदेश में कहा कि रिकॉर्ड में बदलाव अवैध और मनमाने तरीके से किया गया। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को कोई नोटिस नहीं दिया गया और न ही उसका पक्ष सुना गया। जिसके बाद कोर्ट ने एसडीएम द्वारा पारित आदेश रद्द करते हुए इस मामले में राजस्व अधिकारियों की भूमिका की जांच करने का आदेश दिया है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन

**लखनऊ।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिदू समुदाय, पर कथित अत्याचार के विरोध में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

**■ लखनऊ में भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर उतरे**

प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री यूनुस खान और कट्टरपंथी तत्वों का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान नारेबाजी करते हुए उन्होंने बांग्लादेश में हिदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे कथित उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं का कहना था कि बांग्लादेश में हिदू समुदाय के खिलाफ लगातार हिसा और भेदभाव की खबरें सामने आ रही हैं, जो गंभीर चिता का विषय हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप करने और बांग्लादेश सरकार पर उचित कार्रवाई का दबाव बनाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा सभी देशों की जिम्मेदारी है और भारत को पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में संपन्न हुआ। कार्यकर्ता इशरार बेग ने कहा कि यह प्रदर्शन बांग्लादेश में हिदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ है। वहां के प्रधानमंत्री यूनुस खान का पुतला फूंका जा रहा है। वहां की सरकार को जल्द ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए।

# प्रस्तावित योजनाओं की ढीली प्रगति पर प्रभारी मंत्री नाराज़

## मंत्री सोमेंद्र तोमर ने अधिकारियों के साथ समस्त विभागों की समीक्षा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के प्रभारी मंत्री सोमेंद्र तोमर ने लोक निर्माण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा ऊर्जा निगम के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

विकास भवन सभाकक्ष में बैठक के दौरान लंबित योजनाओं पर उन्होंने जवाब मांगते हुए उन्हें शीघ्र पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और विकास कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण किया जाना चाहिए उन्होंने विशेष रूप से सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया। बैठक में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने जनपद में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए अब तक किए गए कार्यों और आगामी कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने कानून-व्यवस्था से संबंधित बिंदुओं पर जानकारी साझा की और विभागीय समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने, जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण करने और शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता को मूलभूत सुविधाओं का लाभ समय पर मिलना सरकार की प्राथमिकता है।



# सर्द रात में व्यवस्था परखने निकलीं पालिका चेयरपर्सन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सर्दी के मौसम में बेसहारा लोगों के लिए नगर पालिका की व्यवस्थाओं को परखने निकली चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने आमजन से सीधा संवाद कर विभिन्न क्षेत्रें का भ्रमण किया। उन्होंने नगर पालिका के शेल्टर होम का औचक निरीक्षण कर वहां ठहरने वाले लोगों को उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति देखी। उन्होंने अपने साथ मौजूद रही अधिशासी अधिकारी एवं अन्य अधिकारियो को निर्देश दिए की किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। इसके बाद पालिका अध्यक्ष शिव चौक पहुंचीं, जहां भगवान शिव की आराधना की। वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरूद्वारा गुरु सिंह सभा में पहुंचकर गुरुवाणी का पाठ सुना और मत्था टेका। शिव चौक पर शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ को नमन करते हुए अर्चना की। नगरपालिका अध्यक्ष ने धार्मिक स्थलों पर सहभागिता के साथ उन्होंने सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों का संदेश दिया।

शहर में चल रही अलाव व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया, ताकि जरूरतमंदों को दी जा रही सुविधा को धरातल पर परखा जा सके और व्यवस्था के सुदृढ़ होने से राहत मिल सके। भ्रमण के इसी क्रम में नुमाइश कैंप कॉलोनी में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने पूर्व विधायक अशोक कंसल, सभासद सतीश कुकरेजा, मनोज वर्मा, हिमांशु कौशिक सहित अन्य लोग के साथ प्रसाद स्वरूप दूध वितरण किया गया। नगर में किए गए इस व्यापक भ्रमण को जनता से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली और इसे जनहित में एक सक्रिय पहल के रूप में देखा गया।

# विनय त्यागी की मौत के बाद पैतृक गांव में सन्नाटा पसरा

**मुजफ्फरनगर।** गांव खाईखेडी निवासी कुख्यात हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी की शनिवार की सवेरे ऋषिकेश एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। विनय त्यागी की मौत के बाद उसके पैतृक गांव में सन्नाटा पसरा है। विनय त्यागी की पत्नी नीशू त्यागी दो बार पुरकाजी क्षेत्र में ब्लॉक प्रमुख रह चुकी है। विनय भी अपराध की दुनिया से राजनीति में कदम रखने की फिराख में था और सहारनपुर के देवबंद से विधानसभा चुनाव भी लड़ चुका था। पुलिस हिरासत में कोर्ट पेशी के लिए ले जाते समय हुए हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया था। 24 दिसम्बर को हरिद्वार के लक्सर फ्लाई ओवर पर बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग की थी जिसमें विनय त्यागी को गोलियां लगी थी और उन्हे उपचार के लिए ऋषिकेश के ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराया गया था जहां उनका इलाज चल रहा था।

# स्कूल के एक शिक्षक ने उपचार कराने का अपना वायदा तोड़ा....

**बुढ़ाना।** एक शिक्षिका के परिजनों ने एक स्कूल के प्रिंसिपल के विरुद्ध बुढ़ाना कोतवाली में एक तहरीर दी है। जिसमें बताया गया है कि उनके स्कूल में पढ़ाते समय जर्जर हालत में छत का पंखा गिरने से अध्यापिका घायल हो गयी। अब अस्पताल में भर्ती पीड़िता के विकलांग परिजनों ने कोतवाली में शिक्षक के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कस्बे के एक स्कूल में लगभग तीन माह पूर्व जर्जर हालत में स्कूल में पढ़ाते समय छत का पंखा गिरने से अध्यापिका मीनू गंभीर रूप से घायल हो गई थी, लेकिन दोनो पक्षो में समझौता हो गया था। जिसमें स्कूल के प्रिंसिपल ने सारा खर्चा उठाने का जिम्मा लिया था तो वहीं अब परिजनों का आरोप है कि स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा कुछ उपचार के लिए धनराशि देकर बाद में मना कर दिया गया। जिसके चलते पीड़ित परिजन आज शनिवार के दिन बुढाना कोतवाली में पहुंचे और स्कूल के प्रिंसिपल के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया और कार्रवाई की मांग की। उधर स्कूल की अध्यापिका मीनू की गंभीर हालत बताई गयी है। जिसके चलते उसका ऑपरेशन विकलांग माता पिता के द्वारा गांव से उधार पैसे उठाकर करवाया जा रहा। बताया जाता है कि स्कूल में छत से पंखे गिरने की आम बात हो चुकी है। उसके बाद भी स्कूल की छत से पंखा हटाया नहीं गया है। अब पीड़ित परिजनों ने स्कूल के उक्त प्रिंसिपल के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# चोरी का खुलासा नहीं हुआ तो होगी पंचायत

## भाकियू टिकैत के प्रदेश महासचिव ने की खुलासे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** तितावी क्षेत्र के गांव सालाखेडी में रिटायर्ड प्रिंसिपल के घर में हुई लाखों की चोरी की घटना को लेकर ग्रामीण व किसान यूनियन नाराज दिखाई पड रही है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश महासचिव धीरज लाटियान ने तो चोरी की इस घटना के खुलासे के लिए पंचायत तक की घोषणा कर दी है। उन्होने कहा कि यदि पुलिस ने जल्द ही इस घटना का खुलासा नहीं किया तो 36 बिरादरी की पंचायत भी हो सकती है। उन्होने आस-पास के ग्रामीण व किसानों से भी पंचायत में हिस्सा लेने की अपील की है, हालांकि धीरज लाटियान इसे डकैती की वारदात बता रहे है, जबकि पुलिस का कहना है कि तहरीर चोरी की दी गई है। अब घटना चोरी की हो या कुछ ओर हो फिलहाल ग्रामीण व किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी की चेतावनी से साफ हो रहा है कि घटना बड़ी है और यदि खुलासा नहीं हुआ तो पंचायत होगी।

बता दे कि विगत दिवस तितावी क्षेत्र के गांव सालाखेडी निवासी दीपक कुमार ने पुलिस को सूचना देकर बताया था कि बदमाशों ने उसके घर सालाखेडी में 25 से 30 लाख तक की जिनमें नगदी व जेवर शामिल है, चोरी हुई है। गांव में उसके पिता रिटायर्ड प्रिंसिपल साहब सिंह और उनकी माता रहती है, जबकि दीपक मेरठ में अपने परिवार के साथ रहते है। घटना से समय दीपक के माता-पिता उनके घर पर मेरठ थे और घर पर ताला लगा हुआ था बदमाशों ने चोरी की वारदात के समय जहां डीवीआर भी अपने साथ ले गए और यहां लगे सीसीटीवी कैमरों का रूख मोड दिया था, हालांकि पुलिस के अधिकारी और स्थानीय पुलिस घटना के खुलासे के लिए भागदौड कर रही है, लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ कोई ऐसा सुराग नहीं लग सका जिससे पुलिस अपराधी तक पहुंच सके।



मुजफ्फरनगर: भ्रमण के दौरान नुमाईश कैम्प कॉलौनी में दूध का वितरण करतीं चेयरपर्सन।

# लोन दिलाने के नाम पर हड़पी जमीन की फर्द

**बुढ़ाना।** एक ठग ने एक महिला से लोन कराने के नाम पर जमीन की फर्द, बाइक व 30 हजार रुपये ठग लिए। जुल्लो पत्नी मांगा ने बुढ़ाना सीओ को बताया कि उसे अपनी पुत्रियों की शादी करनी थी जिसके लिये उसे कुछ रुपयो की जरुरत थी। बीते 1 अगस्त को उसके घर जाहिद पुत्र जमीरु निवासी गांव अशरफाबाद थल रमाला जिला बागपत आया हुआ था। उसने उनसे कहा कि तुम्हे फिक्र करने की जरुरत नही है। तुम दोनों का दो दो लाख रुपये का बैंक से लोन करा दूंगा। इसके लिये जमीन की फर्द, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक की कापी, फोटो तथा 30 हजार रुपये देने पड़ेंगे। लोन कराने की पेरवाई करने के लिये मोटर साईकिल भी देनी पडेगी। जिसकी बातो पर विश्वास करके उन्होंने कागजात तथा 30 हजार रूपये दे दिये। कुछ रूपये फोन पेय से तो कुछ नकद तथा मोटर साईकिल दे दी। जिसके बाद लगातार वह उनको बहकाता आ रहा था तथा बहानेबाजी बनाकर उनके साथ धोखाधडी करता चला आ रहा है। उसने लगभग 1 माह से फोन उठाना भी बन्द कर दिया है। उसके छल कपट धोखाधडी तथा झूठे फरेब के कारण उसकी की पुत्रियों के रिश्ते भी टूट गये। उसने उनके साथ छल कपट धोखाधडी व अमानत में ख्यानत की है। जिस कारण उनकी मानसिक, आर्थिक सामाजिक छवि को भारी हानि हुई है। उसने उनके रुपये व बाइक तो वापिस दे दी मगर उसकी भूमि की फर्द नहीं दी। उन्हें डर है कि वो जमीन की फर्द का दुरुपयोग न कर ले।



# साहिबजादों के बलिदान दिवस पर लघु फिल्म दिखाई

- पार्टी कार्यालय पर भाजपाईयों ने बलिदान को याद कर किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गांधीनगर स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर सिख समाज के अमर नायक श्री गुरु गोविंद सिंह के वीर साहिबजादों के अमर बलिदान वीर बाल दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चार साहिबजादों के अद्भुत शौर्य, त्याग और धर्मरक्षा के बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन कर कार्यकर्ताओं के द्वारा भावनात्मक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता जिले के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार में ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर रहे। श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान स. सतपाल सिंह मान ने कहा कि वीर साहिबज़ादों ने अत्यंत कम आयु में जिस असाधारण साहस, आत्मबल और धर्म एवं राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण का परिचय दिया, वह भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है।



उन्होंने कहा कि साहिबज़ादों का बलिदान हमें यह सिखाता है कि सत्य और धर्म की रक्षा के लिए किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होंने सिख समाज की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने चार साहिबजादों के बलिदान पर वीर दिवस घोषित कर सबसे बड़ा सम्मान दिया है। एसएलसी वन्दना वर्मा, पूर्व विधायकों अशोक कंसल, प्रमोद उटवाल और उमेश मलिक ने भी अपने विचार रखते हुए साहिबजादो के बलिदान को याद किया।

कार्यक्रम संयोजक सुनील दर्शन, सह संयोजक अंचित मित्तल और पंकज माहेश्वरी, रक्षित नामदेव के अलावा पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह, यशपाल पंवार, सुरेन्द्र देव शर्मा, डॉ. पुरुषोत्तम, प्रदीप सैनी, शरद शर्मा, डॉ. सुभाष चंद शर्मा, विजय सैनी, अभिजीत सिंह गंभीर, अजित सिंह मलिक, हरजिंद सिंह चावला, देवेन्द्र सिंह चडढा, मांटू चावला, राजू अहलावत, संजय गर्ग, अभिषेक चौधरी, प्रवीण खेड़ा, दीपक मित्तल, पुरोहित वाल्मीकि, अमित वत्स, सचिन सैनी, गीता जैन, ममता अग्रवाल, महेशो चौधरी, बॉबी सिंह, अमित पटपटिया, विशाल गर्ग, शोभित मित्तल, योगेश मित्तल, दिनेश पुंडीर, पिंटू त्यागी, जगदीश पांचाल, राजीव गर्ग, प्रमेश सैनी, सुधीर खटीक, नन्द किशोर, आदेश गौतम, अभिषेक गुप्ता सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिजली की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों का धरना

## किलोवाट में बढ़ोत्तरी, फर्जी एफआईआर का आरोप, एसडीओ व तहसीलदार मौके पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** कस्बेवासी व किसानों की बिजली समस्या फर्जी कनेक्शन और फर्जी एफआईआर का आरोप लगाते हुए भाकियू ने बिजलीघर पर धरना दिया। इस दौरान धरने के बीच पहुंचे तहसीलदार के आश्वासन के बाद शाम के समय धरना समाप्त कर दिया गया, लेकिन साथ ही यह भी चेतावनी दी गई कि यदि समस्या का हल नहीं हुआ तो वह इससे भी बड़ा धरना देंगे।

यह धरना चरथावल ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी के नेतृत्व में विभिन्न विद्युत एवं अन्य समस्याओं को लेकर धरना दिया गया। धरने के बीच एसडीओ आशीष यादव और नायब तहसीलदार किसानों के बीच पहुंचे जहां किसानों द्वारा दिए गए ज्ञापन को देते हुए समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। ज्ञापन में किसानों ने कई प्रमुख मांगें रखीं। इनमें बिजली की आपूर्ति में गड़बड़ी, जर्जर बिजली लाइनों को तुरंत ठीक कराने, लाइनमैन और जेई द्वारा कथित तौर पर लापरवाही, और किसानों की समस्याओं पर अधिकारियों द्वारा सुनवाई न होने जैसे अनेको मुद्दे शामिल थे। इसके अतिरिक्त, किसानों ने आवारा पशुओं के कारण हो रहे सड़क हादसों पर चिंता व्यक्त की और उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखने की मांग की। उन्होंने बिजली बिलों में छूट और उसके समय से संबंधित मुद्दों के समाधान की भी अपील की। ग्रामीणों का कहना था कि उनको जानकारी भी नहीं और एक किलो और दो किलोवाट को तीन से चार किलोवाट तक कर दिया गया और उनके खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज करवाए गए है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी, कुलदीप त्यागी, बबलू प्रधान, सलीम अंसारी, सत्तार प्रधान, बधाई कला प्रधान धर्मेंद्र, दीपक प्रधान आदि मौजूद रहे।




मुजफ्फरनगर: सुबह सवेरे घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा जन-जीवन।

# अध्यापक पर हमले के आरोपी दबोचे

## 12 दिनों बाद पुलिस ने किया घटना का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** कॉलिज से लौट रहे अध्यापक पर बाइक सवार तीन युवकों ने जानलेवा कर घायल कर दिया था।आरोपी मौके से फरार हो गए थे।मोरना-भोकरहेड़ी मार्ग पर अंजाम दी गयी घटना से जहां क्षेत्र मे सनसनी फैल गई थी वहीं पीड़ित अध्यापक सहित कॉलिज स्टाफ व प्रबंधन ने घटना के खुलासे की मांग की थी। पुलिस अज्ञात हमलावरो की तलाश में जुटी हुई थी कि शुक्रवार को पुलिस ने आरोपियों को चाकू संग गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के खुलासा के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी स्थित इंटर कॉलेज में तैनात शिक्षक अमित कुमार राणा निवासी मीरापुर खुर्द थाना खतौली, बीते 15 दिसंबर को कॉलिज से छुटी के बाद बाइक पर सवार होकर मुजफ्फरनगर लौट रहे थे।

जैसे ही वह मोरना मार्ग पर छछरौली स्थित तालाब के पास पहुंचे तभी अज्ञात हमलावरो ने बाईक को ज़बरदस्ती रोक कर अध्यापक अमित राणा पर धारदार वस्तु से हमला कर घायल कर दिया था। घटना के बाद कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण चौधरी, पूर्व चौयरमैन राजेश कुमार सहित स्टाफ के व्यक्ति थाने पहुंचे और पुलिस से आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाहीं की मांग की थी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। सीओ भोपा देवव्रत वाजपेई ने बताया की किसी मामले को लेकर युवकों की अध्यापक से रंजीश चल रही थी। आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से आरोपियों का पता लगाया। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के छछरौली-भोपा मार्ग से दो आरोपियों अभिषेक निवासी भोकरहेडी व उसके साथी अभिनव निवासी मोरना को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के कब्जे से चाकू बरामद हुए है।जबकि एक आरोपी फरार हैं, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# एसआईआर: जिले की छह विधानसभा में 83.69 फीसदी डिजीटाइजेशन

**मुजफ्फरनगर।** जनपद की छह विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर अभियान अभियान के बाद 83.69 फीसदी डिजीटाइजेशन का काम पूरा हुआ है। इसमें 2.58 लाख वोटरों के नाम काटे गए है। सबसे ज्यादा बुढ़ाना में 86.64 फीसदी व मुजफ्फरनगर में 75.13 प्रतिशत वोट सही पाए गए है। इसके अलावा 57244 वोटर मृतक मिले है, जबकि 27891 वोटर डुप्लीकेट मिले है। ऐसे में छह विधानसभा क्षेत्रों में 2.58 लाख वोटरों के नाम कटे है। चरथावल विधानसभा में 84.66, मीरांपुर विधानसभा में 86.76, मुजफ्फरनगर में 75.13 प्रतिशत, पुरकाजी में 83.44 व खतौली में 86.2 प्रतिशत काम हुआ।

# परिचित ही निकले दुकान में चोरी करने वाले

## खालापार पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर चोरी की नकदी बरामद की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** घटना के बाद पुलिस जिस चोरी को संदेह से देख रही थी आज उसका खुलासा करते हुए पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रचूनियां के घर हुई चोरी की वारदात में पीड़ित के परिचित ही निकले और उन्होने पुलिस पूछताछ में बताया कि नशे की लत के चलते हुए चोरी की घटना हुई थी पुलिस ने आरोपियों से एक लाख की नगदी भी बरामद करने का दावा किया है।

खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने बताया कि 25 दिसम्बर को गांव सुजडू के मौहल्ला कुंगर पट्टी निवासी सहादत हुसैन की दुकान में चोरी की घटना हुई थी। सहादत हुसैन ने पुलिस को बताया था कि बदमाश उसकी दुकान में छत के रास्ते से आए और 24/25 की रात्रि में गल्ले में रखी एक लाख की नगदी चोरी कर ली। उन्होने बताया कि मेरठ मण्डल के पुलिस अधिकारियो के निर्देशन में उन्होने एक टीम बनाई और सहादत द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया इसके बाद पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक किया और शाहनूर पुत्र सलीम और अकरम पुत्र गुलफाम निवासी कुंगर पट्टी सुजडू को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि पकडे गए आरोपियों का पीड़ित सहादत के घर आना-जाना था और उन्होने ही चोरी की घटना की थी।



इंस्पेक्टर चौहान ने यह भी बताया कि दोनो नशे के आदी है और इसी के चलते उन्होने एक लाख की नगदी चुराई और आपस में बांट ली थी। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ लिखापढ़ी की और जेल भेज दिया। बता दे कि घटना के समय पुलिस चोरी की इस घटना को संदेह से देख रही थी, लेकिन खुलासे के बाद साबित हो गया कि बदमाशों ने सहादत की दुकान में चोरी की थी और पुलिस ने भी जल्द ही खुलासा कर दिया।

# प्लॉट के नाम पर दो लोगों से हड़पे आठ लाख

## दबंग ने तीसरे युवक के प्लॉट पर कराया कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक भूमाफिया पर 2 लोगों ने 07 लाख 70 हजार रुपये प्लाट दिलाने के नाम पर हडपने तो तीसरे पीडित ने भूमाफिया पर उसके प्लाट पर किसी व्यक्ति का कब्जा कराने का आरोप लगाकर बुढाना सीओ को अलग अलग तीन प्रार्थना पत्र दिए। तीनों पीड़ितों के यहां आज सीओ आफिस में बयान हुए। सीओ ने पीड़ितों को कार्यवाही का आश्वासन दिया है।



पहला केस- हारुन पुत्र वकील निवासी गांव खेडीगनी ने सीओ को बताया कि लुहसाना रोड नहरवाई क्वार्टर से आगे दरोबस्त एक प्लाट जिसका क्षेत्रफल 350 वर्ग गज जिसके पूरब में प्लाट हसन अहमद, पश्चिम में रास्ता 15 फुट चौडा है। बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा 31 जुलाई 2018 को हसन निवासी मौहल्ला काजीवाडा बुढाना से खरीदा था। जिसका रजिस्टर्ड बैनामा उसकी मां नफीसा पत्नी वकील के नाम हुआ था। उसने प्लाट की चारदीवारी कर उसमें एक कमरा बनाया है। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है। वह अपने परिवार संग मजदूरी करने बाहर गया था। जब वह अपने परिवार संग लौटा तो उसके मकान पर प्रोपर्टी डीलर इस्तकार उर्फ भोटा पुत्र असरार निवासी लोई हाल निवासी लुहसाना रोड नहरवाई क्वार्टर के आगे बुढाना ने अपने परिचित व्यक्ति का कब्जा करा दिया। जब उसने भोटे से कहा कि हमारी गैर हाजरी में हमारे मकान पर कब्जा क्यों कराया तो भोटे ने उसके साथ गाली गलौच कर धमकी दी कि हम प्रोपर्टी डीलर हैं। हमारा यही काम है। यदि कोई कार्यवाही या कब्ज़ा लेने का प्रयास किया तो जान से मार देगे। उसे पता लगा कि भोटे ने 6 माह से कब्जा करा रखा है। पीड़ित ने सीओ से मकानध कब्जा मुक्त करने की मांग की है।

दूसरा केस- मोहसीन पुत्र सगीर निवासी चंधेडी रोड बुढाना ने बताया कि उसने भोटा आदि से एक प्लाट 150 वर्ग गज का जिसके साढ़े 3 लाख रुपये हमने जमा किए मगर आज तक हमें प्लाट का बैनामा नही कराया तथा प्लाट को किसी अन्य व्यक्ति को बेंचकर उसका बैनामा करा दिया। हमने भोटे से कहा तो कहने लगा कि हमसे भूल हुई। आपको हम पैसे वापिस कर देंगे। पैसों के लिये भोटे ने पीएनबी का साढ़े 3 लाख रुपये का एक चेक दिया जो बाउंस हो गया। भोटा वकास प्रोपटीज बुढाना के नाम से अपने भतीजे महताब चौहान का गलत तरीके से दफ्तर बनाकर लोगो के साथ धोखाधड़ी करता है। यह भूमाफिया है। भोटे को उसने कई बार रुपयो देने को कहा मगर भोटा अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तथा उसे कार्यवाही करने पर हत्या की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने भोटे से अपने रुपये दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

तीसरा केस- खुर्शीदा पत्नी शमशाद अली निवासी मौहल्ला मण्डी दक्षिणी टू चन्धेडी रोड बुढाना ने बताया कि मैंने अपने विकलांग बेटे आरिफ के लिये प्रोपर्टी डीलर भोटे आदि से 200 वर्ग गज का प्लाट 21 सौ रुपये प्रतिगज के हिसाब से 4 लाख 20 हजार रुपये जमा करके लेना चाहा तो फाईनल रसीद देने के लिये यह कह दिया कि मैं तुम्हे रसीद ला दूंगा लेकिन आज तक वह हमें फाईनल की रसीद नहीं दे पाया। एक रसीद ये कहकर ले गया कि मैं तुम्हे फाईनल की रसीद बनाकर दूंगा। जिसमें पूरा हिसाब लिखा था मगर आज तक इसने हमें फाईनल की रसीद नही दी। जब पति ने बैनामा कराने के लिये भोटे को कहा तो उसने कहा कि कुछ बैनामे इकठे हो जायेंगे तब बैनामा करेंगे। यह कहते कहते 10 वर्ष बीत गये। भोटा दबंग हैं जिसने बकास प्रोपर्टीज बुढाना के नाम से फर्म बनाई है। भोटा हमें हत्या की धमकी दे रहा है। उसने छोटे बेटे जावेद की पिटाई की। पीड़िता ने 200 वर्ग गज का बैनामा कराने या उसकी रकम भूमाफियाओं से दिलाने की मांग की है।

### धोबी के बदला कोट तो मांगे 10 हजार रुपये

**बुढ़ाना।** एक व्यक्ति ने एक वाशरमेन को अपना महंगा कोट ड्राइक्लीन के लिए दिया तो वह वाशरमेन से बदला गया। उसका कोट कोई और व्यक्ति अपना बताकर ले गया और अपना कोट छोड़ गया। अब जिस व्यक्ति का कोट गायब हुआ है उसने वाशरमेन से अपने कोट की कीमत बताकर दस हजार रुपये मांगे हैं।

अब वाशरमेन पसोपेश में हैं कि वह क्या करें क्योंकि जो व्यक्ति उससे महंगा कोट ले गया है वो कौन है उसका पता नहीं लग पाया है। यह मामला कस्बे में चर्चा का विषय बना है क्योंकि व्यक्ति अपने कोट की मांग कर रहा है या फिर वाशरमेन को दस हजार रुपये देने को कह रहा है। मामला यह है कि मो. निस नाम का एक युवक बुढ़ाना कस्बे की नई बस्ती के एक वाशरमेन को विगत दिवस अपना महंगा कोट धोने के लिए दे गया था। वायदे के मुताबिक जब शनिवार के दिन मोनिस अपना कोट लेने के लिए वाशरमेन के पास आया तो वाशरमेन ने उसको कोई और कोट ले दिया। तब मोसिन ने उस कोट को अपना नहीं बताया और लेने से इंकार करते हुए अपना महंगा नया कोट मांगा तो वाश. रमेन ने बताया कि शायद उसने भूल में किसी को उसका कोट ले दिया। बस फिर क्या था ग्राहक मोसिन ने वाशरमेन से अपना वही महंगा कोट मांगा और वही महरुम कलर का नया कोट नही देने पर दस हजार रुपये की गजब डिमांड कर डाली। इस दौरान हंगामा हो गया और मौके पर काफी भीड़ जमा हो गयी। अब वाशरमेन ने अपना नंबर सोशल मीडिया पर डालकर अज्ञात व्यक्ति से कोट मांगा है।

# जौला में हुई एआईएमआईएम की बैठक

**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी के निर्देश पर बुढाना ब्लाक क्षेत्र के गांव जोला में आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहाद. ुल मुस्लिमीन पार्टी के बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के संगठन मंत्री आसिफ मलिक के आवास पर आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक आवश्यक मीटिंग का सफल आयोजन किया गया।



जिसमें आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी को मजबूत करने पर बल दिया गया और मीटिंग में उपस्थित सभी पदा. धिकारियों और कार्यकर्ताओं की सहमति से गांव जौला के ही निवासी अमित कुमार पंडित को आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी का बुढ़ाना ब्लॉक का नया सचिव, जिशान अहमद को ग्राम के वार्ड नंबर दो से वार्ड का अध्यक्ष, जुबेर अहमद को वार्ड नंबर 10 का वार्ड अध्यक्ष ओर जुल्फिकार कस्सार को वार्ड नंबर 4 से वार्ड का अध्यक्ष बनाते हुए सभी को हाथों हाथ नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया।

इस दौरान मीटिंग में मुख्य रुप से जिला महासचिव आज़म फारूकी, यूथ जिला अध्यक्ष अब्दुल माजिद राणा, बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम, बुढ़ाना विधानसभा सचिव मुस्तफा राणा, बुढ़ाना मीडिया प्रचारक कादिर राणा, हाशिम मलिक, शमीम मलिक, साबिर राणा, आदिल, माजिद, राशिद, मीनू, जुबेर मलिक, जुल्फिकार, उस्मान राणा, अय्यूब राणा व आदिल राणा मौजूद थे।

### जाट धर्मशाला के अध्यक्ष का चुनाव हुआ स्थगित

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में स्थित प्राचीन जाट धर्मशाला के अध्यक्ष पद का चुनाव स्थगित हो गया है इस संबंध में एक मीटिंग का आयोजन भी किया गया जिसमें महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित जाट धर्मशाला एवं समाज सुधार सभा के चुनाव की तैयारी चल रही थी जिसको लेकर भारी उत्साह बना हुआ था। शनिवार को कालातीत अध्यक्ष मदनपाल सिंह ने जानकारी देकर बताया की जाट धर्मशाला एवं समाज सुधार सभा का चुनाव 25 दिसम्बर से 30 दिसम्बर के मध्य सम्पन्न होना था।किन्तु सहारनपुर मंडलायुक्त के आदेश पर चुनाव को स्थगित कर दिया गया। वहीं इस संबंध मे एक मीटिंग का आयोजन भी हुआ जिसमे मुख्य रूप से चौधरी विनय टिकैत, योगेंद्र एडवोकेट, मा. इक़बाल सिंह आर्य, यशपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, विरेंद्र सिंह,आदि मौजूद रहे।

# रालोद कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया जयंत चौधरी का 47वां जन्मदिन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का 47वां जन्मदिवस शनिवार को खतौली में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर युवा नगर अध्यक्ष गौरव शर्मा बंटी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में रालोद कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिवस मनाया और उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की।




कार्यक्रम की अध्यक्षता दिमाग सिंह ने की। इस दौरान रालोद के क्षेत्रीय महासचिव धर्मेंद्र तोमर ने कहा कि जयंत चौधरी किसानों, गरीबों और मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं।

युवाओं के सशक्तिकरण और उनके भविष्य निर्माण में उनका योगदान सराहनीय है।

युवा नगर अध्यक्ष गौरव शर्मा बंटी ने कहा कि खतौली में वार्ड स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा तथा युवाओं को बड़ी संख्या में पार्टी से जोड़ा जाएगा, जिससे जयंत चौधरी के नेतृत्व को नई ऊर्जा मिल सके।कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष हाजी नोसाद, जिला अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ भूपेंद्र प्रधान एवं जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ पंकज राठी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की एकजुटता और मजबूती पर जोर दिया।इस अवसर पर सजीव शर्मा, दानिश सभासद, देवेंद्र अहलावत, अमित चौधरी, अजित अहलावत, अंकुर चौधरी, युवराज तोमर, मोहित नावला, बंटी, शिवम आचार्य, रोहित, शाहिद, साजिद, आशुतोष, वंश सहित बड़ी संख्या में रालोद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खतौली विधानसभा के बूथ 307, 308 व 309 पर किया मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** विधानसभा क्षेत्र खतौली के अंतर्गत बूथ संख्या 307, 308 एवं 309 पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे एएसडी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत सूची का सत्यापन एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ बैठक आयोजित कर अभियान की प्रगति, कार्य की स्थिति और अब तक किए गए सत्यापन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। बैठक में बीएलओ संजीव मिश्रा, प्रशांत कुमार एवं सचिन कुमार ने अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में किए गए कार्यों की जानक. ारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन एवं सत्यापन की प्रक्रिया नियमानुसार की जा रही है। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि मृत, स्थानांतरित अथवा अपात्र मतदाताओं के नाम सूची से हटाने के साथ ही पात्र नए मतदाताओं के नाम अनिवार्य रूप से जोड़े जाएं, ताकि मतदाता सूची पूर्ण रूप से शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित रह सके। निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व सभासद पंकज भटनागर भी उपस्थित रहे।



उन्होंने बीएलओ से अभियान को पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ संचालित करने की अपील की तथा कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष और सही मतदाता सूची का होना अत्यंत आवश्यक है।

अधिकारियों ने अभियान की समय-सीमा के भीतर सभी निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिए और यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की गई कि वे अपने नाम, पता एवं अन्य विवरणों का समय रहते सत्यापन कर लें, जिससे भविष्य में मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# एक माह पुरानी शराब ठेका चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

## अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की नकदी व तमंचा-कारतूस बरामद

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कोतवाली खतौली पुलिस ने एक माह पूर्व शराब के ठेके पर हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गई नकदी के साथ एक अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद किया है।




पुलिस के अनुसार, 25 नवंबर की रात खतौली थाना क्षेत्र के गांव तिंगाई स्थित शराब के ठेके पर चोरों ने धावा बोलकर गल्ले में रखी करीब एक लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली थी। घटना के समय ठेका बंद कर सेल्समैन घर जा चुका था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने ताले तोड़ दिए और वारदात को अंजाम दिया।

बताया गया कि मुजफ्फरनगर के थाना नई मंडी क्षेत्र निवासी अजय चौहान पुत्र महावीर चौहान द्वारा जीटी रोड पर गांव तिंगाई के समीप शराब का ठेका संचालित किया जाता है। अगली सुबह आसपास के दुकानदारों ने ठेके में चोरी की सूचना संचालक को दी। मौके पर पहुंचने पर ठेके के ताले टूटे मिले, शराब की बोतलें जमीन पर बिखरी थीं और गल्ले का लॉक टूटा हुआ था। गल्ले में रखी लगभग एक लाख रुपये की नकदी व कुछ जरूरी कागजात चोरी हो चुके थे। पीड़ित अजय चौहान की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

शनिवार को चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम अभिषेक उर्फ गौरव पुत्र राजवीर, निवासी गांव तिंगाई, थाना खतौली बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से 7 हजार रुपये नकद, एक तमंचा व कारतूस बरामद किए।

इंस्पेक्टर दिनेश चंद बघेल ने बताया कि अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है तथा घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

### बुढ़ाना कस्बा में रहता है जबरदस्त जाम : मोनू

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना की जाम की वजह से हालत बहुत ही खराब है। यह बात आज शनिवार के दिन भारतीय जनता पाटह्न युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से व्यक्त की। उन्होंने बताया कि जनपद मुजफ्फरनगर के प्रशासनिक अधिका. रियों से निवेदन है कि कस्बा बुढ़ाना में जो अवरलोडिंग गन्ने के ट्रक एवं ट्रेक्टर ट्रॉले चलते हैं इनसे कस्बा बुढाना में चौधरी चरण सिंह तिराहे से लेकर खतौली मोड तक बहुत बड़ा जाम लगा रहता है। मरीजों की एम्बुलेंस, स्कूल और कॉलेज के बच्चों एवं आसपास के गांव के लोगों को बहुत ही बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। दिन में भी भीड़ भाड़ होने के कारण बड़ी घटना होने की भी आशंका बनी रहती है। इसलिए मेरा पुलिस प्रशासन से निवेदन है गन्ने से भरे अवरलोडिंग बड़े ट्रक एवं ट्रेक्टर ट्राले रात को नौ बजे से लेकर सुबह छह बजे तक अगर चलवाए जाएं तो कस्बा बुढ़ाना कस्बावासियों को बहुत ही बडी राहत मिलेगी।

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जो मैने सन् 2011 में ठाकुर खामबीर सिंह हरीप्यारी देवी इण्टर कालिज दादरी जनपद गौतम बुद्धनगर से उर्त्तीण की थी जिसका अनुक्रमांक सं- 0528798 है। वास्तव में कही खो गयी है जो काफी तलाश करने पर भी नही मिली है।

**महनाज फात्मा पुत्री मौ. फाजिल निवासी ग्राम छौलस, तहसील दादरी, जिला गौतम बुद्धनगर**

# आसपा की सभा में भारी भीड़ ने आयोजक में भरा जोश

## केंद्र प्रदेश की सरकार पर जमकर बरसे विनय रतन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भीम आर्मी के सुप्रीमो विनय रतन सिंह बुढ़ाना कोतवाली रोड सफीपुर पटी में एक स्थान पर आयोजित जनसभा में भाजपा की केंद्र और यूपी की सरकार पर जमकर बरसे और कहा कि इन सरकारों ने देश प्रदेश की जनता को हिंदू मुस्लिम में बांट दिया है। जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़ रहे हाजी नसीम अंसारी द्वारा आयोजित आजाद समाज पाटह्न और भीम आर्मी की जनसभा में उन्होंने दलित, पिछड़े और मुस्लिम समाज की एकता का आ]वान करते हुए नारा दिया वोट हमारा और राज तुम्हारा अब नहीं चलेगा। उन्होंने बाबा भीमराव अंबेडकर के कथन को दोहराते हुए कहा कि अब राजा रानी के पेट से पैदा नहीं होगा बल्कि गरीब और मजदूर के वोट से पैदा होगा।



उन्होंने मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज देश बनाने वाले मजदूर व किसान का सबसे बड़ा अपमान हो रहा है। उन्होंने सीएए, एनआरसी, किसान आंदोलन और बिलकिस बानो जैसे मुद्दों का भी जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार ने लगातार जनता की आवाजों को अनसुना किया है। भीम आर्मी अध्यक्ष ने सरकारी संपत्तियों के निजीकरण को गरीबों के खिलाफ एक साजिश बताया। उन्होंने कहा कि रेलवे, एलआईसी और स्कूलों का निजीकरण इसलिए किया जा रहा है ताकि गरीब का बच्चा पढ़ न सके और सरकारी नौकरी न मांग सके।

उन्होंने उत्तर प्रदेश में हजारों सरकारी स्कूल बंद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार गरीब और अमीर के लिए अलग-अलग शिक्षा व्यवस्था बना रही है।

खतौली में एक 8 वषह्नय बच्ची के साथ हुई घटना और पुलिसिया रवैये का जिक्र करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि यदि न्याय नहीं मिला तो आजाद समाज पाटह्न भीम आर्मी सड़कों पर उतरेगी। उन्होंने ग्वालियर में अंबेडकर मूर्ति जलाए जाने की घटना की निंदा की।

उन्होंने जनता से अपने वोट की कीमत पहचानने और संविधान को बचाने को एक होने की अपील की। हाजी नसीम अंसारी ने जनसभा में हजारों मुस्लिम को आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के बैनर तले लाकर सपा व अन्य पार्टियों के पदाधिकारियों में हड़कंप मचा दिया। यहां पर दिनेश बावरा, रजत निठारिया, दीपक राणा व चरथावल ब्लाक के पूर्व प्रमुख रंजनवीर सहित हजारों कार्यकर्ता मोजूद रहे।

# उद्योग जगत को मिलेगी भरपूर विद्युत नहीं होगी कटौती : सोमेंद्र तोमर



**मुजफ्फरनगर।** गुडविल सोसायटी के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष प्रमुख उद्योगपति सुरेंद्र अग्रवाल मीका विहार स्थित आवास पर हुई शिष्टाचार भेंट और नगर व जिले के उद्योग जगत के उद्यमियों के साथ वार्तालाप के अंतर्गत ऊर्जा राज्य मंत्री विद्युत विभाग सोमेंद्र तोमर ने समस्त उद्योगपतियों को अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिली इच्छा है कि प्रदेश में विभिन्न विभिन्न उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए।

जिससे प्रदेश के नवयुवको रोजगार के अवसर उत्पन्न हो, इसलिए उद्योग जगत को भरपूर विद्युत प्रदान की जाएगी और किसी भी क्षेत्र में कटौती नहीं की जाएगी संबोधन से पूर्व सुरेंद्र अग्रवाल ने उद्योगपतियों के साथ बुका स्मृति चिन्ह और शॉल भेट कर मंत्री का स्वागत किया और उद्योग जगत की कुछ समस्याओं से उन्हें अवगत कराया और शाश्वत किया कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए संपूर्ण उद्योग जगत सशक्त क्रियाशील है और सभी उद्यमी इस दौरान सशक्त रूप से इसमें सहयोग कर रहे हैं। इस बैठक में सर्वश्री कुश पुरी, शशांक जैन, अंकुर गर्ग, राजन अग्रवाल, अमित गर्ग, अचिन मित्तल, मनोज जैन, विनोद संगल, प्रवीण गोयल, अश्वनी मित्तल, बीएम गुप्ता, जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, अभिषेक चौधरी आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जो मैने सन् 1981 में राजकीय इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर से उर्त्तीण की थी जिसका अनुक्रमांक सं-117182 है तथा मेरी इण्टरमीडिएट की मार्कशीट जो मैने सन् 1984 में डीएवी इण्टर कॉलेज मुजफ्फरनगर से उर्त्तीण की थी जिसका अनुक्रमांक सं-066167 है। मेरी हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की मार्कशीट व सनद वास्तव में कही खो गयी है जो काफी तलाश करने पर भी नही मिली है।

**आसिफ अली पुत्र इल्यास अहमद निवासी 779/3 योगेन्द्र पुरी पीछे रहमान मस्जिद, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जो मैने सन् 2016 में नेशनल इण्टर कॉलेज दधेडू खुर्द व कला मुजफ्फरनगर से उर्त्तीण की थी जिसका अनुक्रमांक सं- 0683445 है। वास्तव में कही खो गयी है जो काफी तलाश करने पर भी नही मिली है।

**शादान पुत्र मौ. सादिक निवासी ग्राम सैदनंगला, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर**

# सड़कों पर अलाव जलवाने पहुंचीं एसडीएम

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कड़ाके की ठंड में गरीबों और बेसहारा लोगों के लिए की गई व्यवस्थाओं की हकीकत उजागर करने वाली खबर प्रकाशित होते ही खतौली की उपजिलाधिकारी (एसडीएम) निकिता शर्मा ने शुक्रवार और शनिवार की मध्यरात्रि नगर क्षेत्र में अलाव, रैन बसेरों और अस्थायी गौशालाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।

गौरतलब है कि प्रशासनिक दावों के विपरीत कई स्थानों पर गरीबों को खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर होना दर्शाया गया था। रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न इलाकों में रैन बसेरों की मौजूदगी के बावजूद लोगों के बाहर सोने और अलावों में पर्याप्त लकड़ी न होने जैसी गंभीर खामियां सामने आई थीं। शाहटाइम्स में छपे समाचार का संज्ञान लेते हुए एसडीएम निकिता शर्मा स्वयं देर रात तहसील से निकलकर नगर भ्रमण पर निकलीं। उन्होंने रेलवे स्टेशन, जीटी रोड और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। सीएचसी में पाई गई अव्यवस्थाओं पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने जीटी रोड किनारे खुले में सो रहे लोगों से बात. चीत कर कारण जाना और प्रशासन की ओर से उपलब्ध रैन बसेरों की जानकारी दी।

इसके बाद कर्मचारियों को निर्देशित कर उन्हें सुरक्षित रैन बसेरों तक पहुंचाया गया। इसके साथ ही एसडीएम ने ठंड से बचाव को लेकर अस्थायी गौशालाओं का भी निरीक्षण किया। वहां गोवंश के लिए अलाव, चारे और अन्य आवश्यक



व्यवस्थाओं को लेकर कमियों पर सख्त रुख अपनाते हुए तत्काल सुधार के आदेश दिए। एसडीएम के इस अचानक निरीक्षण से नगर पालिका और अन्य विभागों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड में खुले आसमान के नीचे न सोए और अलाव व रैन बसेरों की व्यवस्थाएं निरंतर प्रभावी बनी रहें। इस दौरान नायब तहसीलदार अमित रस्तोगी, पटवारी अवनी कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# सहफसली गन्ना खेती का निरीक्षण किया

**मीरापुर।** गन्ना विकास परिषद, टिकौला के अंतर्गत ग्राम पुट्ठी इब्राहिमपुर में उप गन्ना आयुक्त महोदय ने प्रगतिशील कृषक रामपाल सिंह के सहफसली खेत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गन्ना के साथ गोभी और मटर की सहफसली खेती की स्थिति, फसल की बढ़वार तथा अपनाई गई आधुनिक कृषि तकनीकों का बारीकी से अवलोकन किया गया। खेत में 5 फुट की दूरी पर बनाई गई ट्रेंच में गन्ना प्रजाति की डबल पंक्ति बुआई की गई है, जिसे वैज्ञानिक ख्रष्टि से उपयोगी बताते हुए अधिकारियों ने सराहना की।उप गन्ना आयुक्त ने किसानों को सहफसली खेती से उत्पादन और आय बढ़ाने, संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा लागत कम करने के लाभ बताए। उन्होंने सिंचाई प्रबंधन, उर्वरक संतुलन, कीट-रोग नियंत्रण और समय पर कृषि कार्यों के महत्व पर भी मार्गदर्शन दिया। साथ ही, उन्नत प्रजातियों और वैज्ञानिक विधियों को अपनाने की अपील की गई। इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, टिकौला, सचिव गन्ना समिति रामराज, संबंधित चीनी मिल के अधिकारीगण एवं फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की तकनीकों से गन्ना उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में स्थायी सुधार होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीमद्‌भागवत कथा का भव्य समापन



**मीरापुर।** श्रीराम सुंदर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्‌भागवत कथा का विश्राम श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत कथा से पूर्व सामूहिक रुद्राभिषेक से हुई, जिसमें 24 परिवारों ने विधि-विधान के साथ भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य यजमान बिजेंद्र कौशिक (जी.एम., विंध्या टेलीलिंक लि., बिजनौर) ने पूजा-अर्चना कर कथा व्यास से आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके साथ समाजसेवी सरल शर्मा भी उपस्थित रहे।श्रीराम सुंदर परिवार मीरापुर के 26वें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में पंजाबी कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्‌भागवत कथा ज्ञान सप्ताह में शुक्रताल धाम के आचार्य ध्रुव प्रसाद जी महाराज ने एक सप्ताह तक प्रवचन दिए। उन्होंने श्रीमद्‌भागवत के महत्व को कृष्ण लीला, पूतना वध, कंस वध, गोवर्धन लीला, गोपी गीत और सुदामा चरित्र जैसी कथाओं के माध्यम से सरल और भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। कथा व्यास ने कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में ईश्वर-प्राप्ति का निरंतर प्रयास करना चाहिए। शनिवार की सायंकाल संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजकों के अनुसार, रविवार को सुंदरकांड की चौपाइयों के साथ विशाल यज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसके उपरांत भंडारा होगा।कार्यक्रम में मुनेश शुक्ल, विकास दूबे, आलोक दूबे, पवन कौशिक, चंद्रभान धीमान, मुकेश चौधरी, संजय माहेश्वरी, रजनीश रस्तौगी, संजय मुदगल, घनश्याम दास अग्रवाल, वासुदेव शर्मा, सरल शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी नागरिकों से रविवार के यज्ञ व भंडारे में सहभागिता का आग्रह किया है।

### इंडियन पोटाश लिमिटेड का निरीक्षण किया

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार को इण्डियन पोटाश लिमिटेड, शुगर यूनिट रोहाना कलां में पेथकाईन्ड लैब, मुजफ्फरनगर द्वारा दो दिवसीय हेल्थ निरीक्षण शिविर का शुभारम्भ लोकेश कुमार, इकाई प्रमुख के कर कमलों द्वारा फीता काट कर किया गया तथा पेथकाईन्ड लैब, मुजफ्फरनगर के प्रतिनिधि द्वारा इकाई प्रमुख को बुके देकर सम्मानित किया। उक्तशिविर में लगभग 165 मिल कर्मचारियों व कृषकों ने भाग लिया। इस अवसर पर भानू प्रताप सिंह आईपीएल दिल्ली आफिस, के0पी0 सिंह, आर0के0तिवारी, संजीव चौधरी, सत्यम मलिक व जितेन्द्र सिंह सकौती यूनिट आदि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें। मिल में हेल्थ निरीक्षण शिविर लगने से क्षेत्र के कृषकों ने प्रसन्नता व्यक्त की ।

### शिवसेना ने बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका



**जानसठ ।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं के विरुद्ध बढ़ती हिंसा और उत्पीड़न की घटनाओं को लेकर शनिवार को शिवस. ना कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। जानसठ तहसील परिसर के बाहर शिवसैनिकों ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो व्यक्ति अपने देश में शांति स्थापित करने में विफल है, उसे श्शांति का नोबेल पुरस्कार रखने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। खतौली तिराहा से तहसील तक गूंजे नारे ।प्रदर्शन का नेतृत्व शिवसेना जिला प्रमुख बिटू सिखेड़ा और तहसील अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने किया। शनिवार दोपहर भारी संख्या में शिवसैनिक और पदाधिकारी खतौली तिराहा पर एकत्र हुए। वहां से पैदल मार्च निकालते हुए कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए जानसठ तहसील गेट पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों के हाथों में बैनर और तख्तियां थीं, जिन पर बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मोहम्मद यूनुस के विरुद्ध कार्रवाई की मांग अंकित थी। पुतला दहन के पश्चात अपने संबोधित मे जिला प्रमुख बिटू सिखेड़ा ने कहा कि जब से मोहम्मद यूनुस ने सत्ता संभाली है, बांग्लादेश में हिंदुओं के घरों, मंदिरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने नर्क्क्ष्र सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मांग की कि यूनुस को दिया गया शांति का नोबेल पुरस्कार तत्काल वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि ष्शांति का पुरस्कार उस व्यद्रि के पास होना विश्व शांति का अपमान है, जिसके शासन में मानवता लहूलुहान हो रही है। साहिबजादों की शहादत और आतंकवाद का विरोध तहसील अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने बताया कि यह प्रदर्शन श्बलिदानी दिवस सप्ताहश के अंतिम दिन आयोजित किया गया। उन्होंने इस आंदोलन को गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान से जोड़ते हुए कहा कि जिस तरह साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए, उसी भावना के साथ शिवसेना आज आतंकवाद और धार्मिक कट्टरवाद का प्रतीकात्मक विरोध कर रही है।प्रदर्शन के दौरान भारत सरकार से भी मांग की गई कि वह राजनयिक स्तर पर दबाव बनाकर बांग्लादेश में हिंदुओं की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करे। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रमोद कुमार, रोशन कुमार, सचिन कुमार, आकाश कुमार, प्रिंस कुमार, अनुज कुमार और एडवोकेट हरमन कुमार सुंदरलाल उपाध्याय श्यामवीर सिंह दुष्यंत कुमार शेखर अंकुर सैनी आदित्य मोनू चंदू राजीव पाल शिव कुमार सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित रहे।

### एक लाख से अधिक की राशि इनाम में मंतोड़ी पंचायत रही अव्वल

**जानसठ ।** ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जनपद मुजफ्फरनगर के ब्लाक जानसठ ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रथम बार शासन ने अनुदान की जगह आत्मनिर्भरता पर खुद की आय बढ़ाने वाली ब्लाक की 07 ग्राम पंचायतों 1.197 लाख रुपये के प्रोत्साहन राशि आवंटित की गयी है। यह धनराशी किसी योजना के तहत मिलने वाला सामान्य अनुदान नहीं है, बल्कि पंचायतो की प्रथक्क से खुद की कमाई यानि ओन सोर्स रेवेन्यू द्ध ओएसआर के आधार पर दिया गया प्रोत्साहन पुरस्कार है। उत्तर प्रदेश सरकार का मानना है कि इस योजना से पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी और ग्रामीण विकास की रफ्तार तेज होगी। इस पहल से जो पंचायत जितनी आय स्वयं अर्जित करेगी, उसके मुकाबले सरकार उसे विकास के लिए इनाम में पाँच गुना राशि देगी। जानसठ एडीओ (पंचायत) धर्म सिंह ने बताया कि इस नीति के तहत वर्तमान में 2011 की जनगणना के आधार पर 1500 तक आबादी वाली 07 पंचायतों ने जैविक खाद की विक्री कर आय से इनाम मिला है तथा इनमें मंतोडी, मंदौड़ हंसावाला, नंगली महासिंह, राठोर, सैददीपुर राजू, जीवनपुरी सम्मिलित हैं।

# भोकरहेड़ी के तालाब में मगरमच्छ को देखने ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** कस्बा भोकरहेड़ी में मोरना मार्ग पर स्थित तालाब में एक मगरमच्छ दिखाई पड़ा है।जिसको देखकर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गया।

ई रिक्शा टेंपो, बाइक सवार आदि मगरमच्छ को देखने के लिए रुक गए महिलाओं और बच्चों का कोतुहल देखते बनता था

नगर पंचायत भोकरहेड़ी मे मोरना मार्ग स्थित ठोकर वाला तालाब मे शनिवार एक मगरमच्छ दिखाई पड़ा जिसको देखकर ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर इकठा हो गयी।कस्बावासी रामवीर सिंह,मनोज कुमार,बदर,अमित कुमार, कमरुजजमा,हुमायूं, नोमान, फखर हुमायूं, उदित, राकेश,सुभाष



आदि ने बताया कि पिछले कई दिनों से मगरमच्छ तालाब में दिखाई दे रहा है जो अक्सर धूप तापने के लिए तालाब से बाहर आता है।? तालाब में मगरमच्छ की उपस्थित नागरिकों के लिए कोतुहल बनी हुई है। की आखिर तालाब में मगरमच्छ कहां से आया।वहीं कुछ नागरिकों ने मगरमच्छ को पकड़वाने की मांग वन विभाग से की है।

# पूर्व विधायक उमेश मलिक किए गए सम्मानित

**बुढ़ाना।** आज शनिवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के पारसी बस स्टैंड के समीप स्थित न्यू लुक फैशन नामक प्रतिष्ठान पर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक का उनके दर्जनों समर्थकों ने गरम शाल ओढाकर स्वागत किया। इस दौरान यहां पर पूर्व विधायक उमेश मलिक ने संगठन को लेकर भी चर्चा की और सभी कार्यकर्ताओं से आ]वान किया कि वे अभी से आगामी विधानसभा के चुनाव की तैयारियों में लग जाए क्योंकि इस बार भी उत्तर प्रदेश में भाजपा की ही सरकार पूर्व की भांति अपने दम पर ही बनेगी। उन्होंने सभी से ये भी आ]वान किया कि वे डोर टू डोर जाकर लोगों को भाजपा की केंद्र और यूपी की सरकार की उपलब्धियों को बताएं और उनका बखान करें। योगी शासन ही एक ऐसा शासन है जिस में हर वर्ग के लोगों का ख्याल रखा जा रहा है। आज अपराध यूपी में शून्य पर है। दुर्दांत अपराधी अपने असली ठिकाने पर पहुंच रहे हैं। यूपी में वास्तव में अपराध कम हुआ है। अब रात में कोई भी अकेला व्यक्ति बैखौफ होकर कहीं पर भी



आ जा सकता है। शोहदे भी जेल जा रहे हैं। कुल मिलाकर पूरे प्रदेश में अपराधियों में जबरदस्त खौफ है। इस दौरान भाजपा नेता मनमोहन कश्यप, शुभम कश्यप, विजय सैनी, अंकुर सैनी, संजू कश्यप और समद मेवाती आदि भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# गायब युवक की मां ने जताई हत्या की आशंका

**बुढ़ाना/भौरांकलां।** सिसौली का एक युवक रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गया। युवक की मां ने अपने गायब पुत्र की हत्या की आशंका जताते हुए दो लोगों ने विरुद्ध भौरांकलां पुलिस को तहरीर दी है। बुढ़ाना पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार भौरांकला के कस्बा सिसौली के मोहल्ला लेपरान पट्टी निवासी जमीला पत्नी हमीद का लगभग 35 वर्षीय पुत्र कुर्बान उर्फ बानी बीती 18 नवंबर को घर से लापता हो गया था। वह आजाद उर्फ नीटा, गौरव उर्फ कानी और रमेश के साथ घर से बाहर गया था। रमेश गांव वापस लौट आया और उसने बताया कि आजाद व गौरव कुर्बान को अपने साथ ले गए थे। इसके बाद आजाद और गौरव भी गांव में लौट आए लेकिन कुर्बान वापस नहीं आया।

कुर्बान के वापस नही लौटने पर उसकी मां जमीला ने बीती 29 नवंबर को भौराकलां थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। अब जमीला को आशंका है कि आजाद और गौरव ने उसके बेटे को बंधक बनाकर उसकी हत्या कर दी।

जमीला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उधर भौरांकला थाना प्रभारी ने बताया कि चार लोग शोरम पंचायत में गए थे जहां से तीनों का घूमने का प्लान बना था। दो लोग घूमकर वापस आए लेकिन कुर्बान नहीं लौटा। दोनों आरो. पियों को जेल भेजा गया है। कुर्बान की तलाश जारी है।

# शहीदी दिवस पर दिखी जैन-सिख एकता की झलक

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सामाजिक सौहार्द और आपसी प्रेम का संदेश देते हुए शहीदी दिवस के अवसर पर दिनांक 26 दिसंबर 2025 को सकल जैन समाज, खतौली द्वारा गुरुद्वारा माता राममूर्ति बिदीवाड़ा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जैन समाज ने सिख गुरुओं के बलिदान को नमन करते हुए सांप्रदायिक एकता की अनुपम मिसाल पेश की।

सभा का संचालन भाई ज्ञानी हरभजन सिंह जी ने किया। कार्यक्रम में खतौली जैन समाज की ओर से शुभम जैन ने अपने संबोधन में इतिहास के उस गौरवशाली प्रसंग का उल्लेख किया, जब दीवान टोडरमल जी जैन ने गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चारों साहिबजादों के अंतिम संस्कार हेतु चार गज भूमि को 78 हजार स्वर्ण मुद्राओं में क्रय किया था। उन्होंने यह भी बताया कि दीवान टोडरमल जी ने गुरु गोबिंद सिंह जी से यह वरदान मांगा था कि उनका वंश आगे न बढ़े, जिससे भविष्य में उस पवित्र भूमि पर कोई व्यक्तिगत अधिकार स्थापित न कर सके। इस अवसर पर सकल जैन समाज, खतौली की ओर से गुरुद्वारा प्रबंधन को एक वॉटर कूलर भी भेंट किया गया, जिसकी सभी उपस्थित लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से दीपक जैन, सुरेंद्र जैन (जैन घड़ी वाले), अरुण जैन (औषधि वाले), अमित जैन (निवर्तमान नगर अध्यक्ष, भाजपा), अतुल जैन सर्राफ, सरदार अजीत सिंह, सरदार महेंद्र सिंह, सरदार गुरिंदर सिंह (कैन कंप्यूटर), सरदार वीरेंद्र सिंह मान, सरदार लखी सिंह, सरदार जिनस सिंह, पैंची जी (ओमजी मोबाइल), मनीष जैन मुखिया, पीयूष जैन, अंकित



जैन परिवार, संजय जैन, आशीष जैन, अर्पित जैन, अचल जैन, मनमीत सिंह, पंकज जैन (टिकरी वाले) और नमन त्यागी नावला शामिल रहे।सभा में जैन और सिख समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने शहीदी दिवस को न केवल श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया, बल्कि आपसी भाईचारे और धार्मिक एकता का भी सशक्त संदेश दिया।

### मदनी स्कूल वाली गली बदहाली का प्रतीक

# गड्ढों-कूड़े में गुजरने को मजबूर स्कूली बच्चें, स्थानीय लोग व राहगीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** देहात क्षेत्र की मदनी स्कूल वाली गली आज ग्राम पंचायत की घोर लापरवाही और उदासीनता की जीती-जागती मिसाल बन चुकी है। गली में जगह-जगह बने गहरे गड्ढे, बिखरा कूड़ा-करकट और गंदगी कूडे से निकलती दुर्गंध ने हालात इस कदर बदतर कर दिए हैं कि यहां से गुजरना आम लोगों के लिए भी मुश्किल हो गया है, जबकि स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर सीधा खतरा मंडरा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यही गली मदनी स्कूल जाने वाले बच्चों का मुख्य मार्ग है। रोजाना मासूम बच्चे इसी रास्ते से स्कूल आते-जाते हैं ।क्षेत्रवासियों का आरोप है कि न तो नियमित सफाई



कराई जाती और न ही कूड़ा उठाया जाता, और गली में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेरों से दुर्गंध फैल रही है, वहीं मच्छरों का आतंक बढ़ने से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी गंभीर होता जा रहा है। कीचड़ और गंदगी के कारण फिसलकर गिरने की घटनाएं आम हो चुकी हैं, बावजूद इसके ग्राम प्रधान ने कभी इस जगह की सुध नहीं ली, स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन और पंचायत विभाग से समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# विधवा ने मकान पर कब्जा करने का लगाया आरोप

### सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह को सुनाई पीड़ा

**बुढ़ाना।** एक विधवा महिला ने बुढ़ाना सीओ को एक प्रार्थना पत्र देते हुए कुछ युवकों पर उसके घर पर अवैध रुप से मिट्टी डालकर कब्जा करने का आरोप लगाया है। सीओ ने बुढ़ाना पुलिस को जांच के निर्देश दिए हैं। अलका शर्मा पत्नि बीरसेन निवासी गांव सफीपुर ने शनिवार को बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके गांव सफीपर की भगमाली पत्नी कैलाश, राज. कली पत्नी सतपाल, वेदो पत्नी बदालू, मूर्ति पत्नी किशन लाल और आशु पुत्र विनोद ने उसके घर पर अवैध रुप से कब्जा कर लिया था।



तब उसने उप जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय में सभी के विरुद्ध एक वाद दायर किया था। जिसमें उप जिला मजिस्ट्रेट द्वारा करीब 3 वर्ष पूर्व सभी के विरुद्ध आदेश पारित किया था। तब विरोधियों ने अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के समक्ष अपील दायर की। उसमें भी उसे ही सफलता मिली थी लेकिन अब विरोधी फिर से उसके घर पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बीती 25 दिसम्बर को उसके घर में मिटी डाल दी और उसके घर पर अवैध रूप से फिर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। जब उसने सभी को अवैध कब्जे से रोकने की कोशिश की तो सबने उसे गाली देते हुए हत्या की भी धमकी दी है। आज पीड़िता ने सीओ से आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# व्यापारियों ने लिया संकल्प प्रदूषण और मिलावट को करेंगे जड़ से खत्म

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का एक रंगारग कार्यक्रम टूलिप बैंकेट में आयोजित किया

जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल ने की संचालन नगर प्रभारी अंशुमान अग्रवाल एवम महामंत्री नीरज बंसल ने सयुंक्त रूप से किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कपिल देव अग्रवाल मंत्री राज्य सरकार एवम गौरव स्वरूप वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे जिसमें जाने वाले साल को विदाई आने वाले साल का स्वागत के साथ साथ परिवर्तन ,संकल्प , सुरक्षा जैसे मुख्य बिंदुओं पर भी विचार एवम सुझाव रखे गए ।

कार्यक्रम में सेनेटरी संगठन द्वारा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में आस्था जताते हुए अध्यक्ष हरीश अग्रवाल एवं सचिव विकास भार्गव की मौजूदगी में अपनी संस्था को संगठन से जोड़ा साथ ही 12 नगर के अलग-अलग व्यापारियों ने भी अपनी आस्था अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में जताई एवं अतिथि गौरव स्वरूप एवम संजय मित्तल द्वारा सभी को शपथ ग्रहण कराई गई कार्यक्रम में पूर्वी स्कूल द्वारका पूरी से नीतू मैडम द्वारा स्कूल के 10 बच्चों ने भी प्रदूषण एवं पर्यावरण के ऊपर बहुत अच्छी प्रस्तुति प्रस्तुत की जिसमें बच्चों ने बढ़ते प्रदूषण से हो रही हानियां एवं पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया ।कार्यक्रम को रंगारंग बनाते हुए नगर के प्रसिद्ध गायक मोहम्मद हाशमी द्वारा अपने मधुर गीतों से कार्यक्रम को संगीतमयी बना दिया गीतों के साथ आने वाले साल का स्वागत किया संचालन कर रहे अंशुमान अग्रवाल ने बीच-बीच में व्यापारियों के लिए लकी ड्रा का भी आयोजन किया जिसमें सभी ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व्यापारी हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहता है एवं आज इस मंच के माध्यम से मिलावट खोरी के खिलाफ एक संकल्प भी लिया गया ।

साथ ही आयोजक मंडल को अच्छे कार्यक्रम के लिए बधाई भी दी । गौरव स्वरूप ने अपने संबोधन में सभी व्यापारियों से अतिक्रमण अभियान को लेकर सहयोग की अपील की और बिवास दिलाया के नगर में हो रहे विकास कार्य बहुत तेजी से किये जा रहे है नगर पालि. का सदैव सभी व्यापारी बंधुओ के साथ है । अंत में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं



उसके सभी पदाधिकारी हमेशा ही निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं व्यापारियों के लिए देते रहे हैं और इस मंच के माध्यम से व्यापारियों को आशस्वत किया की नगर में विकास कार्य बहुत तेजी से कराए जा रहे हैं फिर भी यदि कहीं कोई त्रुटि या कमी दिखाई पड़ती है तो आप संपर्क कर सूचित करें निश्चित तौर से उसे पर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और सभी व्यापारियों को आने वाले साल 2026 की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। कार्यक्रम में राजेंद्र सिंघल, प्रमोद त्यागी, विशाल कालरा, जयपाल शर्मा, अंशुमान अग्रवाल, नीरज बंसल, पुनीत सिंगल, लवी महमूद आलम, अभिषेक अग्रवाल, मोहम्मद तारीख, नवीन सिंघल, नितिन जैन, सचिन जैन, प्रवीण धीमान, अविरल मित्तल, अमजद सैफी, गिरीश, वैभव मित्तल, रजत गुप्ता,विकास भार्गव, दिलीप , शहजाद राणा, राहुल मारवाड़ी, दीपक, संजय बंसल, राजीव गुप्ता, संदीप गर्ग, कामेश्वर त्यागी, अनित शर्मा, अभिषेक राणा, राजीव राठी,पुनीत बंसल, कमल. कांत एडवोकेट, घनश्याम, भगत, विपिन एडवोकेट, नरेश अरोड़ा, केतन कंवल, अनिल बत्रा एवं सैकड़ो व्यापारी उपस्थित रहे।

# भोकरहेड़ी में बीएलओं ने किया खुली बैठक का आयोजन

**मोरना।** कस्बा भोकरहेड़ी स्थित इंटर कॉलिज मे शनिवार को एक खुली बैठक का आयोजन किया गया जिसमे कस्बे मे तैनात बीएलओ व कस्बे के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

बीएलओ विनय कुमार ने जानकारी देकर बताया की खुली बैठक मे जानकारी देकर बताया गया की भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा आदेशित सभी राजनितिक दलों बूथ एजेंट के साथ खुली बैठक का आयोजन किया गया जिसमे मृतक,स्थानांतरित, तथा अनुपस्थित मतदाताओं का नाम पढ़कर सुनाया गया। वोट अगर किसी कारण कट गयी हैं तो वह लिस्ट देख लें कोई आपत्ति है तो दर्ज कराएं इस दौरान महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी।

इस अवसर बीएलओ विनय



कुमार के अलावा मनोज कुमार, विपिन कुमार, अजय सैनी, चित्रा शर्मा, राखी, उपासना, प्रवेश देवी, रेणु धीमान, दीपक सुपरवाइजर अमित कुमार तथा कस्बे के गणमान्य व्यक्ति अजय चेयरमैन,डॉ. अलीशेर अंसारी ,रामबीर सिंह,काजी मौ. अफजल,बॉबीन, नवाब अली, चिंकू आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी को जागरूकता गोष्ठी की आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना प्रांगण में शनिवार को स्कूली छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर के विभिन्न स्कूलों से दर्जनों छात्र-छात्राएं थाना परिसर में पहुंचे और साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।गोष्ठी को संबो. धित करते हुए साइबर अपराध शाखा पर तैनात हेड कांस्टेबल सोहनवीर सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में इंटरनेट और मोबाइल के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ साइबर अपराधों में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। उन्होंने छात्रों को बताया कि अनजान लिंक पर क्लिक करना, ओटीपी साझा करना, फर्जी कॉल या मैसेज पर भरोसा करना, सोशल



मीडिया पर निजी जानकारी सार्वजनिक करना जैसे कार्य साइबर ठगी का कारण बन सकते हैं।सोहनवीर सिंह ने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार साइबर अपराधी मासूम लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं और आर्थिक व मानसिक नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वह किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या ई-मेल की तुरंत जानकारी अपने अभिभावकों अथवा पुलिस को दें।

गोष्ठी में यह भी बताया गया कि साइबर अपराध की शिकायत के लिए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा साइबर क्राइम पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। छात्रों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, मजबूत पासवर्ड रखने और सोशल मीडिया पर सतर्क रहने के उपाय भी बताए गए।

## दो अभियुक्त गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आद. शानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बाबरी पुलिस द्वारा 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, कब्जे से 1 अवैध तमंचा 315 बोर मय 4 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त विवेक पुत्र सोहनवीर निवासी ग्राम नागल भगवानपुर थाना दोघट जनपद बागपत व गौरव पुत्र विनोद निवासी ग्राम नागल भगवानपुर थाना दोघट जनपद बागपत हैं।

# जोगिन्दर सिंह को हराकर अध्यक्ष पद का चुनाव जीते सत्यवीर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में सत्यवीर सिंह एडवोकेट ने जोगिंदर सिंह मुंगेर को हराकर अध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में तीनों पद हेतु आमने-सामने का मुकाबला था कुल 41 मतदाताओं ने वोट डाले अध्यक्ष पद पर सत्यवीर सिंह एडवोकेट को 25 जोगिंदर सिंह मुंगेर को 16 वोट मिले जिसमें सत्यवीर सिंह एडवोकेट ने नौ वोटो से जोगिंदर सिंह मुंगेर को हराया। महासचिव के पद पर सोनू कल्याण को 23 तथा तसव्वर अली को 16 मत मिले तथा कोषाध्यक्ष पर जसबीर सौदाई को 22 दक्ष बाबूराम को 19 वोट मिले ।एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शादाब खान ने तीनों प्रत्याशियों को विजई घोषित किया। बाद में विजय प्रत्याशियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा मिष्ठान वित. रित किया गया। अध्यक्ष पद पर जीत के बाद सत्यवीर सिंह एडवोकेट ने कहा कि सभी अधिवक्ताओं ने चुनाव में सहयोग किया है अधिवक्ताओं के हितों के लिए कार्य किया जाएगा तथा बार भवन का निर्माण किया जाएगा इस दौरान शांति व्यवस्था हेतु पुलिस भी तैनात रही।





# राजमिस्त्री पर रुपये लेकर निर्माण न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने राजमिस्त्री पर रूपए लेकर मकान निर्माण नहीं करने का आरोप लगाते ही आरोपी राजमिस्त्री के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

कस्बे की जाट कॉलोनी निवासी व्यक्ति राजकुमार ने शनिवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसने कस्बे की जन्नत कॉलोनी निवासी राजमिस्त्री खालिद उर्फ काला को अपने अपने दामाद का मकान निर्माण करवाने के लिए मोदीनगर में लिखित शर्तों के अनुसार मकान निर्माण का ठेका दिया था। मकान निर्माण से पूर्व पच्चास हजार रूपए पेशगी ठेकेदार को दिए थे। ठेकेदार ने मकान निर्माण कार्य शुरू कर दिया था और बीच-बीच में भी रूपए लेता रहा। लाखों रूपए हो जाने के बाद आरोपी राजमिस्त्री उसका मकान निर्माण कार्य बीच में छोड़कर आ गया। कहने के बाद भी राजमिस्त्री नहीं तो उनका मकान निर्माण कर रहा है और नहीं उनके रूपए वापस लौटा रहा है। पीड़ित व्यक्ति ने आरोपी राज मिस्त्री के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए अपने रूपए वापस दिलवाने अन्यथा मकान निर्माण करवाने की मांग की है। दुसरी और कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक युवक ने बागपत निवासी व्यक्ति पर कार खरीदने के लिए दिए 21 हजार रूपए एडवांस वापस नहीं देने का आरोप लगाते भी आरोपी के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दोनों शिकायतों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## गोकशी की घटना में वांछित गोकश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस ने मौहल्ला पंसारियान स्थित मकान में गौकशी के मामले में वांछित एक गौकश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस एक गौकश को पहले ही जेल भेज चुकी है। बीती 20 अप्रैल को कोतवाली पुलिस ने शहर के मौहल्ला पंसारियान स्थित अयाज उर्फ पप्पू पुत्र कुतुबुद्दीन के घर पर गौकशी की सूचना पर छापेमारी करते हुए पांच किलो प्रतिबंधित पशु का मांस बरामद किया था। पुलिस ने गौकश अयाज को मौके पर ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि अन्य की तलाश की जा रही थी। शनिवार को कोतवाली पुलिस ने घटना में वांछित एक अन्य गौकश फिरोज पुत्र शकील निवासी पंसा. रियान को गिरफ्तार कर लिया।

### एक नजर

## भड़ी पंचायत में तालाब की खुदाई के विरोध मे मारपीट, पत्थरबाजी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** भडी मे पंचायत विभाग द्वारा तालाब की खुदाई के दौरान तालाब के रकबे को लेकर जमकर हंगामा हुआ। दो पक्षो के लोग लाठीडंडो के साथ सडक पर आमने सामने आ गए। आरोप है कि तालाब मे कम रकबे की खुदाई की जा रही। तालाब के आधे से अधिक रकबे पर ग्रामीणो का कब्जा है। चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव भडी मे तालाब के कम रकबे पर पंचायत द्वारा खुदाई करने का आरोप लगाते हुए गांव के रफाकत पुत्र जरीफ,सावेज पुत्र वारिश अली,बरासत पुत्र बरकत,मुकर्रम पुत्र मूसा,साजिद पुत्र रहमददीन,शौकत पुत्र अशरफ अली आदि ने विरोध किया। जिस पर गांव के ही दूसरे पक्ष नाजिम,शमशेर ने विरोध किया। कहासुनी के बाद शमशेर पक्ष की महिलाएं भी मौके पर पहुॅच गई। पीडित पक्ष रफाकत आदि का आरोप है कि शमशेर पक्ष की महिलाओं ने जमकर ईंट पत्थर बरसाए लेकिन मारपीट मे कोई घायल नही हो सका। पीडित पक्ष ने मौके से ही जिलाधिकारी को प्रकरण से अवगत कराया और कार्यवाही की मांग की है। वही पुलिस ने मामले मे किसी प्रकार की शिकायत होने से इंकार किया है।

# सकौती अड्डे पर प्यासा यात्री, सरकारी नल से छह माह से निकल रहा पीला पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना.बिडौली मार्ग पर स्थित सकौती अड्डा इन दिनों पेयजल संकट से जूझ रहा है। यहां रोजाना सैकड़ों यात्री बसों का इंतजार करते हैं और आसपास करीब एक दर्जन दुकानें भी संचालित हैं, लेकिन यात्रियों और दुकानदारों के लिए पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। अड्डे पर लगा एकमात्र सरकारी नल पिछले करीब छह महीनों से पीला पानी उगल रहा है, जिससे यह पानी पीने योग्य नहीं रह गया है।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि इस अड्डे की दुकानें सकौती गांव से लगभग 700 मीटर की दूरी पर स्थित हैं। ऐसे में पानी की जरूरत पड़ने पर उन्हें गांव से ही पानी लाकर काम चलाना पड़ता है। दुकानदार



लाभ सिंह, ब्रह्मपाल, राजेंद्र, डॉ। राजवीर, धूम सिंह, सोहेल और विजयपाल ने बताया कि अड्डे पर लगा सरकारी नल यात्रियों की सुविधा के लिए है, लेकिन उससे निकलने वाला पानी पीला और बदबूदार होने के कारण न तो दुकानदार उपयोग कर पा रहे हैं और न ही यात्री। मजबूरी में कई बार यात्रियों को पास की दुकानों से बोतलबंद पानी खरीदना पड़ता है।

दुकानदारों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हो सका। उनका कहना है कि गर्मी के दिनों में यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है और पानी की किल्लत और भी गंभीर हो जाती है। बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक परेशान होते हैं।

वहीं ग्राम प्रधान पारूल ने बताया कि सकौती अड्डे पर लगा नल खराब हो चुका है और उससे निकलने वाला पानी उपयोग योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अड्डे पर दूसरे स्थान पर रिबोर कराकर नया नल लगवाया जाएगा, ताकि यात्रियों और दुकानदारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

## मारपीट, महिलाओं से अभद्रता व जान से मारने की धमकी

**झिंझाना।** मोहल्ला शाह मुबारिक निवासी इमरान पुत्र शमीम के साथ मारपीट, घर में घुसकर हमला, महिलाओं से अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शिकायत के अनुसार 5 दिसंबर 2025 की रात आरोपी लाठी डंडे, तमंचे और धारदार हथियार लेकर इमरान के घर में घुस आए और उस पर जानलेवा हमला कर दिया।

हमले में इमरान की एड़ी की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया, जबकि शरीर पर कई स्थानों पर गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर बचाव में आई इमरान की पत्नी, मां और बहन के साथ भी आरोपियों ने अभद्रता की तथा तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित इमरान ने बताया कि डॉक्टरों ने उसकी हालत को गंभीर बताते हुए ऑपरेशन की सलाह दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना झिंझाना पुलिस ने निसार, आसिफ, आदिल निवासीगण ग्राम गढीपुख्ता तथा जिशान निवासी मोहल्ला नीला रोजा झिंझाना के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विहिप ने मनाया पूज्य श्रद्धानंद जी का बलिदान दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** शनिवार को विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार विभाग द्वारा नगर स्थित जाट धर्मशाला में पूज्य श्रद्धानंद का बलिदान दिवस धर्म रक्षा दिवस के रूप में श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हिमांशु शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व हिंदू परिषद का धर्म प्रसार विभाग प्रत्एक वर्ष 23 दिसंबर से 31 दिसंबर तक देशभर में पूज्य श्रद्धानंद की पुण्यतिथि को धर्म रक्षा दिवस के रूप में मनाता है। उन्होंने बताया कि पूज्य श्रद्धानंद ने अपना संपूर्ण जीवन हिंदू धर्म के उत्थान और समाज जागरण के लिए समर्पित कर दिया था।मुख्य वक्ता ने कहा कि श्रद्धानंद के नेतृत्व में कुल 127 शुद्धि सम्मेलन आयोजित हुए, 156 पंचायतें संपन्न कराई गईं तथा 81 छोटे-बड़े सहभोज आयोजित किए गए। उनके प्रयासों से शुद्धि समाचार नामक मासिक पत्रिका का प्रकाशन भी हुआ, जिसके लगभग 14 हजार पाठक थे। उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों से बड़ी संख्या में लोगों ने पुनः सनातन धर्म को अपनाया और समाज में धर्मांतरण के विरुद्ध जागरूकता फैली।कार्यक्रम के दौरान पूज्य श्रद्धानंद के विचारों और योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रखंड मंत्री अभय हुड्डा ने किया। इस अवसर पर प्रवीण चौहान, सुभाष मलिक, रवि चंद, रोहन संतलाल सहित मनीष, विनीत, सूरज, अनुज, रवि, आकाश जैन, शिवम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गैर जमानती वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार जनपद में गैर जमानती वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने गैर जमानती वारंट के आधार पर एक अभियुक्त सतपाल निवासी ग्राम जमालपुर थाना झिंझाना को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया।

# महिला पर लाठी डंडों से हमले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी मियां निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही चार लोगों पर पीड़ित की पत्नी को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी मियां निवासी सफी पुत्र जाफर ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया की पत्नी वकीला एक सप्ताह पूर्व कूड़ा डालने के लिए जा रही थी। आरोप है इसी बीच गांव के ही माजिद पुत्र अफजाल, मुस्तकीम पुत्र इस्लाम, लुकमान पुत्र इकराम व अविश पुत्र इस्लाम ने पीड़ित की पत्नी के साथ गाली गलौज कर दी थी। पीड़ित की पत्नी ने विरोध किया तो आरोप है कि चारों लोगों ने एक राय होकर पीड़ित की पत्नी पर लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया था। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# कुत्तों-बंदरों का बढ़ रहा आतंक, प्रशासन उदासीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** नगर पंचायत क्षेत्र में आवारा कुत्तों और बंदरों की बढ़ती संख्या से आमजन की चिंता एवं असुरक्षा बढ़ती जा रही है। इन जानव. रों के नियंत्रण के लिए नगर पंचायत झिंझाना द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे स्थिति दिना. ेदिन गंभीर होती जा रही है।

शुक्रवार सुबह एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जब नगर पंचायत के एक सफाई कर्मचारी सन्नी पर एक पागल कुत्ते ने हमला कर दिया। वह नियमित रूप से सफाई कार्य में लगा हुआ था कि अचानक एक कुत्ते ने उस पर आक्रमण कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस हमले के बाद उसी पागल कुत्ते ने आस-पास के अन्य आवारा कुत्तों को भी काट लिया, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल फैल गया।



स्थानीय निवासी घटनास्थल पर जमा हो गए और बच्चों तथा बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानों पर ले गए। काफी देर तक इलाके में हड़कंप जैसी स्थिति बनी रही। सूचना मिलने पर नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और काफी प्रयासों के बाद उस पागल कुत्ते को पकड़ लिया। घायल कर्मचारी सन्नी को तुरंत चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां उसको प्राथमिक उपचार के साथ-साथ एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाया गया।

इस घटना के बाद स्थानीय निवा. सियों का आक्रोश स्पष्ट दिखाई दिया। उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन से क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर तुरंत नियंत्रण करने और उनके नसबंदी व टीकाकरण का व्यवस्थित अभियान चलाने की मांग की है।

लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए तत्काल कार्यवाही आवश्यक है। इन दिनों कस्बे में आवारा कुत्तों और बंदरों के उत्पात में लगातार वृद्धि हो रही है। नागरिकों द्वारा नगर पंचायत कार्यालय में इस संबंध में कई बार लिखित शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कस्बावासियों ने प्रशासन से मांग की है कि वह आवारा कुत्तों एवं बंदरों को पकड़कर उचित प्रबंधन करे और जनता को इस समस्या से निजात दिलाए।

# रेन बसेरों में सभी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त हों, ठंड से एक भी व्यक्ति प्रभावित ना हो: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने दिनांक 26-12-25 की देर रात नगर पालिका परिषद शामली क्षेत्र के रेन बसेरों का औचक निरीक्षण कर वहां पर व्यवस्थाओं को देखा और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रेन बसेरा में आने वाले व्यक्तियों को सर्दी से बचाव हेतु रजाई कम्बल आदि की व्यवस्था मुहैया कराई जाए तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान में तो रात नहीं काट रहा है ऐसे व्यक्तियों को तत्काल रैन बसेरे



में ठहराया जाएं।

साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों एवं चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही ना हो।निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन पर अलाव की व्यवस्था देखते हुए यहां कंबल का वितरण भी किया।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने दिल्ली बस स्टैंड, नगर पालिका परिषद आदि का निरीक्षण करते हुए सभी जगह रेन बसेरों में आने वाले लोगों के लिए ठंड से बचाव हेतु सभी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के समय सत्येन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी (वि./रा), शामली एसडीएम शामली अर्चना शर्मा, तहसीलदार शामली मनोज कुमार, नायब तहसीलदार गौरव अधिशासी अधिकारी शामली आदि मोजूद रहे।

# नीलामी राशि जमा न करने पर ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा, पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांच स्वास्थ्य उपकेंद्रों के जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण के बाद नीलामी की निर्धारित राशि जमा न करने के मामले में पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के सीएचसी चिकित्सा प्रभारी डॉ। वीरेंद्र सिंह ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि विकास खंड क्षेत्र के भभीसा, गंगेरू, आल्दी, इस्सोपुर टील एवं रसूलपुर स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्रों के पुराने व अनुपयोगी भवनों के ध्वस्तीकरण तथा मलबा निस्तारण के लिए 19 अप्रैल 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला परिसर में नीलामी प्रक्रिया आयोजित की गई थी। इस नीलामी में ग्राम संपला निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र राजा सिंह ने सर्वाधिक बोली लगाते हुए 5 लाख 48 हजार 100 रूपए में ठेका अपने नाम कराया था।आरोप है कि ठेकेदार ने नीलामी के बाद सभी पांचों स्वास्थ्य उपकेंद्रों से ध्वस्त भवनों का मलबा उठा लिया, लेकिन इसके बावजूद आज तक नीलामी की धनराशि स्वास्थ्य विभाग के सरकारी खाते में जमा नहीं कराई।

विभाग की ओर से कई बार फोन के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन ठेकेदार ने फोन उठाना बंद कर दिया। इसके साथ ही विभाग द्वारा लिखित पत्र भेजकर भी बार-बार अवगत कराया गया, परंतु कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।मामले में चिकित्सा अधीक्षक ने मुख्य विकास अधिकारी एवं थाना कांधला में शिकायत पत्र देकर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी ठेकेदार की तलाश शुरू कर दी गई है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा जल्द ही आरोपी ठेकेदार को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पंखे से लटका मिला डी-फार्मा छात्र का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नई बस्ती में रहने वाले 20 वर्षीय डी फार्मा छात्र वंश ने शनिवार सुबह अपने कमरे में मफलर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली वह दिन में कॉलेज जाता था और शाम को फैक्ट्री में काम करके परिवार की जिम्मेदारी निभाता था घटना से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई मां रीता और बहनें वंशिका 18 व छोटी बहन 16 रो-रोकर बेहाल हैं।







जानकारी के अनुसार वंश की मां रीता पिछले छह महीने से तीनों बच्चों के साथ मायके के पास किराए के मकान में रह रही थीं। पति जितेंद्र से विवाद के कारण अलगाव था। पड़ोसियों ने बताया कि चार-पांच दिन पहले जितेंद्र आए थे और पत्नी-बच्चों से तीखी बहस हुई इस दौरान वंश को भी गालियां दी गईं उसके बाद से वह गुमसुम और परेशान रहने लगा था लोगों ने समझाने की कोशिश की, लेकिन किसी को इस कदम का अंदाजा नहीं था।

शनिवार सुबह रीता घर के काम में व्यस्त थीं। वंश पहली मंजिल के कमरे में गया था काफी देर तक नीचे न आने पर मां को चिंता हुई छत पर पहुंचते ही उन्होंने वंश को पंखे से मफलर के सहारे लटका देखा। चीख सुनकर पड़ोसी दौड़े और शव नीचे उतारा लेकिन तब तक सांसें थम चुकी थीं मां बेटे से लिपटकर बेहोश हो गईं बहनें भइया उठ जाओ चीखती रहीं। रीता बार बार बेटे की किताबें और कपड़े सीने से लगाकर रोती रहीं और बोलीं मेरा सहारा चला गया अब कैसे जीऊंगी।

सूचना पर थाना फतेहपुर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची सैंपल लिए गए और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शुरुआती जांच में आत्महत्या का मामला लग रहा है लेकिन पुलिस हर कोण से जांच कर रही है पड़ोसी वंश को मेहनती और शांत बताते हैं वह ऊंची आवाज में किसी से नहीं बोलता था मोहल्ले में सभी उसे पसंद करते थे घटना के बाद दुकानें बंद रहीं और लोग समूह में चर्चा करते रहे कि अगर परेशानी पता होती तो शायद बचा लिया जाता। घर में कल तक पढ़ाई-मेहनत की बातें होती थीं, आज सिर्फ सिसकियां गूंज रही हैं।

# खेलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** वार्षिक खेल उत्सव के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



नगर के ग्रीन फील्ड एकेडमी में आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यतिथि भाजपा नेता कृष्ण कुमार पुंडीर, बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। स्कूल में आयोजित जिग-जेग प्रतियोगिता में इंदिरा हाउस ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि क्यूरी हाउस ने तृतीय स्थान हासिल किया। जलेबी रेस में क्यूरी हाउस ने प्रथम स्थान, इंदिरा हाउस ने द्वितीय स्थान तथा टेरेसा हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बालक दौड़ में फ्लोरेंस हाउस के देवपाल (कक्षा 12) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, क्यूरी हाउस के चिराग पुंडीर ने द्वितीय स्थान तथा टेरेसा हाउस की महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बालिका दौड़ में टेरेसा हाउस की प्रियंशी ने प्रथम स्थान, फ्लोरेंस हाउस की रितंभरा ने द्वितीय स्थान एवं इंदिरा हाउस की वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पेयर रेस में क्यूरी हाउस ने प्रथम स्थान, इंदिरा हाउस ने द्वितीय स्थान तथा टेरेसा हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को प्रधानाचार्या कुमुद पुंडीर ने बधाई दी और कार्यक्रम में शामिल अतिथियों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर अध्यापक आद.ेश पुंडीर, दीगन्त चौधरी, फहीम खान, पूजा त्यागी, अंशु धामा, शाह फैज चौधरी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शिमला के बेटे का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शिमला देवी के बेटे अरविंद वर्मा का बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन के बाद कस्बे में शोक छा गया।

अरविंद वर्मा देहरादून में रहते थे। अरविंद वर्मा राजनीति के अलावा समाज सेवा में भी रुचि रखते थे। कई दिन पहले उन्हें मेरठ स्थित हायर सेंटर में इलाज के लिए रेफर किया गया था।

देर रात उनके शव को पैतृक आवास लाया गया। निधन का समाचार सुनते ही उनके निवास पर लोगों का तांता लग गया। दोपहर के समय उनका गमगीन माहौल के बीच अंतिम संस्कार किया गया। अरविंद वर्मा 45 वर्ष के थे। परिवार में उनकी बेटी तथा एक बेटा है।

# जरूरतमंदों को कम्बलों का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कृष्णचंद सैनी ने कहा कि गरीबों की सहायता सेवा करने से पुण्य और मन को शांति मिलती है इसलिए हर किसी को बढ़चढ़ कर जनकल्याण के कार्य करने चाहिएं।

सामाजिक संस्था परवाह स्पोर्ट्स एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नानोता रोड पर स्वर्गीय जोनु जानखेड़ा की स्मृति में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।संबोधित करते हुए संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी के भाई व प्रतिनिधि कृष्णचंद सैनी ने कहा कि गरीबों असहायों की सहायता करना पुण्य का कार्य है और इससे मन को शांति भी मिलती है।भारत के लोग आदिक.ाल से विभिन्न रूपों में समाजसेवा करते आए हैं। कुंए खुदवाना, लंगर चलवाना आदि इसी परंपरा का हिस्सा रहे हैं। अख्तर प्रधान ने कहा कि परवाह स्पोर्ट्स एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की यह बहुत अच्छी पहल है जो दूसरों को भी समाजसेवा के लिए प्रेरित करेगी। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष चौधरी हैदर गुर्जर ने कहा कि हमारी संस्था खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के साथ साथ सामाजिक कार्य भी कर रही है। इस दौरान सचिन पँवार, नीटू प्रधान, दिनेश, मुस्तकीम अंसारी, ठाकुर दिग्विजय सिंह, सुहैल मलिक, बबलू अध्यक्ष, अमजद, वैसर उर्फ चांद, सलमान गुर्जर, मनव्वर आदि काफी लोग मौजूद रहे।

# परीक्षा के विजेता बच्चे किए गए पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजेता विद्यार्थियों को छुटमलपुर के गायत्री शक्ति पीठ मे आयोजित कार्यक्रम मे सम्मानित किया गया। इस मौके पर संबंधित विद्यालयों के सहयोगी स्टॉफ को भी सम्मानित किया गया।



छुटमलपुर के बसंत विहार स्थित गायत्री शक्ति पीठ मे आयोजित सम्मान समारोह मे शांति कुंज से आई टोली के प्रमुख राजेश मिश्रा ने बताया की मैकाले की शिक्षा पद्धति से भारत की शिक्षा व्यवस्था मे जो खोट उत्पन्न हुई है उनमे सुधार करने ओर विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति का ज्ञान कराने को शांति कुंज प्रतिवर्ष भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित कराई जाती है। उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के आत्म अनुशासन बहुत जरूरी है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी बच्चे जीवन लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढे ओर व्यक्तित्व ओर चरित्र का निर्माण करें। इस दौरान छुटमलपुर के राष्ट्रीय विधापीठ, एसएसएन जूनियर हाइस्कूल, बाल विद्या मंदिर स्कूल, वैदिक शिक्षा निकेतन, सन राइज पब्लिक स्कूल, ए एच पी इंटर कॉलेज छुटमलपुर इंदिरा गाँधी इंटर कॉलेज ताल्हापुर, ग्रीन हेवंस इंग्लिश एकेडमी, मदनपुरा, प्राथमिक विद्यालय मांझी पुर, एम डी इंटर कॉलेज कलसिया, नेहरू इंटर कॉलेज कलदिया के सैंकड़ो बच्चों को विभिन्न वर्गो मे प्रथम द्वितीय एम तृतीय स्थान के पुरस्कार दिए गए! अतिथियो आदित्य राणा, त्रिपालसिँह, मांगेराम शर्मा, अनिल वत्स, प्रमोद शर्मा, मोहित शर्मा, अरविन्द कुमार आदि ने विजेताओं को स्मृति चिन्ह ओर प्रशस्ति पत्र दिए गए। इन स्कूलों के शिक्षक व प्रबंधक भी शामिल हुए

समारोह के आयोजन मे मा त्रिपाल सिँह,सत्यपाल धीमान, अशोक गुप्ता, नीरज काम्बोज,डॉ पी के शर्मा, हर्ष वर्धन, मुकेश, नरेंद्र कुमार, दीपक, संजय, अखिलेश को. शिश एड, शिवकुमार, सोमपाल, श्याम सिंह, सुखपाल, संजय,अनिल वत्स, अमित बंसल, प्रियंका, बॉबी आदि मौजूद रहे।

# आज के बच्चे देश का भविष्य: राजकिशोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** राजकिशोर सैनी ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा निखारने से उनका भविष्य उज्जवल होता है।आज के बच्चे देश का भविष्य हैं।

क्षेत्र की प्रसिद्ध शिक्षण संस्था इंडियन एजुकेशन पब्लिक स्कूल में भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।स्कूल प्रबंधक राजकिशोर सैनी ने कहा कि साइंस मॉडल व आकर्षक कलाकृतियां बना कर छात्र छात्राओं ने अपनी विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और नींव हैं।ये जितने सशक्त होंगे देश भी उतना सशक्त होगा।

हिन्दू मुस्लिम युवा एकता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष आस मोहम्मद सैफी ने कहा कि यहाँ एक से बढ़कर एक शानदार मॉडल से बच्चों ने अद्भुत प्रतिभा दिखाई है।उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में आवश्यकता इसी बात की है बच्चों को आधुनिक शिक्षा दी जाए। श्रीमती मंजूलता ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि जीवन के हर क्षेत्र का ज्ञान देना है ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बने।

इस दौरण मंजूलता, अलका, मो.हित, रेशमा, नीशू, महिमा सोनिया, जैनब, निखिल, प्रेरणा, आकांक्षा, रीतू, कोमल सहित स्कूल का स्टाफ व बच्चों के अभिभावकों सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में सुनी गईं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना प्रांगण में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर सीओ सदर प्रिया यादव व थाना प्रभारी विनोद कुमार द्वारा जनसमस्याएं सुनकर मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे ग्राम पटनी निवासी फरियादी राकेश शर्मा ने बताया कि उसके पडौसी किसान द्वारा उसके खेत की मेड काटकर अपने खेत में मिला लिया है। पीड़ित ने खेत की पैमाईश कराकर खेत पूरा कराने की मांग की है। वहीं ग्राम पटनी निवासी स्वराज, राजकुमार, बृजेश, अरविंद आदि ग्रामीणों ने खेतों पर जाने वाली चकरोड को एक किसान द्वारा काटकर अपने खेतों में मिलने का आरोप लगाकर कार्रवाई करने की मांग की है।

इसके अलावा पुलिस से संबंधित कई समस्याएं भी थाना पर आई जिनके बारे में सीओ सदर ने बताया कि सभी समस्याओ का निस्तारण करने हेतु टीम गठित कर दी गई है।

थाना प्रभारी व हल्का लेखपाल एवं चौकी इंचार्ज को मौके पर निस्तारण कराने के आदेश दिए। समाधान दिवस में क्षेत्रीय लेखपाल सुनील कुमार, शबनम, शाईस्ता राव, ऋचा उपाध्याय, स्वाति शर्मा, योगेंद्र सिंह, विजेंद्र चौहान, हिमांशु, विशाल तथा पंचायत कर्मी तनवीर अहमद मौजूद रहे।

# खनिज वाहनों को रोककर ग्रामीणों का हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** थाने के ग्राम सफीपुर में गांव के बीचों बीच से होकर खनन से भरी गाड़ियों की आवाजाही को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा कर खनिज सामग्री से भरे वाहनों को रो.ककर हंगामा किया है।

ग्रामीणों का कहना है कि उड़ती धूल और तेज गति से जाते डंपर परेशानी का सबब बने हुए हैं और ओवर लोड गाड़ियों से गिरते पत्थर ग्रामीणों के लिए खतरा बने हुए हैं स जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने हादसे की आशंका जतायी है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर उचित समाधान नहीं हुआ तो गाड़ियों की आवाजाही नहीं होने देंगे। बताया जाता है की खनन पट्टे से डंपर भरकर शफीपुर मे आबादी के बीचो बीच होते हुए होकर निकल रहे है। क्षेत्र के गांव शफीपुर मे शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने उस समय हंगामा खड़ा कर दिया जब गांव के बीचो बीच से खनिज सामग्री से भरे डंपरो निकलने लगे। तब आक्रोशित ग्रामीणों ने वाहनों को रोक लिया और जमकर विरोध जताया है। ग्रामीणों का कहना है की गांव के बीचो बीच से गुजर रही गाड़ियों से धूल उड़ती है। जिससे उनका जीना मुश्किल हो गया है स ओर धूल से बीमारियों का भी खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने गाड़ियों से हादसों का भी खतरा बताया है। बताया जा रहा है की शेरपुर पेलो स्तिथ खनन पट्टे से खनन सामग्री से भरे वाहनों को ग्रामीणों द्वारा रोककर हंगामा किया गया है। सुचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गयी स और ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया है।

## ट्रस्ट ने बच्चों को सम्मान से नवाजा



**तीतरों।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पास करने पर दीपालय संस्था के छात्र-छात्राओं को ट्रस्ट की ओर से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य गोगिल त्यागी ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा बच्चों को अपनी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति से जोड़ती है। आज बच्चे पाश्चात्य सभ्यता की ओर आकर्षित हो रहे हैं जिसका परिणाम यह हो रहा है कि बच्चे गलत आदतों की ओर अग्रसर हो रहे है। शांतिकुंज की ओर से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसमें अवनी शर्मा, सांची, नंदिनी आदि सहित अनेक बच्चों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। परीक्षा पास करने पर बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य गोगील त्यागी, हंस कुमार, पंकज चौधरी, परमजीत, अतुल, आर्यन आदि उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के न्यू कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट गाइड कैंप का समापन हुआ। शिविर का संच.ालन श्वेता राठी एवं मुस्तकीम अंसारी ने किया। कैंप में स्काउट और गाइड की 18 टोलिया भारत के अलग अलग राज्यों के नाम से बनाई गई। प्रत्येक टोली के छात्र छात्राओं ने अद्भुत प्रदर्शन किया। शिविर में अलग अलग प्रदेश के संस्कृति सुंदर चित्रण, कल्चरल, पहनावा, संस्कृति आदि को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन राजेश कुमार जैन, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अशोक सक्सेना, बालकृष्ण शर्मा, आनंद भटनागर, सुहेल गौर, अबरार अहमद आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए तंबू निर्माण का निरीक्षण किया और प्रतिभागियों से संवाद किया। मुख्य अतिथि राजेश कुमार जैन ने बच्चों को स्काउट के बारे में बताते हुए कहा कि आज के इस आधुनिक सुविधाओं के दौर में यह हमें आत्मनिर्भरता अनुशासन और सेवा भाव सिखाता है। अंत मे सभी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। स्कूल प्रबंधक श्याम कुमार सैनी तथा प्रधानाचार्य विकास कुमार सैनी ने कहा कि स्काउट और गाइड के प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव निश्चित रूप से पूरे जीवन उनके काम आएंगे। छात्र-छात्राओं में अनंत, असद, अंशुमन, वैष्णवी, बसिया, अजवद, कृष्णा, अजमीर, सृष्टि, आयत आदि बच्चों ने अपने टेंट का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कैंप में रजत वालिया, अमित कुमार, मीनाक्षी आदि उपस्थित रहे।

**आवश्यकता है।**

प्राचार्य एवम् स्नातक कक्षाओं में इतिहास, कॉमर्स, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान विषयों में प्रवक्ताओं की, योग्य एवम् इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित प्रात: 10 बजे से 3:00 बजे तक चौधरी आशाराम त्यागी महाविद्यालय जडौदा पाण्डा, सहारनपुर में सम्पर्क करें।

मो. 9760745829, 9720271010

# तीसरे दिन खेले गए कबड्डी व वालीबॉल के मुकाबले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में खेल सप्ताह के तीसरे दिन वॉलीबॉल व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

स्कूल परिसर में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लीग मुक.ाबलों में ऐम्बिशन हाउस ने करेज हाउस को 3 अंकों से पराजित किया, जबकि यूनिटी हाउस ने पीस हाउस को 5 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसके पश्चात हुए रोमांचक फाइनल मुकाबले में यूनिटी हाउस ने ऐम्बिशन हाउस को 4 अंकों से पराजित कर वॉलीबॉल ट्रॉफी अपने नाम की।

कबड्डी प्रतियोगिता के लीग मुकाबलों में ऐम्बिशन हाउस ने पीस हाउस को 3 अंकों से तथा करेज हाउस ने यूनिटी हाउस को 20 अंकों के बड़े अंतर से पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया। फाइनल मुकाबले में करेज हाउस ने रोमांचक संघर्ष के बाद ऐम्बिशन हाउस को पराजित कर कबड्डी चौंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

ऐम्बिशन हाउस से कप्तान अकमल, करेज हाउस से कप्तान अंशुल, पीस हाउस से कप्तान अर्जुन तथा यूनिटी हाउस से कप्तान आदित्य के नेतृत्व में दीपांशु, अभय, अनुराग, वशु, अनुभव शर्मा, अनुभव, रिहान, हिमांशु, अंगराज, जयदीप, आदर्श, लव, प्रिंस, निखिल, शिवम आदि छात्रों ने अपने अपने हाउस की ओर से शानदार एवं जुझारू प्रदर्शन किया।

# खण्डहर में तब्दील हुआ सीएचसी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** विकासखंड मुजफ्फराबाद स्थित रंडोल गांव का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) आज खंडहर में तब्दील हो चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि करीब 40 वर्ष पहले बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से बना यह केंद्र स्टाफ और रखरखाव के अभाव में पूरी तरह जर्जर हो गया है। नाममात्र का यह 51 बेड वाला अस्पताल आज भी कागजों पर तो मौजूद है, लेकिन हकीकत में यहां न तो कोई डॉक्टर तैनात है और न ही कोई अन्य स्टाफ।

ग्रामीणों ने बताया कि केंद्र बनने के बाद से कभी यहां नियमित चिकित्सक या नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति नहीं हुई। दीवारें दरक रही हैं, छत जगह-जगह से टपकती है और परिसर में झाड़ियां उग आई हैं। गांव के लोग गंभीर बीमारियों में दूर-दराज के अस्पतालों का रुख करने को मजबूर हैं। महिलाओं और बच्चों को प्रसव या आपातकालीन इलाज के लिए सहारनपुर या अन्य शहरों जाना पड़ता है, जिससे कई बार जान जोखिम में पड़ जाती है।

ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के कारण यह केंद्र बेकार पड़ा है। कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वे मांग कर रहे हैं कि केंद्र को तुरंत सक्रिय किया जाए, स्टाफ नियुक्त हो और भवन का जीर्णोद्धार कराया जाए। अन्यथा ग्रामीण आंदोलन करने को तैयार हैं।यह मामला ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को उजागर करता है, जहां सरकारी योजनाएं कागजों तक सीमित रह जाती हैं। प्रशासन से उम्मीद है कि जल्द इस समस्या का समाधान निकलेगा।

## बुजुर्ग महिला का गांव आकर किया निःशुल्क इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** एक बुजुर्ग विधवा महिला बहुत निर्धन होने से लाचारी का जीवन व्यतीत कर रही हैं। उसकी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रही खबर पर एक चिकित्सक ने मानवता के आधार उसके गांव जाकर निःशुल्क इलाज किया।

मुबारिकपुर की रेशम सैनी बुजुर्ग अवस्था मे है। पति का निधन बहुत पहले हो गया था। कोई संतान भी नही है। आजीविका के लिए कोई साधन नही है। लोगों की मदद व सरकार से राशन मिलने से रोटी का जुगाड़ हो रहा है। उसके पास दवाई के लिए भी पैसे नही है। इस खबर से विचलित होकर गंगोह के विद्या देवी मेडिकेयर सेंटर के एमडी डा. अंकित सैनी ने स्टाफ के साथ गांव जाकर रेशम सैनी का इलाज किया।

# पुस्तक का विमोचन, 59 रोगियों का परीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रेलवे पेंशनर्स समाज की संस्था कार्यालय- पर आयोजित मासिक मिलन बैठक में निःशुल्क फिजियो थेरेपी चिकित्सा शिविर आयोजन एवं पुस्तक अभिनव कहानीयां का विमोचन किया गया। शिविर में 59 रोगियों का परीक्षण कर फिजियोथैरेपी चिकित्सा परामर्श दिया।




रेलवे कॉलोनी स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक व चिकित्सा शि.विर में आई ओ एस फिजिकल रिहैब के डॉ. नावेद गौर ने बताया कि पूरा दिन कुर्सी पर बैठने, गलत पोस्चर में सोने, दैनिक दिनचर्या, मांसपेशियों को बहुत ज्यादा खींचने की वजह से स्पाइन और जोड़ों संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। दवाओं से इस दिक्कत को कम तो किया जा सकता है लेकिन हर समय दवा लेना संभव नहीं है। इससे रोगी को दर्द निवारक दवाओं की आदत पड़ सकती है,जो नुकसान दायक होती है।ये थेरेपी वरिष्ठ लोगों के दर्द का उपचार, आंत.रिक सुरक्षा एवं शक्ति, बेहतर नींद, मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक दृष्टिकोण और जीवन की गुणवत्ता में सुधार में सहायक है। डॉ नावेद ने 59 रोगियों का परीक्षण कर फिजियोथैरेपी चिकित्सा परामर्श दिया। डॉक्टर शीनम एवं डॉ नदीम सहयोगी रहें।महामंत्री एन एस चौहान द्वारा लिखित पुस्तक ष् अभिनव कहानीयां ष्का विमोचन किया गया। चौहान ने अपनी पुस्तक की प्रस्तावना प्रस्तुत की। संस्थापक आर सी शर्मा ने शिविर में आए हुए चिकित्सक का आभार व्यक्त कर सम्मान किया। निःशुल्क चिकित्सा शिवर आयोजन को वरिष्ठ जनों के लिए हितकारी बताया। उन्होंने पुस्तक लेखन के लिए एन एस चौहान का सम्मान किया और कहा कि पुस्तक पठन एवं लेखन बहुत ही ज्ञानवर्धक, महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कार्य है।अध्यक्षता जे पी शर्मा, संचालन आर के धीगड़ा ने किया। इस अवसर पर अजय शर्मा, विजय तलवार, देवेंद्र कुमार, स्वतंत्र भारद्वाज, मूलचंद रांगड़ा, अमरनाथ त्यागी, विजय त्यागी, अरविंद शर्मा, इकबाल अजीम, एच सी राम, जयदेव सिंह,जुगल, राम प्रकाश शर्मा, संजीव छाबड़ा, अजीत राणा, श्रीकृष्ण आर्य, बलजीत, इंद्रजीत कुमार मौजूद रहे।

# वन विभाग की कार्रवाई के विरोध में भाकियू टिकैत उतरेगी सड़क पर

## 32 गांवों के किसानों को राहत दिलाने के लिए सोमवार को तहसील में धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना तहसील क्षेत्र के 32 गांवों के किसानों पर वन विभाग द्वारा जारी बेदखली नोटिस के विरोध में भारतीय किसान यूनियन द्धटिकैतत्रः आंदोलन का बिगुल फूंकने जा रही है।

भाकियू टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल खाटियान ने ऐलान किया है कि आगामी सोमवार को संगठन तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन करेगा और प्रशासन से त्रस्त किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाएगा।नगर के मोहल्ला आलकलां निवासी भाकियू टिकैत नगर अध्यक्ष इनाम चौधरी उर्फ कालू के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल खाटियान ने कहा कि खादर क्षेत्र के 32 गांवों में वन विभाग द्वारा किसानों को बेदखली नोटिस जारी किए जाने से क्षेत्र में भारी आक्रोश है। उन्होंने बताया कि किसान पिछले लगभग 70 वर्षों से जिस भूमि पर खेती कर अपने परिवारों का भरण-पोषण कर रहे हैं, उसे वन विभाग वर्ष 1955 के पुराने अभिलेखों का हवाला देकर वन भूमि बताकर खाली कराने की कार्रवाई कर रहा है।कपिल खाटियान ने स्पष्ट किया कि यह भूमि चकबंदी के दौरान काश्त भूमि के रूप में दर्ज है तथा किसानों के पास इससे संबंधित सभी वैध राजस्व अभिलेख मौजूद हैं। इसके बावजूद करीब 32 गांवों की लगभग 60 हजार बीघा भूमि को बेदखली की जद में लिया जाना किसानों के साथ अन्याय है।उन्होंने कहा कि किसानों को राहत दिलाने और प्रशासन द्वारा की जा रही कथित उत्पीड़नात्मक कार्रवाई के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए भाकियू टिकैत सोमवार को तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन करेगी, जिसमें बड़ी संख्या में किसान व संगठन के पदा. धिकारी शामिल होंगे।प्रेस वार्ता के दौरान युवा मंडल महासचिव मोहित शर्मा, जिला सचिव गुरदीप चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष गयूर हसन, मंडल सचिव पुष्कर सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष इंतजार अली, मिंटू सैनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ऑपरेशन सवेरा के तहत चलाया नशामुक्ति जागरूकता अभियान




**शामली।** ऑपरेशन सवेरा नशे के विरुद्ध जागरूक समाज, सशक्त भविष्य अभियान के अंतर्गत आमजनमानस हेतु नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा आज दिनांक 27.12.2025 को ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर अभियान के अंतर्गत थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मुंडेट कला में आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने हेतु एक व्यापक एवं प्रभावशाली नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा उपस्थित आम नागरिकों, युवाओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्परिणामों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से क्षति पहुंचाता है, बल्कि उसके पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन को भी बुरी तरह प्रभावित करता है । नशे की लत के कारण व्यक्ति अपराध, हिंसा एवं अवैध गतिविधियों की ओर अग्रसर हो जाता है, जिससे समाज की शांति एवं सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पुलिस टीम द्वारा उपस्थितजनों को नशे से पूर्णत: दूर रहने, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने, बच्चों व युवाओं को सही मार्गदर्शन देने तथा स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशा-मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही आमजन से अपील की गई कि नशा-मुक्त समाज के निर्माण हेतु स्वयं जागरूक बनें एवं अपने परिवार, मित्रों तथा आसपास के लोगों को भी इस अभियान से जोड़ें।

# कोहरे को लेकर यातायात विभाग ने शुरू की नई पहल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कोहरे में होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम व वाहन चालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात विभाग द्वारा एक नई पहल की गई है। कोहरे से बचाव व वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए शहर के सभी प्रमुख चौराहों व हाइवों पर लाउडस्पीकर लगाए गए हैं जिसके माध्यम से कोहरे से बचाव की जानकारी दी जा रही है। यातायात प्रभारी लाल विराट भारद्वाज ने बताया कि इन दिनों पड रहे घने को. हरे के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। कई बार तो कोहरा इतना घना होता है कि कुछ दूरी का भी साफ नजर नहीं आता। इसके लिए यातायात विभाग द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों व हाइवों पर लाउडस्पीकर लगाए गए हैं जिनके माध्यम से वाहन चालकों को कोहरे के दौरान सुरक्षित यात्रा के उपाय बताए जा रहे हैं। यातायात प्रभारी ने कहा कि यदि कोहरा बेहद घना हो तो अपने से आगे चल रहे वाहनों से दूरी बनाए रखें, हमेशा फॉग लाइट का प्रयोग करें, वाहनों के इंटीगेटर जलाए रखें ताकि पीछे आ रहे वाहन चालक इसे देख सकें और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम हो। यदि कोहरे के कारण साफ नजर न आने से चलने में परेशानी हो तो कुछ समय के लिए अपने वाहन को सडक किनारे सुरक्षित स्थान खडा कर वाहन से बाहर निकल जाएं, वाहन चलाते समय समय हमेशा सीट बैल्ट व हेलमेट का प्रयोग करें। गलत दिशा और वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। मोड पर इंडीगेटर का प्रयोग करें। कोहरे के दौरान रात में सफर करने से बचे।





# देश के लिए अपने चार साहिबजादों का भी किया बलिदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के धीमानपुरा स्थित गुरुद्वारा में गुरु गोविन्द सिंह जी का प्रकाशोत्सव धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में सिख श्रद्धालुओं ने भाग लिया। दोपहर के समय गुरु के अटूर लंगर का भी आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार शनिवार को धीमानपुरा स्थित गुरुद्वारा में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरु गोविन्द सिंह जी का प्रकाशोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा में भव्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। रागी जत्थों ने गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए बताया कि गुरुजी ने अन्याय के खिलाफ 14 जंग लडी, अपना सारा परिवार देश की रक्षा में लगा दिया। अपने चार साहिब. जादे भी देश के लिए कुर्बान कर दिए। कार्यक्रम में बडी संख्या में सिख महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर गुरु के अटूर लंगर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरदार अर्जुन सिंह, सरदार सतनाम सिंह, गुरजीत सिंह बेदी, दलजीत सिंह, जगजीत सिंह, जसविन्दर सिंह, राजेन्द्र सिंह, संतोख सिंह आदि भी मौजूद रहे।

## केक काटकर मनाया जयंत चौधरी का 47वां जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर शनिवार राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह का 47वां जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी के पदा. धिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केक काटकर रालोद प्रमुख के दीघार्यु होने की कामना की। इस अवसर पर शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, थानाभवन विधायक अशरफ अली खान, रालोद जिलाध्यक्ष वाजिद अली, विजय कौशिक, अब्दुल गफ्फार, बाबूराम पंवार, राजन जवाला, देशराज भनेड़ा, आशीष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोहरे व ठंड के साथ शीतलहर ने भी ठिठुराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** घने कोहरे, कडाके की ठंड व शीतलहर से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। शुक्रवार की देर रात व शनिवार की सुबह भी कोहरे व कडाके की ठंड का दौर जारी रहा, वहीं शीतलहर ने भी लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। पूरे दिन धूप को भी असर बेहद कम रहा जिससे जनजीवन प्रभावित नजर आया।

जानकारी के अनुसार इन दिनों कोहरे व कडाके की ठंड ने लोगों का जीना दुश्वार कर रखा है, वहीं शीतलहर भी लोगों को ठिठुरा रही है। शुक्रवार की रात भी कोहरे ने पूरे शहर को अपनी आगोश में लिए रखा वहीं शनिवार की सुबह भी घने कोहरे व कडाके की ठंड से जीवन मुहाल नजर आया। शीतलहर ने भी लोगों को परेशान किए रखा। स्कूलों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति भी बेहद कम रही।

पूरे दिन धूप का असर भी बेहद कम रहा जिस कारण लोग गर्म कपडों में पूरी तरह पैक दिखाई दिए। ठंड से बचाव के लिए लोगों को अलाव पर हाथ तापने पडे। शाम के समय ठंड का असर और ज्यादा बढने के कारण बाजारों में भी सन्नाटा सा पसर गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी कोहरे व ठंड के कारण किसान देर से ही अपने-अपने खेतों पर काम के लिए जा रहे हैं।

# शिक्षण संस्थाओं में भी श्रद्धा से मनाई गुरु गोविन्द सिंह की जयंती




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के शिक्षण संस्थाओं में भी सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविन्द सिंह की जयंती धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को गुरुजी के जीवन से प्रेरणा लेने का आहवान किया।

जानकारी के अनुसार शनिवार को गुरु गोविन्द सिंह जी की जयंती पर शहर के शिक्षण संस्थाओं में कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में आयोजित जयंती समारोह में मुख्य वक्ता प्रवेश शर्मा ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह सिक्खों के दसवें गुरु थे इन्होंने हिंदू धर्म रक्षा हेतु महान कार्य किए।

कश्मीरी पंडितों पर अमानवीय अत्याचारों की कहानी सुनकर उनको बड़ा दुख हुआ उन्होंने अपने पिता तेग बहादुर को बलिदान देने के लिए प्रेरित किया इन्होंने देश धर्म रक्षा हेतु अपने चारों पुत्रों का बलिदान भी दे दिया। प्रधानाचार्य संजय सैनी ने बताया कि गुरुजी एक महान समाज सुधारक थे।

उन्होंने सती प्रथा, कन्या हत्या, अस्पृश्यता आदि कुप्रथाओं को समाप्त कर समानता के अधिकार पर सामाजिक संगठन स्थापित किया। गुरुजी ने 1699 ई में बैसाखी के दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस अवसर पर आशीष जैन, रवि कुमार, अरुण शर्मा, करुण कांत शर्मा, शिवकुमार धीमान, आदेश धीमान, मुकेश कुमार, संदीप कुमार, निमित्त कुमार आदि मौजूद रहे।

दूसरी ओर नेशनल चिल्ड्रन एकेडमी में भी सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविन्द सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। शिक्षकों ने बच्चों को गुरुजी के जीवन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गुरु गोविन्द सिंह सच्चे देशभक्त थे, उन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया, साथ ही अपने चार साहिबजादों को भी देश के लिए कुर्बान कर दिया।

वे एक महान योद्धा थे जिन्होंने खालसा पंथ की भी स्थापना की थी। इस अवसर पर मिथलेश संगल, मनोज कुमार संगल, अनु शर्मा, मुस्कान, चेताली, पायल, सुधा, मीरा, साम्या आदि भी मौजूद रहे।

# भैंसवाल में चलाया गया नशामुक्ति जागरूकता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आपरेशन सवेरा के तहत चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के दौरान शनिवार को गढीपुख्ता पुलिस ने गांव भैंसवाल में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। पुलिस ने ग्रामीणों से नशे से दूर रहने व नशा का कारोबार करने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की।

जानकारी के अनुसार इस समय जनपद में आपरेशन सवेरा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत लोगों को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शनिवार को गढीपुख्ता पुलिस ने गांव भैंसवाल में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा नागरिकों, युवाओं एवं अभिभावकों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक एवं मान. सिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से क्षति पहुंचाता है, बल्कि उसके पारिवा. रिक, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। नशे की लत के कारण व्यक्ति अपराध, हिंसा एवं अवैध गति. विधियों की ओर अग्रसर हो जाता है, जिससे समाज की शांति एवं सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे नशे से दूर रहें तथा दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें, साथ ही नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों की सूचना पुलिस को दें ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

# पुत्री को आत्महत्या के लिए उकसाने में दो महिलाओं समेत छह पर रिपोर्ट दर्ज

## गढीपुख्ता के गांव रामगढ़ निवासी पीड़ित की गुहार पर न्यायालय ने लिया मामले का संज्ञान

**शामली।** गढीपुख्ता क्षेत्र के गांव रामगढ निवासी प्रेम ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गांव के रामशरण, जितेन्द्र, राजेन्द्र पुत्रगण रामशरण, अंकुश पुत्र राजेन्द्र, उर्मिला पत्नी राजेन्द्र, रामकली पत्नी सुरेश ने 14 मई 2025 को उसकी पुत्री सुनीता को अपने घर बुलाया जहां विपक्षी राजेन्द्र का पुत्र हर्ष भी मौजूद था। विपक्षियों ने उसकी पुत्री व अपने पुत्र हर्ष को धमकी दी कि वे दोनों एक दूसरे से न मिले, यदि उन्होंने दोबारा मिलने का प्रयास किया तो वे उन्हें गांव के चौराहे पर जिंदा जला देंगे और इसकी आडियो व वीडियो भी वायरल कर दी जाएगी। विपक्षियों ने उसकी पुत्री को भी गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीडित प्रेम ने आरोप लगाया कि विपक्षियों ने उसकी पुत्री को धमकाते हुए उसे आत्महत्या करने के लिए उकसाया जिसके बाद उसकी बेटी ने जहर का सेवन कर आत्महत्या कर ली।

मरने से पूर्व उसकी बेटी ने बताया कि विपक्षियों ने हर्ष की भी हत्या कर डाली है। उसने इस संबंध में गढीपुख्ता थाने पर तहरीर दी थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उसने एसपी आफिस पर भी गुहार लगाई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई जिसके बाद उसे न्यायालय की शरण में जाना पडा। न्यायालय ने मामले का संज्ञान लेते हुए गढीपुख्ता पुलिस को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आधा दर्जन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सींगरा गांव में फूंका बांग्लादेश सरकार का पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव सींगरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका गया। यह कार्यक्रम युवा प्रदेश महासि. चव अशवनी शर्मा व जिला उपाध्यक्ष नासिर चौधरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और वहां हो रही घटनाओं की कड़ी निंदा की। वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार और लोकतांत्रिक मूल्यों के हनन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। युवा प्रदेश महासचिव अश. वनी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा मानवाधिकारों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। जिला उपाध्यक्ष नासिर चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हस्तक्षेप करना चाहिए। पुतला दहन के दौरान मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम के समापन पर कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर लो. कतंत्र और मानवाधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया।

# एटीएम कार्ड बदलकर नकदी उड़ाने वाला आरोपित गिरफ्तार, आधा दर्जन एटीएम कार्ड बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** थानाभवन पुलिस ने एटीएम कार्ड चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से विभिन्न बैंकों के आधा दर्जन एटीएम कार्ड भी बरामद किए हैं। पुलिस इससे पहले एक अन्य आरोपित को भी 79 एटीएमम कार्ड बरामद कर जेल भेज चुकी है।

जानकारी के अनुसार थानाभवन क्षेत्र के गांव दभेडी निवासी वाजिद 4 जुलाई को कस्बा जलालाबाद स्थित इंडियन बैंक से रूपए निकालने गया था जहां मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने वाजिद को बातों में उलझाकर उसका एटीएम बदल दिया था और कुछ समय बाद खाते से 50 हजार रूपए की नकदी निकाल ली थी।

इसके अलवा 27 सितम्बर 2025 को जलालाबाद के मौहल्ला रामरतन मंडी निवासी विपिन का भी अज्ञात लोगों ने एटीएम बदलकर 50 हजार रूपए की नकदी निकाल ली थी।

पीडितों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपित पंकज पुत्र समर सिंह निवासी गांव पिन्जौरा मलीपुरा थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर हाल निवासी गलीरा चौंक जनपद सहारनपुर को चोरी किए गए 79 एटीएम कार्ड के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि अन्य की तलाश की जा रही थी।

शनिवार को थानाभवन ने मामले में वांछित आरोपित अश्वनी उर्फ काका पुत्र श्यामलाल निवासी स्टार पेपर मिल शेखपुरा जगदीश गार्डन जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से विभिन्न बैंकों के 6 एटीएम कार्ड भी बरामद किए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पागल कुत्ते ने सफाई कर्मचारी पर किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** नगर पंचायत क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सफाई कार्य में जुटे नगर पंचायत कर्मचारी सन्नी को एक पागल कुत्ते ने काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना उस समय हुई जब सन्नी नियमित रूप से सफाई कार्य कर रहे थे। अचानक कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए।

घटना के बाद पागल कुत्ते ने आसपास घूम रहे कई आवारा कुत्तों को भी काट लिया, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। पागल कुत्ते की सूचना मिलते ही आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और भय के चलते अपने बच्चों व बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानों पर ले गए। कुछ समय के लिए इलाके में हड़कंप की स्थिति बनी रही। सूचना मिलने पर नगर पंचायत के अन्य सफाई कर्मचारी मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद पागल कुत्ते को पकड़ लिया। घायल कर्मचारी सन्नी को उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। चिकित्सकों ने उसे एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाने की सलाह दी है। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत से क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण करने और समय-समय पर टीकाकरण कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# इंग्लैंड की बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऐतिहासिक जीत

## चौथे एशेज टेस्ट में दूसरे ही दिन ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर 14 साल का इंतजार खत्म किया

**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिग डे पर इतिहास रच दिया, चौथे एशेज टेस्ट में दूसरे ही दिन शनिवार को ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर जनवरी 2011 के बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट जीत हासिल की और 14 साल का इंतजार खत्म किया।

इस जीत से बार्मी आर्मी और इंग्लैंड टीम में जोरदार जश्न मनाया गया, जिसमें जो रूट और बेन स्टोक्स जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने आखिरकार उस जीत का आनंद लिया जो उन्हें ऑस्ट्रेलिया में लंबे समय से नहीं मिली थी। इंग्लैंड के जोश टंग को मैच में सात विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिससे ऑस्ट्रेलिया पर तुरंत दबाव आ गया। मेजबान टीम पहली पारी में 152 रन ही बना पाई, जबकि इंग्लैंड ने 110 रन बनाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में मामूली बढ़त मिली। अपनी दूसरी पारी में, ऑस्ट्रेलिया 132 रन पर ढेर हो गई, जिसमें ब्रायडन कार्स, बेन स्टोक्स और गस एटकिसन ने अनुशासित और धारदार गेंदबाजी से कहर बरपाया। कार्स ने मार्नस लाबुशेन और ट्रैविस हेड सहित चार विकेट लिए, जबकि स्टोक्स ने कैमरन ग्रीन, जेक वेदरल्ड और नेसर को आउट किया। मिशेल स्टार्क बिना खाता खोले आउट हो गए, रूट ने उनका कैच लिया, और पारी तब खत्म हुई जब जे रिचर्डसन ने पुल शॉट खेला और गेंद क्रॉली के हाथों में चली गई। 175 रनों का पीछा करते हुए, इंग्लैंड को तनावपूर्ण पलों का सामना करना पड़ा क्योंकि बेन डकेट और जैक क्रॉली की शुरुआती आक्रामकता ने मंच तैयार किया। जैकब बेथेल ने महत्वपूर्ण 40 रनों का योगदान दिया, जबकि जो रूट 15 रन बनाकर रिचर्डसन का शिकार हुए



और बेन स्टोक्स तब आउट हुए जब सिर्फ 10 रन चाहिए थे। हालांकि, हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ की शांत और संयमित बल्लेबाजी ने इंग्लैंड को जीत दिलाई, ब्रूक ने आखिरी ओवरों में महत्वपूर्ण चौके लगाकर ऐतिहासिक जीत पक्की की। इंग्लैंड ने छह विकेट पर 178 रन बनाए। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड ने कौशल, तनाव और नाटक से भरा एक रोमांचक मुकाबला देखा। दबाव में वापसी करने की इंग्लैंड की क्षमता, अनुशासित गेंदबाजी और सही समय पर साझेदारियों ने उन्हें बॉक्सिग डे पर एक यादगार जीत हासिल करने में मदद की। हालांकि यह जीत इस सीरीज में एशेज वापस पाने के लिए काफी नहीं है, लेकिन यह ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में इंग्लैंड के लचीलेपन और जुझारू भावना को दिखाती है, जिससे उनके सीनियर खिलाड़ियों की सालों की निराशा खत्म हुई। इस मैच ने दोनों टीमों की गहराई और चरित्र को भी उजागर किया, ऑस्ट्रेलिया ने प्रतिरोध के कुछ पल दिखाए लेकिन आखिरकार इंग्लैंड के लगातार दबाव के आगे घुटने टेक

# दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा है: स्टीव स्मिथ

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट दो दिन में हारने के बाद कहा कि दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा है। स्मिथ ने शनिवार को मैच के बाद एमसीजी की पिच को लेकर कहा कि हां, यह काफी मुश्किल था। दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा हैं। ग्राउंड्समैन के तौर पर यह काफी मुश्किल है।

मेरे हिसाब से वह हमेशा सही प्रकार का संतुलन देने की कोशिश करते हैं। पिछले साल की पिच बहुत अच्छी थी और मैच पांचवें दिन तक गया था। इस बार भी अगर 10 मिमी की जगह 8 मिमी रखते तो सही रहता। लेकिन ग्राउंड्समैन हमेशा सीखते हैं और इस मैच से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा। एमसीजी के क्यूरेटर मैट पेज ने इस बार 7-8 मिमी घास की जगह 10 मिमी घास रखी थी और अंत में इसी कारण से मैच सिर्फ दो दिन के



अंदर खत्म हो गया। स्मिथ ने आगे कहा कि जिन पिचों पर सीम गेंदबाजों को ज्यादा मदद मिलती है, वहां स्पिन खेलना आसान होता है और ऐसे में आप यही सोचते हैं कि इस तरह की पिच पर स्पिनर को खिलाकर 30-40 रन अतिरिक्त क्यों देना है। पर्थ में भी हमने स्पिनरों का ज्यादा इस्तेमाल नहीं किया था।

पिंक बॉल टेस्ट में भी स्पिनरों का उपयोग नहीं किया गया था। एडिलेड में पिच अलग थी इसलिए वहां मामला अलग था। इस मैच में भी स्पिन गेंदबाजों को गेंद देने की जरूरत नहीं लगी। मुझे मैच में स्पिनरों का योगदान अच्छा लगता है लेकिन जहां जरूरत नहीं है, वहां मतलब नहीं बनता। टेस्ट इतिहास में पहली बार ऑस्ट्रेलिया ने पूरे मैच में किसी स्पिनर से गेंद नहीं करवाई। चार मैचों में अभी तक दो मैच में ऑस्ट्रेलिया ने चार तेज गेंदबाज खिलाए और पर्थ टेस्ट में भी नाथन लायन ने सिर्फ दो ओवर ही गेंदबाजी की थी। इंग्लैंड ने दो दिन के अंदर एशेज का चौथा टेस्ट जीता और यह इस सीरीज का दूसरा दो दिन वाला टेस्ट मैच था। इससे पहले 1912 में एक सीरीज में एक से ज्यादा दो दिन के टेस्ट खेले गए थे और ऑस्ट्रेलिया में सिर्फ चार बार दो दिन के टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस सीरीज से पहले 1931 में मेलबर्न और 2022 में ब्रिस्बेन में यह रिकॉर्ड बना था। पिछले 20 सालों में एमसीजी की पिच ऑस्ट्रेलिया में बल्लेबाघे के लिए सबसे मुश्किल पिच थी। इसी कारण से 1932 के

# दीप्ति ने 1000 रन व 150 विकेट लेकर रचा इतिहास



**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में ऐतिहासिक प्रदर्शन

### इस प्रारुप में महिला व पुरुष दोनों में यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर

करते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। इस मैच में उन्होंने महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली तीसरी खिलाड़ी बनने की उपलब्धि के साथ इसी प्रारूप में एक हजार रन और 150 विकेट का डबल पूरा करने का भी कारनामा किया। वह इस प्रारुप में (महिला, पुरुष) दोनों में यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर है।

ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में शुक्रवार को दीप्ति के 3/18 के शानदार स्पेल से उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की महान एलिस पेरी को पीछे छोड़ दिया है। पेरी ने 271 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 331 विकेट थे। दीप्ति के नाम अब 333 विकेट हो गए हैं। यह कारनामा करने वालों में वह अब केवल इंग्लैंड की कैथरीन साइवर-ब्रंट और भारतीय दिग्गज झूलन गोस्वामी से पीछे हैं। 26 साल की दीप्ति ने इस छोटे फॉर्मेट में एक और बड़ा मुकाम हासिल किया। वह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 150 विकेट लेने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर (पुरुष या महिला) खिलाड़ी बन गईं। दीप्ति ने श्रीलंका की कविशा दिलहारी को आउट करके यह मुकाम हासिल किया और बाद में अपना 151वां टी-20 विकेट लिया, जिससे वह ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट के साथ महिला टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। महिला एकदिवसीय में, वह झूलन गोस्वामी के बाद भारत की दूसरी सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। उन्होंने 121 मैचों में 162 विकेट लिए हैं, जबकि पांच टेस्ट मैचों में 18-10 के शानदार औसत से 20 विकेट भी लिए हैं। उन्होंने अब इस प्रारुप में 1,100 से अधिक रन बनाए हैं और 151 विकेट भी लिए हैं। वह पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों में टी-20 के इतिहास में एक हजार रन और 150 विकेट का कारनामा करने वाली पहली खिलाड़ी हैं।

# सफेद गेंद क्रिकेट में वापसी की तैयारी में पंत

**बेंगलुरु, वार्ता।** बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से क्षितिज पर एक एयरपोर्ट रनवे दिखाई देता है। विमानों के उड़ान भरने की आवाज जमीन तक नहीं पहुंचती, लेकिन नजारा दिखता है। गुजरात द्वारा पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहे जाने के बाद दिल्ली की पारी के अधिकांश समय ऋषभ पंत खुद उड़ान भरने के लिए तैयार थे। लेकिन वह संयमित रहे, 20वें ओवर में 98 रन पर 3 विकेट गिरने के बाद मैदान पर आए थे। बेंगलुरु के बाहरी इलाके में, बड़ी भीड़ या ट्रैफिक की अनुपस्थिति में, खेल की गति बीच में आने वाली आवाजों से तय होती है। गेंदबाज के दौड़ने पर बल्ले की आवाज, फील्डरों का अपील के लिए जोर से चिल्लाना, बाउंसर के बल्लेबाज के पास से गुजरने के बाद आहें। पिच ने तेज गेंदबाजों को थोड़ी गति और उछाल दी, जिससे बल्लेबाजों के लिए जीवन और मुश्किल हो गया, जैसा कि विराट कोहली ने 29 गेंदों में अर्द्धशतक बनाया था। विशाल जायसवाल की शानदार लेफ्ट-आर्म स्पिन गेंदबाजी से स्टंप होने से पहले उन्होंने दिल्ली के 108 रनों में से 77 रन बनाए थे। फील्ड फैली हुई थी, और दिल्ली के बल्लेबाजों के खत्म होने का



खतरा था, ऐसे में पंत के लिए टिके रहना महत्वपूर्ण था, क्योंकि कोई राहत नजर नहीं आ रही थी। उन्होंने ज्यादातर गेंदों को इन-फील्डरों के पास से निकालकर सिगल लिए और 20 और फिर 30 रन बनाए। पंत ने क्रीज पर टिके रहने पर ध्यान दिया और शुरुआत में शानदार, हवाई शॉट्स से काफी हद तक परहेज किया। क्रीज पर उनकी शांति, हर बार पिच पर बल्ला टैप करने पर जमा हो रही पावर से बिल्कुल अलग थी। उनका कंजर्वेटिव स्ट्रोक प्ले उस पावर से मेल नहीं खाता था जिसे वह उनमें इस्तेमाल कर रहे थे। फील्ड के पार एक और शॉट ने उन्हें 49 रन पर पहुंचा दिया। फिर उन्होंने जैसे ही रवि बिश्नोई को अपनी हिटिंग आर्क से दूर एक गलत गेंद फेंकते देखा, उन्होंने स्विच ऑन कर दिया। लाइन के पार एक जोरदार स्विंग के साथ उस पर टूट पड़े। उनका हाथ बल्ले से पूरी तरह अलग नहीं हुआ, जैसा कि उनके कई पावरफुल शॉट्स में होता है, लेकिन गेंद लॉन्ग-ऑन बाउंड्री के बहुत दूर चली गई। स्प्रिंग काफी देर से कसा हुआ था, और अब 50 रन पार करने के बाद, गेंदों के बीच उनके मूवमेंट की गति में कुछ बदलाव आया। वह अचानक क्रीज के पार कूदते हुए दिखे, दूसरे छोर पर हर्ष त्यागी के साथ ग्लव्स टैप करने के लिए ज्यादा उत्सुक थे। अपने अर्द्धशतक के तुरंत बाद, वह घुटनों पर बैठ गए, डीप-बैकवर्ड स्क्वायर लेग की तरफ स्वीप किया, भले ही वह लगभग दूसरी तरफ गिर गए थे। उन्होंने 62 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया था। उन्होंने अगली 16 गेंदों में 20 रन और जोड़े। इस सेट के रनों का सबसे अच्छा शॉट तब था जब वह अपनी क्रीज में काफी पीछे खड़े थे और एक गेंद अजीब तरह से उठी, ऑफ स्टंप के बाहर अच्छी लेंथ से थोड़ी पहले से ऊपर की ओर गई।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### न्यूलैंड्स में रनों की बरसात के बीच सीजन 4 का भव्य आगाज

**न्यूलैंड्स, वार्ता।** रयान रिकेल्टन का एसए20 में पहला शतक भी एमआई केप टाउन को हार से नहीं बचा सका। रोमांचक सीजन-4 के उद्घाटन मुकाबले में डरबन सुपर जायंट्स ने एमआई केप टाउन को 15 रन से हराकर विजई शुरुआत की। रनों से भरी इस ओपनिग नाइट में कुल 449 रन बने, जिसमें 25 छक्के और 40 चौके शामिल रहे। न्यूलैंड्स पहुंचे दर्शकों को शुरू से अंत तक भरपूर मनोरंजन देखने को मिला। डरबन सुपर जायंट्स की ओर से न्यूजीलैंड की नई ओपनिग जोड़ी कॉनवे और केन विलियमसन ने पावरप्ले में शानदार शुरुआत दी। दोनों ने मात्र 8-3 ओवर में 96 रन जोड़ दिए। विलियमसन (25 गेंदों पर 40 रन, 7 चौके) का विकेट एमआई केप टाउन के कप्तान ने मिड-ऑफ से पीछे दौड़ते हुए फुल-लेंथ डाइव लगाकर लाजवाब कैच लेकर गिराया।

### दो-दिवसीय टेस्ट से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को हो सकता है लाखों का नुकसान


**मेलबर्न, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा कि छोटे टेस्ट बिजनेस के लिए खराब हैं व रिकॉर्ड भीड़ के बावजूद बॉक्सिग डे टेस्ट में पहले दिन 20 विकेट गिरने के बाद उन्होंने माना कि उनकी रात नींद के बिना गुजरी। सीए को उम्मीद थी कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पूरे बॉक्सिग डे टेस्ट में भीड़ के रिकॉर्ड टूटेंगे, भले ही सीरीज खत्म हो गई थी, क्योंकि पहले तीन दिनों में पहले से बिके टिकटों की संख्या और पूरी सीरीज में अभूतपूर्व मांग थी। लेकिन पर्थ में दो-दिवसीय टेस्ट में पहले दिन 19 विकेट गिरने के बाद 50 लाख ऑस्ट्रेलियन डॉलर (33 लाख डॉलर) के आसपास का नुकसान होने के बाद, अगर मेलबर्न टेस्ट छह सेशन के अंदर खत्म हो गया।

# पंजाब किंग्स के पास चहल के लिए पर्याप्त बैकअप नहीं है: मुकुंद

### अभिनव मुकुंद ने कहा कि पंजाब किंग्स को ऑक्शन में ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं , क्योंकि उन्होंने पहले ही काफी इन्वेस्ट कर दिया था

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अभिनव मुकुंद ने कहा है कि पंजाब किंग्स के पास युजवेंद्र चहल के लिए पर्याप्त बैकअप नहीं है। टाटा आईपीएल 2026 ऑक्शन में पंजाब किंग्स ने विष्णु विनोद और प्रवीण दुबे जैसे अहम घरेलू खिलाड़ियों के साथ-साथ मिडिल ऑर्डर में बैलेंस के लिए ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कूपर कॉनोली को लेकर अपनी टीम को मजबूत किया। जियो हॉटस्टार के 'टाटा आईपीएल ऑक्शन रिव्यू' में, जियोस्टार के एक्सपर्ट रॉबिन उथप्पा और अभिनव मुकुंद ने टीम के स्मार्ट एडिशन की तारीफ की, साथ ही स्पिन डेप्थ जैसे उन एरिया पर भी ध्यान दिलाया जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। अभिनव मुकुंद ने कहा कि पंजाब किंग्स को ऑक्शन में ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि उन्होंने पहले ही काफी इन्वेस्ट कर दिया था। एकमात्र चिंता की बात यह है कि युजवेंद्र चहल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में नहीं खेले। इसलिए यह साफ नहीं है कि उनके पास उनके लिए पर्याप्त बैकअप है या नहीं। उन्होंने कर्नाटक के लेग-स्पिनर प्रवीण दुबे और कूपर कॉनोली को टीम में शामिल किया है, जो एक रोमांचक बाएं हाथ के ऑलराउंडर हैं और तीन से पांच नंबर तक कहीं भी बैटिंग कर सकते हैं।

# होल्डन, नसीम ने टीम को टॉप स्पॉट पर पहुंचाया



**शारजाह, वार्ता।** डेजर्ट वाइपर्स ने शारजाह वॉरियर्स को हराकर आईएल टी 20 पॉइंट्स टेबल में टॉप स्थान हासिल किया, जिसके परिणामस्वरूप वॉरियर्स टूर्नामेंट से बाहर हो गए। सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन का नेतृत्व नसीम शाह के तीन विकेट (35 रन देकर 3 विकेट) ने किया, जिसके बाद मैक्स होल्डन ने नाबाद 65 रन बनाकर वाइपर्स को पांच विकेट और तीन गेंदें शेष रहते जीत

### सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन का नेतृत्व नसीम शाह के तीन विकेट ने किया

दिलाई। बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद, वॉरियर्स की शुरुआत खराब रही और मोनांक पटेल और टॉम एबेल पहले दो ओवरों में आउट हो गए। चार्ल्स ने तीन चौके लगाए, जिसके बाद टॉम कोहलर-कैडमोर ने नसीम का स्वागत एक चौके और एक छक्के से किया, जिसमें पाकिस्तानी सीमर के 19 रन के ओवर में पांच वाइड भी शामिल थे। छठे से आठवें ओवर में वॉरियर्स केवल 13 रन बना पाए, लेकिन चार्ल्स ने कैस अहमद की गेंदों पर दो छक्के लगाए और साझेदारी 50 रन के पार पहुंच गई। ठीक जब दोनों पारी को संभालने की कोशिश कर रहे थे, तभी नसीम ने धीमी गेंद पर कोहलर-कैडमोर को बोल्ड कर दिया। हालांकि, चार्ल्स खतरनाक मूड में बने रहे और पेन की गेंदों पर दो चौके लगाए। लेकिन खेल 12वें ओवर में बदल गया जब कैस ने चार्ल्स और सिकंदर रजा को लगातार गेंदों पर आउट कर दिया, जिससे 12वें ओवर के अंदर ही वॉरियर्स के पांच विकेट गिर गए। जेम्स रीव ने 20 गेंदों में 22 रन बनाकर स्कोरबोर्ड को चालू रखा, लेकिन नसीम के हाथों आउट हो गए, जिसके बाद उन्होंने अपने आखिरी ओवर में हरमीत सिंह को भी आउट किया। आदिल राशिद के एक छक्के से वॉरियर्स का स्कोर 7 विकेट पर 140 रन हो गया। वाइपर्स की जवाबी पारी वैसी शुरू नहीं हुई जैसी उन्होंने उम्मीद की थी। 2-2 ओवर में उनके दो ओपनर - एंड्रीज गौस और फखर जमान के आउट होने के बाद उनका स्कोर 9 रन पर 2 विकेट था। इसके बाद पारी को संभालने का जिम्मा होल्डन और सैम करेन पर था और दोनों ने शुरुआत में ही ओवरपिच गेंदों पर चौके-छक्के लगाए। सातवें ओवर में, होल्डन ने रजा की गेंदों पर दो चौके और एक छक्का लगाया, जिससे गति वाइपर्स की ओर शिफ्ट होती रही। करन और होल्डन ने बीच के ओवरों में गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाया, जिसके बाद करन ने आदिल राशिद की गेंद पर छक्का लगाकर 50 रन की पार्टनरशिप पूरी की। हरमीत ने करन का विकेट लेकर पार्टनरशिप तोड़ी, जो 25 रन बनाकर पैड पर गेंद लगने के बाद आउट हो गए। डैन लॉरेंस ने हरमीत की गेंद पर छक्का लगाया, लेकिन अगले ही ओवर में लेफ्ट-आर्मर ने लॉरेंस को लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट करवाकर बदला ले लिया। हरमीत शानदार बॉलिग कर रहे थे और 16वें ओवर में जेसन रॉय का विकेट लेकर अपना तीसरा विकेट लिया। विकेट गिरने के बीच, होल्डन ने इस सीजन का अपना तीसरा अर्द्धशतक पूरा किया।

### ढाका कैपिटल्स के असिस्टेंट कोच महबूब अली जकी का निधन

**बांग्लादेश, वार्ता।** बांग्लादेश प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में ढाका कैपिटल्स के असिस्टेंट कोच महबूब अली जकी का शनिवार को राजशाही रॉयल्स के खिलाफ मैच से पहले मैदान पर गिरने के बाद निधन हो गया। जकी 59 वर्ष के थे। यहां सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में जब कैपिटल्स की टीम मैच से पहले की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान जकी मैदान पर गिर गए। उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाने से पहले टीम के सदस्य व चिकित्सकों द्वारा सीपीआर दिया गया। उन्हें अल हरमैन अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बीसीबी के मुख्य फिजिशियन देबाशीष चौधरी ने जकी के निधन की पुष्टि की। ढाका टीम के अधिकारियों ने बताया कि घटना से पहले जकी ने किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या की शिकायत नहीं की थी।

# बेन स्टोक्स, जो रूट ने इंग्लैंड के 'बहादुर' जवाब की तारीफ की

**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और सीनियर बल्लेबाज जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया पर मेलबर्न में बॉक्सिग डे टेस्ट में अपनी ऐतिहासिक जीत में साहस और बहादुरी दिखाने के लिए अपनी टीम की तारीफ की और बताया कि चौथे टेस्ट से पहले मुश्किल हालात में टीम ने कैसे जवाब दिया।

रूट ने फॉक्स क्रिकेट को एक साइडलाइन इंटरव्यू में कहा कि जाहिर है, सीरीज हारना हमेशा बहुत निराशाजनक होता है, लेकिन मुझे लगता है कि यह बहुत जरूरी था कि हमने बाकी सीरीज के लिए बहुत ज्यादा हिम्मत दिखाई। रूट ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड के 18 टेस्ट में से 17 में खेले थे। इस टीम पर बहुत कुछ फेंका गया है और जिस तरह से हमने इन दो दिनों में जवाब दिया है, वह शानदार रहा है। साफ तौर पर यह

- **रूट ने फॉक्स क्रिकेट को एक साइडलानइ इंटरव्यू में कहा कि जाहिर है कि सीरीज हारना हमेशा बहुत निराशाजनक होता है**

एक बहुत तेज टेस्ट मैच था, जिस पिच पर हमें खेलने का मौका मिला, लेकिन मुझे लगता है कि हमने जितना हो सका, उसके हिसाब से खुद को ढाला और जब भी मौका मिला, उसका फायदा उठाया। हमने आज बल्ले से चीजों को जिस तरह से संभाला, उसमें थोड़ी बहादुरी दिखाई और यही वजह है कि हमने टेस्ट मैच जीता। आप उनसे यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वे आपको यह आसानी से दे देंगे। जैसा कि मैंने कहा, मैं यहां कई बार गलत नतीजे का सामना कर चुका हूं, इसलिए आपको पता होता है कि क्या उम्मीद करनी है। आपको पता है कि ऑस्ट्रेलिया अपनी परिस्थितियों में कितना अच्छा है। लेकिन आज हम मैच जीतने में कामयाब रहे, यह बहुत बढ़िया है और उम्मीद है कि हम इस हफ्ते और अगले हफ्ते भी इसमें सुधार कर पाएंगे। स्टोक्स ने भी यही बात दोहराई और बताया कि टेस्ट से पहले टीम के आसपास इतना शोर होने के बावजूद टीम कैसे फोकस्ड रही, जिसमें उनके नूसा ट्रिप पर सवाल, बेन डकेट से जुड़ा एक लीक हुआ वीडियो जिसकी वजह से ईसीबी की जांच हुई, और एक ऐसे मुकाबले में 3-0 से सीरीज हारने का दबाव शामिल था जिसके प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद थी। स्टोक्स ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि इस मैच से पहले के कुछ दिनों में हमारे सामने काफी कुछ आया। इतनी सारी चीजों के बावजूद यहां आकर वैसा प्रदर्शन करना जैसा हमने किया।

# 2025 में भारतीय महिलाओं ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धियां

## क्रिकेट, हॉकी, डेफलिपिक्स, पैरा खेलों व अन्य वैश्वि मंच के खेलों में कामयाबी के साथ साल का समापन किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिलाओं ने क्रिकेट, हॉकी, डेफलिपिक्स, पैरा खेलों तथा अन्य वैश्विक मंच के खेलों में कई ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ 2025 का समापन किया। एकदिवसीय क्रिकेट, शतरंज और मुक्केबाजी में विश्व खिताब से लेकर हॉकी में महाद्वीपीय सफलता और ब्लाइंड महिला क्रिकेट में एक ऐतिहासिक पहली उपलब्धि तक, भारतीय महिला खिलाड़ियों ने न केवल पदक जीते बल्कि देश भर में महिलाओं के खेल के दायरे और पहचान का भी विस्तार किया। इस वर्ष आखिर में हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपना पहला आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप खिताब जीता। देश में इस खेल के लिए यह एक निर्णायक क्षण था। व्यक्तिगत तौर पर, स्मृति मंधाना ने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में चार हजार रन बनाने के लैंडमार्क पार किया, ऐसा करने वाली वह पहली भारतीय महिला बनीं और इससे भारतीय महिला क्रिकेट में बढ़ती गहराई, निरंतरता और पेशेवर प्रवृति को देखी गई। इसके अलावा भारतीय दृष्टिबाधित महिला टीम ने कोलंबो में खेले गए पहले ब्लाइंड महिला टी-20 विश्व कप में नेपाल को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। दीपिका टीसी की अगुवाई में भारतीय दृष्टिबाधित टीम ने छह देशों नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, आस्ट्रेलिया और अमेरिका के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया और 23 नवम्बर को कोलंबो में खेले गए फाइनल में शानदार जीत दर्ज की। भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। इस मैच में उन्होंने महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली तीसरी खिलाड़ी बनने की उपलब्धि के साथ इसी प्रारूप में एक हजार रन और 150 विकेट का डबल पूरा करने का भी कारनामा किया। वह इस प्रारुप में (महिला, पुरुष) दोनों में यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर है। इस साल की सबसे बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धियों में से एक शतरंज में मिली, जहां दिव्या देशमुख ने जुलाई में फिडे महिला विश्व कप जीतकर इतिहास रचते हुए यह प्रतिष्ठित वैश्विक खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। उनकी जीत ने विश्व शतरंज में भारत के बढ़ते दबदबे को फिर से साबित किया और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाली महिला खिलाड़ियों की नई पीढ़ी के उदय को भी दिखाया। भारतीय महिला मुक्केबाजों ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपना दबदबा बनाए

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, दो भाइयों सहित 4 की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो सगे चिकित्सक भाइयों सहित 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी को काटकर बामुश्किल शवों को बाहर निकाल बेहट सीएचसी भिजवाया। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।

हादसा शनिवार की शाम करीब पांच बजे कोतवाली बेहट इलाके के शाकंभरी रोड स्थित गांव जसमौर के पास हुआ। बताया जाता है कि थाना चिलकाना इलाके के गांव तिड़फवा निवासी दो सगे भाई 53 वर्षीय डॉक्टर विजय कुमार तथा 30 वर्षीय डॉक्टर मनीष पुत्रगण मेमसिंह अपने मौसा 45 वर्षीय जितेंद्र पुत्र रामस्वरूप निवासी गांव महमूदपुर तिवाई थाना गागलहेड़ी हाल निवासी मौहल्ला माजरी कस्बा व कोतवाली बेहट तथा थाना फतेहपुर इलाके के गांव मुजफ्फराबाद निवासी 35 वर्षीय सोनू सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी के दर्शन करने गए थे।





■ **सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी दर्शन कर लौट रहे थे श्रद्धालु, मृतकों के परिजनों में कोहराम**

ााम करीब 5 बजे वह वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार थाना बेहट इलाके के गांव जसमौर अड्डे के पास स्थित धर्म सिंह जगदीश सिंह डिग्री कॉलेज के पास पहुंची तो तेज गति होने के कारण अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के पूरी तरह परखच्चे उड़ गए।

हादसे की खबर लगते ही पीआरवी और कोतवाली बेहट पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और कार में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद निकाला और 108 एम्बुलेंस की मदद से बेहट सीएचसी भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने चारो को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की जेब से निकले आधार कार्ड से पहचान होने के बाद पुलिस ने उनके परिजनों को सूचित कर दिया।

हादसे में एक साथ हुई चार मौतों से इलाके में शोक की लहर है। इंस्पेटकर सतपाल भाटी ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया जा रहा है।

# सीमाएं सील कर पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद पुलिस का अपराधों पर अंकुश एवं अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सीमाएं सील कर सघन चौकिंग की जा रही है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देश पर वर्तमान परिस्थितियों एवं संभावित आपराधिक गति. विधियों की रोकथाम के दृष्टिगत एक सुदृढ़ एवं चैकिंग कार्ययोजना लागू की गई है। इस कार्ययोजना का उद्देश्य अपराध नियंत्रण, अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी, कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। इसी कड़ी में देर रात्रि जनपद के सभी थानों की पुलिस ने जनपद के नगर, ग्रामीण क्षेत्र, अंतरर्जनपदीय एवं अंतर्राज्यीय सीमाओं पर बैरियर लगाकर सघन चौकिंग की गई। इस दौरान आने-जाने वाले वाहनों एवं व्यक्तियों की गहनता के साथ चौकिंग एवं पूछताछ की गई। इस दौरान सीसीटीवी, ड्रोन एवं इंटेलिजेंस इनपुट के माध्यम से संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखी जा रही है। इस दौरान थाना स्तर से लेकर जनपद स्तर तक पुलिस समन्वय एवं गश्त व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया है। एसएसपी आशीष तिवारी ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि जनपद को अपराधमुक्त एवं भयमुक्त बनाया जा सके।

# पुलिस ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद पुलिस द्वारा घने कोहरे एवं ठंड के चलते होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा हाइवे, व्यस्तम मार्गों एवं टोल टैक्स आदि स्थानों पर रात्रि में वाहनों पर रिफ्लेक्टर आदि लगाकर वाहन चालकों को विशेष दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

पुलिस द्वारा हाइवे एवं सड़क किनारे स्थित ढाबों, चौराहों एवं तिराहों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस द्वारा सड़क किनारे वाहन खड़ा नहीं करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़े करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में गन्ना सीजन चलने के चलते गन्ना ढुलाई करने वाले वाहनों पर रिफ्लेटिव टेप लगाई जा रही है ताकि रात्रि में पीछे से आने वाले वाहन उन्हें आसानी से देख सकें। अभियान के तहत पुलिस द्वारा टोल प्लाजा पर पीए सिस्टम के माध्यम से कोहरा एवं दुर्घटना से बचाव हेतु सुरक्षा संदेश प्रसा. रित किए जा रहे हैं। जनपद पुलिस द्वारा प्रत्येक थाना स्तर पर एक्सीडेंट मित्र टीम गठित की गई है, जो दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को त्वरित सहायता प्रदान करेगी। साथ ही हाइवे पर एम्बुलेंस की भी समुचित व्यवस्था की गई है। कोहरे एवं दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सभी टोल टैक्स पर ऑडियो संदेशों के माध्यम से निरंतर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। एसएसपी आशीष तिवारी ने नागरिकों एवं वाहन चालकों से कोहरे के चलते वाहन की गति सीमित रखने, लाईट एवं रिफ्लेक्टर का प्रयोग करने की सलाह दी है।

# एसआईआर में एक भी वोट न कटने दें कार्यकर्ताः हरेन्द्र

## देहात विधायक आशु मलिक के नेतृत्व में सम्पन्न हुई बूथ समीक्षा एवं प्रशिक्षण बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के जिला प्रभारी सांसद हरेन्द्र मलिक ने कहा कि एसआईआर के तहत एक भी वोट न कटने पाये इसके लिए कार्यकर्ता कोई कसर बाकी न छोडे।

हरेन्द्र मलिक आज गागलेड़ी स्थित निशा गार्डन में देहात विधायक आशु मलिक के नेतृत्व में संपन्न हुई बूथ समीक्षा एवं प्रशिक्षण बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि एसआईआर कार्य में कार्यकर्ता कडी मशक्कत करें। राष्ट्रीय सचिव भुवन जोशी ने भी कार्यकर्ताओं से एसआईआर सम्बन्धित जानकारी ली।



देहात विधायक आशु मलिक ने कहा कि जिस गंभीरता, अनुशासन और एकजुटता के साथ सफल बनाया उसके लिए मैं दिल की गहराइयों से जनता, जुझारू बीएलए, कार्यकर्ताओं, क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और जिला पंचायत सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होने कहा कि आपकी प्रतिबद्धता और समाजवादी विचारधारा के प्रति समर्पण यह साबित करता है कि यह सिर्फ एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि लोकतंत्र और जनअधिकारों की रक्षा का सामूहिक संकल्प था।

इस दौरान जिलाध्यक्ष चौ. अब्दुल वाहिद, पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा, ममता चौधरी, पार्षद अभिषेक टिंकू अरोडा, फैसल सलमानी आदि मौजूद रहे।

### मौजूदा समय में गठबंधन धर्म जरूरीः मुजतबा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा मलिक एडवोकेट ने कहा कि 2027 विधानसभा चुनाव में भाजपा को रोकने के लिये सपा कांग्रेस के अलावा अन्य दलों को साथ आना होगा। मौजूदा समय में गठबंधन धर्म जरूरी है।

छुटमलपुर में पत्रकारों से वार्ता करते हुये मुजतबा मलिक ने कहा कि मोजूदा राजनीतिक हालात और वक्त को देखते हुये कांग्रेस और सपा का गठबंधन आगे भी जारी रहेगा और दोनों दलों को कोशिश कर अन्य छोटे दलों को भी साथ लाना होगा। विगत लोकसभा में उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस गठजोड़ के नतीजे लोकसभा चुनाव में संतोषजनक रहे है मौजूदा समय में भाजपा से मिलजुलकर ही लड़ना बेहतर है। मोजूदा समय में गठबंधन धर्म जरूरी है। गठबंधन को तोड़ने की बात करने वाले लोगो से हमे सतर्क रहना होगा, क्योंकि थोड़ी सी भी चूक होने पर भाजपा पुनः सत्ता में आ सकती है। उन्होंने कहा कि सपा कांग्रेस दोनों दल मजबूत है कहीं भी कोई मनमुटाव नहीं है।

# चौ. नीरपाल ने जयंत को दी बधाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की।

उन्होंने राष्ट्रीय लो. कदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, युवा हृदय सम्राट, महिला सशक्तिकरण, किसानों के संरक्षक, दलित, वंचित, शोषित समाज के उत्थान के लिए चिंतित, युवा योजनाओं का क्रियान्वयन करने वाले दूरदर्शी नेतृत्व, सादगी से ओतप्रोत केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को जन्मदिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपका कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन पार्टी को निरंतर मजबूत बना रहा है तथा राजनीति सकारात्मक दिशा में अग्रसर है। उनके दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय लोकदल किसान, मजदूर, नौजवान की आवाज बन चुका है।

# वोटो के प्रहरी बनें समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताः भुवन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर में चुनाव आयोग द्वारा चलाए गए विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदाताओं के सत्यापन को लेकर समाजवादी पार्टी की समीक्षा बैठक में एसआईआर प्रभारी व राष्ट्रीय सचिव भुवन भास्कार जोशी ने कहा कि पीडीए वर्ग के वोटों पर कुछ लोग नजर गड़ाए बैठे हैं, लेकिन समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रहरी बनकर किसी भी वोट को कटने नहीं देगा।

एसआईआर प्रभारी व राष्ट्रीय सचिव भुवन भास्कार जोशी वरिष्ठ सपा नेता एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा के निवास पर आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने एसआईआर की समीक्षा कर कार्यकर्ताओं के विषेश दिशा-निर्देश



जारी किए। उन्होंने यह भी जाना कि कितने प्रतिशत वोटों की मैपिंग हो चुकी है और कितने वोट थर्ड कैटेगरी में गए हैं। प्रोफेसर भुवन जोशी ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई है या जो थर्ड कैटेगरी में चले गए हैं, उनकी आपत्तियों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए।

पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू होने के बाद से ही समाजवादी पार्टी की टीम, पार्षदों और कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे महानगर में लगातार वोट सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। लोगों के फॉर्म भरवाकर बीएलओ को जमा कराए जा रहे हैं और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एसआईआर कैंप भी लगाए गए हैं। जिन फॉर्मों की मैपिंग नहीं हो पाई है, उनकी आपत्तियों का निस्तारण भी पार्टी की टीम द्वारा कराया जाएगा।

महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी ने कहा कि सहारनपुर नगर में वर्तमान में लगभग 375 बीएलए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। यदि किसी भी नगरवासी को फॉर्म या आपत्ति निस्तारण में समस्या आती है तो समाजवादी पार्टी महानगर की टीम उसकी पूरी मदद करेगी। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष अब्दुल वाहिद, प्रदेश सचिव मजहिर राणा एवं फैसल सलमानी ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर मुस्तकीम राणा, नदीम कुरैशी, मेहरबान तंवर, वासिल तोमर, रतन यादव, पारस टागड़ा, अनवर खान वारसी, रईस अहमद, पार्षद फहाद सलीम, विशाल यादव, शुभम वर्मा, स्नेहल भाटिया, अहमद खान, गुलशन खान, शादाब खान, अनीश नाजिम, शहनवाज सिद्दीकी, मणि वर्मा, ऋषभ शर्मा, प्रिंस पंडित, अनुभव शर्मा, गोल्डी, रवि कश्यप, दीपक कश्यप, शादाब अंसारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रताप को मिला निष्ठा का ईनामः उस्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बहुजन समाज पार्टी के युवा नेता उस्मान कुरैशी ने पार्टी के कर्मठ, निष्ठावान एवं जुझारू कार्यकर्ता प्रताप सिंह को मंडल का मुख्य कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति बसपा सुप्रीमो बहन मायावती के कुशल नेतृत्व और संगठन को मजबूती देने की सोच का प्रमाण है। उस्मान कुरैशी ने कहा कि प्रताप सिंह लंबे समय से पार्टी की नीतियों को जमीनी स्तर पर मजबूती से आगे बढ़ाते आ रहे हैं। उनका संगठनात्मक अनुभव, कार्यकर्ताओं से संवाद और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए पूर्णतः योग्य बनाती है।

# यज्ञ साक्षात नारायणः आचार्य अमित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गंगोह के समीप जेहरा गांव में पाथेश्वर महादेव मंदिर में महंत कदमपुरी महाराज के सानिध्य में भगवती शाकंभरी के प्राकट्य उत्सव पर सहस्त्रचंडी महायज्ञ में आज यज्ञाचार्य पंडित अमित भारद्वाज ने पंचांग पूजन वास्तु पूजन योगिनी क्षेत्रपाल प्रधान पीठ का पूजन कराया और अरणी मंथन के साथ ही अग्नि का प्राकट्य हुआ।

बड़े-बड़े तीर्थ क्षेत्र से विद्वान 51 ब्राह्मण यहां पर आए हैं जो भगवती जगदंबा के 1008 पाठ कर रहे हैं। प्रातः काल ही ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार करके पूरे वातावरण को पवित्र कर दिया। इस यज्ञ के मुख्य यजमान हिमांशु चौधरी सपत्नीक भगवान का पूजन किया और बालेंद्र चौधरी और शुभम चौधरी भी यहां पर उपस्थित रहे। महंत कदमपुरी महाराज ने कहा की यज्ञ की प्रदक्षिणा करने से बहुत पुण्य होता है इसलिए सभी भक्तजन आकर के प्रदक्षिणा अवश्य करें। आचार्य अमित भारद्वाज ने कहा की यज्ञ साक्षात् नारायण है और इस यज्ञ में भगवती का अर्चन हो रहा है कलयुग में जो भगवती की आराधना करता है वह भगवती को अति प्रिय हो जाता है।

# रालोद कार्यकर्ताओं ने मनाया चौ. जयंत का जन्मदिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का 47वां का जन्मदिन केक काट कर मनाया गया और उनके दीर्घायु होने के कामना की गई। साथ ही संगठन की मजबूती का संकल्प लिया गया।

दिल्ली रोड स्थित राष्ट्रीय लोकदल जिला कार्यालय पर जयंत चौधरी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। जिलाध्यक्ष शाहजमा खान ने कहा कि हम सभी चौ.जयंत के दीर्घायु स्वस्थ एवं समृद्ध राजनी. तिक जीवन की प्रभु से कामना करते हैं कि वह इसी तरह चौधरी चरण सिंह की नीतियों पर चलते हुए देश में प्रदेश की जनता की सेवा करते रहे एवं राजनीति में निरंतर बुलंदियां छुते रहे। इस दौरान प्रदेश महासचिव चौधरी धीर सिंह, क्षेत्रीय महासचिव रमेश चौहान, महावीर सैनी, एडवोकेट क्षेत्रीय सचिव मनोज वर्मा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जसमेर सिंह, जिला उपाध्यक्ष हरपाल वाल्मीकि, ठाकुर मूलचंद सिंह, जिला महासचिव पंडित दिनेश शर्मा, शहजाद मलिक, पंकज चौधरी, विशाल काम्बोज, संजय काम्बोज, श्रवण काम्बोज, चौधरी पदम सिंह, शिवकुमार, डॉ अनिल सैनी, प्रमोद सिंह, हाजी शमीम अहमद, फैसल त्यागी, जर्जिस चौधरी, चौधरी तनवीर, मोहम्मद जनाब एडवोकेट, मोहम्मद नौशाद, नीरज चौधरी, अनुराग चौधरी, रजनीश गुर्जर, रोहन चौधरी, अभिषेक चौधरी आदि उपस्थित रहे।





कोर्ट रोड स्थित महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर पार्टी सुप्रीमो जयंत चौधरी एवं अध्यक्ष पति के नईम अहमद का जन्मदिन मनाया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष राव केसर सलीम, अम्बेहटा चेयरमैन नईम अहमद, महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद सलीम कुरैशी, रजनीश चौहान, युवा जिला अध्यक्ष पुनीत चौहान, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिय दीप त्यागी ने पार्टी सुप्रीमो जयंत चौधरी एवं नईम अहमद की दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान अजय कौशिक ने अपने सार्थियों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिनका सभी पदाधिकारियो ने माल्यापर्ण कर स्वागत किया। इस अवसर पर महावीर सिंह सैनी, प्रीतम सिंह सैनी, अशरफ आलम, राकेश कुमार, राजेश चौहान, गौरव शर्मा, फरमान राव, रूपचंद गौतम, सूरज, पदम सिंह, पंकज चौधरी, हर्षित राणा, अक्षित धीमान, हिमांशु गुर्जर, मोहित शर्मा,अशोक प्रधान, राजेंद्र कुमार अमरीश कुमार, शाहवेज सलीम अहमद नदीम नजर मौजूद रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी अर्जुन सिंह एवं संचालन अरविंद मलिक ने किया।

# डा. अशोक ने जनक को बनाया ब्लाक अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने संगठन का विस्तार करते हुए जनक सिंह को ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया।

नया गांव स्थित सरस्वती ज्ञान कलश पब्लिक स्कूल में यह घोषणा की गई। डा.अशोक मलिक ने कहा कि सरकार ने आधार कार्ड प्राइवेट कंपनीओ को ठेका देकर बनवाए गए थे और ठेकेदारों ने कम पढे लिखे लड़कों से सस्ते में आधार कार्ड बनवाएं जिन्होंने अधिकतर नाम व जन्म तिथियों में गलतियां की हुई है जो आज स्कूलों में बच्चों की अपार आईडी आम जनता व अभिभावको के लिए गले के हड्डी बन गई है। उन्होंने कहा कि गली मोहल्ले गांव देहात पिछड़े क्षेत्र में छोटे मंझिलें स्कूलो को कंप्यूटर ऑपरेटर व लैपटॉप की व्यवस्था करनी चाहिए वरना सरकार अपने सरकारी कर्मचारियों से सरकारी कार्य कराना चाहिए।



प्रदेश महामंत्री अरविंद शर्मा वीरेंद्र पवार, जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा, नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष जनक सिंह, राकेश चौधरी लोकपाल श्रीमती उमा बाटला धनंजय शर्मा वीरेंद्र पवार अजय सिंह रावत समेश पवार कटार सिंह के पी सिंह मोहित शर्मा प्रवीण गुप्ता अमजद अली गययूर आलम मोहम्मद कादिर वंशीम अहमद एडवोकेट योगेश पवार अक्षय कुमार रविंद्र गुप्ता नारायण सिंह प्रवेश सैनी आदि ने संबोधित किया।

इस अवसर पर महामंत्री हंस कुमार जोरा सिंह दिनेश रुपडी मुक. ेश कुमार नरेंद्र कुमार संदीप कुमार आदेश राशिद रमेश राकेश कुमार रामकुमार संजीव कुमार अनिल सचदेवा संजीव कुमार रविंदर शरद सुभाष चंद्र शीशपाल राजेश्वर वर्मा सचिन सुनील वैभव अनंत मीनू शर्मा नरेंद्र संजीव कुमार मंजूर अहमद संदीप कुमार राकेश चौहान आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता विद्यालय की चेयरमैन श्रीमती कुमकुम और संचालन जनकसिह व परवीन गुप्ता ने संयुक्त रुप से किया।

### दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पीड़िता को सकुशल बरामद कर दिया।

विगत 8 जुलाई को वादी ने थाने में लिखित तहरीर देकर बताया था कि आरोपी गौतम पुत्र सत्यप्रकाश निवासी सुक्खूपुरा बेरीबाग थाना जनकपुरी उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। थाना जनकपुरी पुलिस ने मुक. दमा उपरोक्त में वांछित आरोपील गौतम पुत्र सत्यप्रकाश निवासी सुक्खूपुरा बेरीबाग थाना जनकपुरी को रेलवे स्टेशन के पास से दबोच लिया। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पीड़िता को भी सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वांछित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# शूटर अफजाल ने जीता गोल्ड मैडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दिल्ली की कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में चल रहे 68 वे नेशनल गेम(ट्रैप मास्टर मैन इवेंट)में सहारनपुर के शूटर अफजाल अहमद ने गोल्ड मैडल जीतकर इतिहास रच दिया है।

गौरतलब है कि अफजाल अहमद उत्तराखंड राज्य की और से शूटिंग खेलते हैं और उनका मेन इवेंट ट्रैप है, टॉप 6 में खेलते हुए अफजाल अहमद ने साथी खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए फाइनल में जगह बनाई और फिर गोल्ड मैडल जीतकर सहारनपुर का नाम देश भर में रोशन कर दिया। गौरतलब है कि अफजाल जिले के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने नेशनल शूटिंग में गोल्ड मैडल जीतकर इतिहास रचा है। जिले के ट्रैप शूटर फैसल खान, राव तल्हा, राव अरफात, शादाब अहमद, साजिद, मोनी याकूब ने अफजाल अहमद की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि अफजाल अहमद द्वारा हासिल ये गोल्ड मैडल उनकी दिन रात की मेहनत का नतीजा है और सभी शूटर गर्व महसूस कर रहे हैं। सभी ने अफजाल अहमद को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी है और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## संक्षिप्त समाचार

### सीरिया में शिया मस्जिद पर हुए घातक हमले की व्यापक निंदा

**न्यूयॉर्क।** पश्चिमी सीरिया के शहर होम्स शहर में एक शिया मस्जिद पर हुए आतंकवादी हमले की विश्वभर में निंदा हो रही है। इसमें आठ लोग मारे गए हैं और अन्य 18 घायल हुए हैं। शुक्रवार की नमाज के दौरान होम्स की अली बिन अबी तालिब मस्जिद में हुए विस्फोट की जिम्मेदारी सराया अंसार अल-सुन्ना नामक एक आतंकवादी संगठन ने ली है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस की ओर से प्रवक्ता ने एक बयान जारी किया गया। बयान में बम विस्फोट की निंदा की गई है और कहा कि महासचिव दो. हराया कि नागरिकों और धार्मिक स्थलों पर हमले अस्वीकार्य हैं।

### कंबोडिया-थाईलैंड का संघर्ष विराम पर ऐतिहासिक समझौता

**नामपेन्ह।** कंबोडिया और थाईलैंड ने सीमा पर जारी तनाव को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए शनिवार दोपहर से तत्काल और पूर्ण संघर्ष विराम लागू करने पर सहमति व्यक्त की है। स्थानीय मीडिया के अनुसार दोनों देशों ने 'तीसरी विशेष सामान्य सीमा समिति' की बैठक के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी करके यह सहमति जाहिर की। यह समझौता कंबोडिया के प्रुम और थाईलैंड के बान पाक कार्ड अंतर्राष्ट्रीय प्रवेश बिंदु पर हुआ। इसकी अध्यक्षता कंबोडिया के रक्षा मंत्री जनरल तेइ सेइहा और थाईलैंड के रक्षा मंत्री जनरल नत्तफॉन नार्कफनित ने की।

### मलेशिया के पूर्व पीएम नजीब को 15 साल जेल की सजा

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक को 1मलेशिया डेवलपमेंट बरहाद (1एमडीबी) से जुड़े एक मामले में भ्रष्टाचार का दोषी ठहराया गया और 15 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। नजीब पर देश के उच्च न्यायालय ने 11.4 बिलियन रिंगिट (2.82 बिलियन अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया है, जो उनके द्वारा ली गई रिश्वत की रकम की पांच गुनी है। नजीब को धनशोधन मामले के 21 अतिरिक्त आरोपों के लिए पांच साल जेल की सजा सुनाई गई है। धनशोधन के लिए कोई जुर्माना नहीं लगाया गया है।

### तुर्की ने हिरासत में लिए 156 संदिग्ध मानव तस्कर

**इस्तांबुल।** तुर्की के गृह मंत्री अली एरलिकाया ने कहा है कि पिछले दो हफ्तों में 14 प्रांतों में चलाए गए अभियानों में मानव तस्करी के 156 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। यरलिकाया ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि 112 संदिग्धों को जेल में डाल दिया गया है, जबकि अन्य 44 पर 'न्यायिक नियंत्रण उपाय' लागू किए गए हैं। ये अभियान जेंडरमेरी जनरल कमांड के प्रवासी तस्करी और मानव तस्करी से निपटने वाले विभाग ने समन्वित किए थे।

# 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर भारत

## ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने संसद में किया दावा, अगले साल सीईटीए को ब्रिटिश संसद की मंजूरी संभावित

**लंदन/वेलिंगटन।** भारत-ब्रिटेन के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर पिछले चार वर्षों से काम जारी था और यह 2025 में आकार ले सका। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने संसद में कहा भारत वैश्विक मंच पर एक उभरती ताकत है और 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर है।

इसके साथ ही ब्रिटिश पीएम ने कहा-व्यापार और निवेश से आगे द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा देने के लिए 'विजन 2035' समझौते पर भी सहमति बनी। एफटीए को लेकर वार्ताएं वर्ष के ज्यादातर समय सुर्खियों में रहीं। दोनों पक्ष समझौते के लिए प्रतिबद्ध दिखे और जुलाई में पीएम नरेंद्र मोदी के ब्रिटेन दौरे पर औपचारिक हस्ताक्षर किए गए। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने मोदी से हुई द्विपक्षीय चर्चा के बाद कहा कि हमने दुनिया की तेज अर्थव्यवस्था भारत के साथ ऐतिहासिक समझौता किया है। उन्होंने अक्तूबर में अब तक के सबसे बड़े ब्रिटिश व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत यात्रा का निमंत्रण भी स्वीकार किया। 2025 में दोनों देशों के महत्वाकांक्षी व भविष्य-उन्मुख 10 वर्षीय भारत-ब्रिटेन विजन 2035 रोडमैप को भी रखा गया। यह दीर्घकालिक सहयोग और नवाचार के रणनीतिक लक्ष्य तय करता है। ब्रिटेन के उच्च शिक्षा क्षेत्र की भारत में बढ़ती मौजूदगी भी नए वर्ष से फलीभूत होगी।



**न्यूजीलैंड के पीएम प्रधानमंत्री लक्सन ने भारत के साथ व्यापार समझौते को बताया ऐतिहासिक**

नौ ब्रिटिश विवि भी भारत में अपने विदेशी परिसरों को अंतिम रूप दे रहे हैं। ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य विभाग (डीबीटी) के विश्लेषण के अनुसार, व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) लागू होने पर द्विपक्षीय व्यापार मौजूदा 44.1 अरब पाउंड से बढ़कर कई अरब पाउंड से अधिक हो सकता है। उम्मीद है कि 2026 की पहली छमाही में समझौते को ब्रिटिश संसद की मंजूरी मिल जाएगी, जिसका दोनों देशों को परस्पर लाभ होगा। हालिया आंकड़ों के अनुसार, अध्ययन वीजा पर करीब 45000 भारतीय और कामकाजी वीजा पर 22000 पेशेवर देश से बाहर गए, जिससे वहां शुद्ध आव्रजन में कमी आई। स्थायी निवास के लिए प्रतीक्षा अवधि को बढ़ाकर 10 वर्ष करने जैसे सख्त नियमों से यह रुझान आगे भी बना रह सकता है।

भारत-ब्रिटेन संबंधों में आतंकवाद के खिलाफ साझा प्रतिबद्धता भी प्रमुख रही। नवम्बर में दिल्ली में हुए आतंकी हमले पर ब्रिटेन ने संवेदना जताई और अप्रैल में कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद कूटनीतिक समाधान का आह्वान किया। दूसरी ओर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने भारत के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते की तारीफ की है और इसे अपनी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि और भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। हालांकि उनकी ही सरकार के विदेश मंत्री ने इस व्यापार समझौते पर कड़ी आपत्ति जताई थी। लक्सन ने कहा कि हमने अपने पहले कार्यकाल में भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने का वादा किया था और हमने उसे पूरा किया। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों वाला बाजार उपलब्ध होने से ज्यादा नौकरियां, अच्छी कमाई और बेहतर निर्यात की राह खुलेगी। यह उनकी सरकार के व्यापक एजेंडे का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य बुनियादी चीजों को ठीक करना और भविष्य का निर्माण करना है। हालांकि भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर न्यूजीलैंड की सरकार के बीच ही मतभेद हैं। विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने इस समझौते की आलोचना की और इसकी निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए थे। पीटर्स ने कहा था कि न्यूजीलैंड ने पर्याप्त लाभ लिए बिना बहुत कुछ दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यूजीलैंड सरकार ने जल्दबाजी में इस समझौते पर सहमति दी है। इस समझौते के तहत अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार दोगुना हो सकता है। समझौते के तहत भारत में अगले 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर का निवेश हो सकता है। हाल ही में भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) ने भारतीय निर्यातकों के लिए एक नया अवसर खोला है।

## कनाडा में भारतीय दूतावास की अहम पहल

**संकटग्रस्त महिलाओं के लिए 'वन स्टाप सेंटर' की शुरुआत**

**टोरंटो।** कनाडा में रह रही भारतीय महिलाओं की मदद के लिए टोरंटो में भारत का वाणिज्य दूतावास ने एक अहम कदम उठाया है। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'वन स्टाप सेंटर फार वूमन (ओएससीडब्ल्यू)' की स्थापना की है, जो खास तौर पर संकट में फंसी भारतीय पासपोर्ट धारक महिलाओं को सहायता देगा। यह केंद्र उन महिलाओं की मदद करेगा जो घरेलू हिंसा, शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, पति की तरफ से छोड़े जाने, शोषण, कानूनी परेशानियों जैसी समस्याओं का सामना कर रही हैं। दूतावास ने इसके साथ 24 घंटे, सात दिन काम करने वाली हेल्पलाइन भी शुरू की है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता मिल सके। वन स्टाप सेंटर के तहत महिलाओं को तुरंत काउंसलिंग (मानसिक व भावनात्मक सहायता), मनो-सामाजिक सहयोग, कानूनी सलाह और सहायता से जोड़ना, कनाडा में उपलब्ध सामाजिक और सामुदायिक सेवाओं तक पहुंच जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। भारतीय मिशन ने साफ किया है कि केंद्र की पूरी कार्यप्रणाली कनाडा के स्थानीय कानूनों के दायरे में रहकर ही की जाएगी। इस केंद्र को एक महिला सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर चलाएंगी, जो यह सुनिश्चित करेंगी कि पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और समग्र सहायता मिले। जरूरतमंद महिलाओं को दी जाने वाली वित्तीय सहायता 'मीन्स टेस्ट' (आर्थिक स्थिति के आधार) पर होगी और यह भारत सरकार के नियमों के अनुसार दी जाएगी। इसके लिए एक फोन नंबर +1(437) 552 3309 और ई-मेल: वेब. जवतवदजव/उम.हवअ.पद जारी किया गया है। भारतीय मिशन की वेबसाइट पर एक अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न सेक्शन भी दिया गया है, जिसमें बताया गया है कि विद. श में रहने वाली भारतीय महिलाओं को धोखा, उत्पीड़न या छोड़े जाने की स्थिति में भारतीय अधिकारी किस तरह मदद कर सकते हैं और किन मामलों में उनकी सीमाएं क्या हैं।

# बांग्लादेश के स्कूल कॉन्सर्ट में भीड़ का हमला

## ईंट-पत्थर और कुर्सियां फेंकी, स्कूली छात्र समेत 20 घायल, जबरन घुसने से रोकने पर भड़का दंगा

**ढाका।** बांग्लादेश के फरीदपुर जिले में शुक्रवार की रात डिस्ट्रिक्ट स्कूल की 185वीं एनिवर्सिरी के समापन समारोह के दौरान हिंसा हो गई। यहां मशहूर राक सिंगर जेम्स (नागर बाउल) का कान्सर्ट होना था, इससे ठीक पहले भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। घटना रात करीब 9:30 बजे हुई, जब जेम्स मंच पर आने वाले थे।



**मशहूर राक सिंगर जेम्स का कान्सर्ट होना था, इससे ठीक पहले भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया**

आयोजकों के अनुसार, कुछ बाहरी लोग जबरन कार्यक्रम स्थल में घुसने की कोशिश कर रहे थे। रोकने पर उन्होंने ईंट-पत्थर और कुर्सियां फेंकना शुरू कर दिया और मंच की ओर बढ़ने लगे। इसके बाद प्रशासन के निर्देश पर कान्सर्ट रद्द कर दिया गया। घटना में 20 लोग घायल हो गए। इनमें ज्यादातर छात्र हैं। मौके पर मौजूद छात्रों और स्वयंसेवकों ने स्थिति संभालने की कोशिश की, जिसके बाद हमलावर पीछे हटे। स्थिति बेकाबू होते देख फरीदपुर जिला प्रशासन ने हस्तक्षेप किया। रात करीब 10 बजे आयोजन समिति के संयोजक डा. मुस्तफिजुर रहमान शमीम ने मंच से ऐलान किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला उपायुक्त के निर्देश पर जेम्स का कान्सर्ट रद्द किया जा रहा है। जेम्स और उनके बैंड सदस्यों को सुरक्षा घेरे में सुरक्षित बाहर निकाला गया। किसी कलाकार को चोट नहीं लगी। वर्षगांठ कार्यक्रम के प्रचार और मीडिया उप-समिति के संयोजक राजिबुल हसन खान ने कहा कि हमने जेम्स के कान्सर्ट को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारियां की थीं, लेकिन इस अचानक हमले से हम सभी हैरान हैं। हमें नहीं पता कि यह हमला किसने और क्यों किया। उन्होंने आगे कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए कार्यक्रम रोकना पड़ा। फरीदपुर जिला स्कूल इस क्षेत्र के सबसे पुराने सरकारी संस्थानों में से एक है, जिसकी स्थापना 1840 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई थी। पुलिस ने इलाके में भारी सुरक्षाबल तैनात किया है और स्थिति को नियंत्रण में लिया है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी की खबर नहीं आई। हाल के समय में कई कलाकारों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर इसी तरह के हमले हो चुके हैं, जिससे कलाकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की आजादी पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कुछ दिन पहले ढाका के प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्थान छायानट पर भीड़ ने हमला किया। हमलावरों ने छह मंजिला इमारत में घुसकर तोड़फोड़ की, कई कमरों में आग लगा दी और लूटपाट की। संस्थान के अनुसार, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट जैसे तबला, हारमोनियम, वायलिन आदि क्षतिग्रस्त हुए या लूट लिए गए, फर्नीचर तोड़ दिया गया, सीसीटीवी कैमरे नष्ट कर दिए गए और कुछ सर्वर को आग के हवाले कर दिया गया।

## कश्मीर में हिमपात, हाड कंपाने वाली बढ़ी ठंड

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में कश्मीर घाटी में एक बार फिर से हिमपात और बारिश के पूर्वानुमान के बीच रात में ठंड और बढ़ गई है। मौसम विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, घाटी में आज से 29 दिसम्बर तक आंशिक तौर पर बादल छाए रहने और शुष्क मौसम रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि 30 दिसम्बर को आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर हल्का हिमपात या फिर बारिश हो सकती है। इसके बाद 31 दिसम्बर से एक जनवरी तक आम तौर पर बादल छाए रहने के साथ कई स्थानों पर हल्की बर्फबारी या बारिश हो सकती है, जबकि इस अवधि के दौरान उत्तरी और मध्य कश्मीर के पहाड़ी क्षेत्रों में मध्यम हिमपात होने का अनुमान है। प्रवक्ता ने कहा कि दो जनवरी को सामान्यतः बादल छाए रहने के आसार है और इस दौरान कुछ स्थानों पर हल्का हिमपात और बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर ईशनिंदा से जुड़े 71 हमले

**सभी में एक जैसा पैटर्न अपनाया गया, पहले सोशल मीडिया पर आरोप, फिर भीड़ का हिंदू इलाकों पर हमला**

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ ईशनिंदा यानी धर्म का अपमान करने के आरोपों से जुड़े मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जून से दिसम्बर 2025 के बीच ऐसे कम से कम 71 मामले दर्ज किए गए हैं। यह जानकारी बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर काम करने वाले संगठन 'ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फार बांग्लादेश माइनारिटीज' की रिपोर्ट में सामने आई है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमले के लिए हर बार एक ही तरह का तरीका अपनाया जा रहा है। पहले सोशल मीडिया पर आरोप, फिर तुरंत गिरफ्तारी, उसके बाद भीड़ का इकट्ठा होना और हिंदू इलाकों पर हमला। अब ईशनिंदा के आरोप डर फैलाने और अल्पसंख्यकों को दबाने का हथियार बनते जा रहे हैं। ये घटनाएं देश के 30 से ज्यादा जिलों में फैली हुई हैं। रंगपुर, चांदपुर, चटगांव, दिनाजपुर, खुलना, कुमिल्ला, गाजीपुर, टांगाइल और सिलहट जैसे कई इलाकों में ऐसे मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इतनी बड़ी संख्या में एक जैसे मामले होना यह दिखाता है कि यह सिर्फ इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं, बल्कि अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का एक चलन बनता जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जैसे ही किसी पर ईशनिंदा का आरोप लगता है, पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है, लेकिन उसके साथ ही इलाके में भीड़ इकट्ठा हो जाती है और हिंसा शुरू हो जाती है। कई बार आरोप किसी एक व्यक्ति पर होता है, लेकिन गुस्साई भीड़ पूरे हिंदू मोहल्ले को सजा देती है। बांग्लादेश में कुछ महीने पहले चटगांव में कट्टरपंथियों की भीड़ ने हिंदू मोहल्ले पर हमला किया और वहां आग लगा दी थी।



**नई दिल्ली। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे पार्टी सांसद सोनिया गांधी।**

## चीन ने 20 अमेरिकी कंपनियों और 10 अधिकारियों पर लगाए प्रतिबंध

**बीजिंग।** ताइवान को हथियारों की आपूर्ति को लेकर वाशिंगटन और बीजिंग के बीच तनाव बढ़ गया है। चीन ने हाल के वर्षों में ताइवान को हथियार बेचने में शामिल 20 अमेरिकी रक्षा कंपनियों और 10 वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इन जवाबी उपायों में चीन के भीतर कंपनियों और वरिष्ठ अधिकारियों की चल और अचल संपत्तियों को फ्रीज करना, चीन में संगठनों और व्यक्तियों को उनके साथ लेनदेन, सहयोग और अन्य गतिविधियों में शामिल होने से रोकना और हांगकांग और मकाऊ विशेष प्रशासनिक क्षेत्रों सहित चीन में अधिकारियों के प्रवेश पर रोक लगाना शामिल है।

# 5000 डॉक्टर-11000 इंजीनियर ने छोड़ा पाक!

## अपने इतिहास के सबसे बड़े प्रतिभा पलायन (ब्रेन ड्रेन) के दौर से गुजर रहा पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इन दिनों अपने इतिहास के सबसे बड़े प्रतिभा पलायन (ब्रेन ड्रेन) के दौर से गुजर रहा है। देश की खराब आर्थिक हालत, राजनीतिक अस्थिरता और रोजगार की कमी के चलते बड़ी संख्या में पढ़े-लिखे और कुशल लोग देश छोड़ रहे हैं।

**एक तरफ जहां इन आंकड़ों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूर्व पाक सांसद मुस्तफा नवाज खोखर ने शहबाज सरकार पर निशाना बनाया**



पाकिस्तान के ब्यूरो आफ इमिग्रेशन एंड ओवरसीज एम्प्लायमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 24 महीनों में 5000 डाक्टर, 11000 इंजीनियर और 13000 अकाउंटेंट देश छोड़ चुके हैं। ये आंकड़े सामने आने के बाद सरकार और सेना नेतृत्व पर सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में ये कहना गलत नहीं होगा कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान की दुनियाभर में तो थू-थू हो ही रही है। अब खुद पाकिस्तान के लोग ही शहबाज सरकार और उनकी नीतियों पर खूब सवाल खड़े कर रहे हैं। एक तरफ जहां इन आंकड़ों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूर्व पाकिस्तानी सांसद मुस्तफा नवाज खोखर ने शहबाज सरकार पर निशाना बनाया। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान के 'सो काल्ड' सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसीम मुनीर का एक पुराना बयान 'ब्रेन ड्रेन' नहीं 'ब्रेन ग्रेन' सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर खूब चर्चा में है। इतना ही नहीं यूजर्स मुनीर के इस बयान को आधार बनाकर मुनीर की खूब खिल्लियां भी उड़ा रहे है। बता दें कि पाकिस्तान के ब्यूरो आफ इमिग्रेशन एंड ओवरसीज एम्प्लायमेंट की रिपोर्ट के बाद सामने आए आंकड़े ने पाकिस्तान में एक नया भूचाल ला दिया है। ऐसे में सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख मुनीर की खूब थू-थू हो रही है। इसका कारण है कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर ने कुछ महीने पहले कहा था कि यह पलायन 'ब्रेन ड्रेन' नहीं, बल्कि 'ब्रेन गेन' है। अब जब सरकारी आंकड़े सामने आए हैं, तो सोशल मीडिया पर उनकी जमकर आलोचना हो रही है। वहीं पाकिस्तान के पूर्व सांसद मुस्तफा नवाज खोखर ने सोशल मीडिया पर देश से हो रहे बड़े पैमाने पर प्रतिभा पलायन को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने लिखा कि पिछले 24 महीनों में पाकिस्तान से 5000 डाक्टर 11000 इंजीनियर और 13000 अकाउंटेंट देश छोड़ चुके हैं। खोखर ने बताया कि पाकिस्तान दुनिया का चौथा सबसे बड़ा फ्रीलांसिंग हब है, लेकिन बार-बार इंटरनेट बंद होने से देश को 1.62 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है और 23.7 लाख फ्रीलांस नौकरियां खतरे में हैं।

# इजरायल ने सोमालिलैंड को आजाद देश की मान्यता दी

**ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश, दोनों पक्षों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए**


**तेल अवीव।** इजरायल ने अफ्रीका महाद्वीप में स्थित सोमालिलैंड को औपचारिक रूप से एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला इजरायल दुनिया का पहला देश बन गया है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिसके तहत इजरायल और सोमालिलैंड एक-दूसरे के साथ पूरे राजनयिक संबंध स्थापित करेंगे। नेतन्याहू ने कहा कि यह कदम अमेरिका की मदद से हुए अब्राहम एकार्ड की भावना में उठाया गया है, जिनके जरिए इजरायल ने कुछ अरब देशों से रिश्ते सामान्य किए थे। उन्होंने सोमालिलैंड के राष्ट्रपति अब्दिरहमान मोहम्मद अब्दुल्लाही को बधाई दी और इजरायल आने का न्योता भी दिया। सोमालिलैंड के राष्ट्रपति ने इस फैसले को ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी दोनों देशों के हितों को आगे बढ़ाएगी और क्षेत्र में शांति व स्थिरता लाने में मदद करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सोमालिलैंड अब्राहम समझौतों में शामिल होने को तैयार है। इस घोषणा के कुछ ही घंटों बाद सोमालिया सरकार ने कड़ा विरोध दर्ज कराया।

# खैबर-पख्तूनख्वा के सीएम के साथ फिर मारपीट

## सुरक्षाकर्मियों ने विधानसभा में बदसलूकी, 1 महीने पहले पुलिस ने पीटा था, वीडियो सामने आया

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी के साथ सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट की। उनके प्रतिनिधियों के साथ भी बदसलूकी की गई। घटना का वीडियो सामने आया है।



**पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान किसी को कोई चोट नहीं आई है**

वीडियो में दिख रहा है कि मुख्यमंत्री अफरीदी अपने प्रतिनिधियों के साथ पंजाब असेंबली में घुस रहे हैं, इस दौरान सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं, तभी उनके साथी फतेह उल्लाह बुर्की बीच में आ जाते हैं। इसके बाद अफरीदी ने बयान जारी कर कहा कि कोई भी लोकतांत्रिक सरकार ऐसा काम नहीं करती है, यह सीधे-सीधे मार्शल ला जैसा व्यवहार है। पाकिस्तान में लोकतंत्र खतरे में है। मुख्यमंत्री अफरीदी अपने प्रतिनिधियों के साथ पंजाब असेंबली में घुस रहे थे, इस दौरान सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं।

गार्ड अफरीदी के प्रतिनिधि बुर्की के साथ मारपीट करते हैं और उन्हें धक्का देकर विधानसभा से बाहर निकालने की कोशिश करते हैं। हालांकि, अन्य अधिकारियों के बचाव में आने के बाद बुर्की को छोड़ दिया जाता है। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान किसी को कोई चोट नहीं आई है। पाकिस्तान के पंजाब में मुस्लिम लीग नून की सरकार है और नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज मुख्यमंत्री हैं। वहीं, केपी के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से हैं। घटना के बाद अफरीदी ने मीडिया से कहा कि लाहौर में हमारे कार्यकर्ताओं के साथ बुरा व्यवहार और उत्पीड़न किया जा रहा है। उनका कहना था कि पंजाब में एक नकली सरकार है, जो सिर्फ एक पार्टी को डराने और धमकाने में लगी है।

उन्होंने बताया कि चक्री और मंण्डी बहाउद्दीन में हमारे कार्यकर्ताओं के रास्ते रोके गए। उनके वाहन रोक दिए गए। कुछ कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया और सांसदों के साथ भी बदसलूकी हुई। रावलपिंडी पुलिस ने 28 नवम्बर को अफरीदी के बाल खींचे और उन्हें जमीन पर गिरा दिया था। अफरीदी 1 महीने पहले 28 नवम्बर को रावलपिंडी की अडियाला जेल में इमरान से मिलने गए थे, तब भी पुलिस ने उनके साथ मारपीट की थी।

# बर्फीले मौसम में भीषण हादसा

**एक्सप्रेसवे पर 67 वाहनों की भिड़ंत में दो की मौत, 26 लोग घायल**

**टोक्यो।** जापान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां साल के अंत की छुट्टियों की शुरुआत के बीच शुक्रवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बर्फबारी के कारण एक्सप्रेसवे पर हुए इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 26 लोग घायल हो गए।


इनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा टोक्यो से करीब 160 किलोमीटर दूर गुनमा प्रांत के मिनाकामी शहर के पास कान-एत्सु एक्सप्रेसवे पर हुआ। पुलिस के मुताबिक, सबसे पहले दो ट्रकों की टक्कर हुई। इसके बाद पीछे से आ रही गाड़ियां बर्फ से ढकी सड़क पर ब्रेक नहीं लगा सकीं और एक के बाद एक कई वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में 67 से ज्यादा वाहन शामिल थे। टक्कर के बाद एक्सप्रेसवे का एक हिस्सा पूरी तरह जाम हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हादसे के आखिरी हिस्से में आग भी लग गई, जो धीरे-धीरे एक दर्जन से ज्यादा वाहनों तक फैल गई। कुछ गाड़ियां पूरी तरह जल गईं। राहत की बात यह रही कि आग से किसी के घायल होने की खबर नहीं है। दमकल विभाग ने करीब सात घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मामले में पुलिस ने बताया कि हादसे में मरने वाली महिला की उम्र 77 साल थी और वह टोक्यो की रहने वाली थीं। जिस समय यह दुर्घटना हुई, उस वक्त इलाके में भारी बर्फबारी की चेतावनी जारी थी।







# अलविदा 2025




# सबसे अधिक कमाई करने वाली हिन्दी फिल्म बनी धुरंधर

**मुंबई।** 2025 बॉलीवुड के लिए काफी बेहतरीन साल साबित हुआ। इस वर्ष प्रदर्शित फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में धमाकेदार कमाई कर हिदी फिल्मों में सबसे अधिक कमाई का रिकार्ड बना लिया वहीं, छावा ने भी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए।

2025 में एक्शन, रोमांटिक, कॉमेडी, थ्रिलर, सस्पेंस, और हॉरर हर जॉनर की फिल्मों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। इस वर्ष प्रदर्शित फिल्म धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर धुंआधार कमाई की। फिल्म धुरंधर ने शाहरुख खान की फिल्म जवान की कमाई का रिकार्ड तोड़ कर भारतीय बाजार में सबसे अधिक कमाई करने वाली हिदी फिल्म का रिकार्ड अपने नाम कर लिया। शाहरुख खान की फिल्म जवान ने भारतीय बाजार में 640 करोड़ रुपए की कमाई की थी। बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 5 दिसम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म धुरंधर को रिलीज हुए 22 दिन हो गए हैं। फिल्म धुरंधर ने अब तक भारतीय बाजार में 648 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म धुरंधर विदेशों में कामयाबी का डंका बजा रही है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाईड 1000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।

फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के अलावा अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर माधवन जैसे सितारे हैं।यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, बी 62 स्टूडियोज़ के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से बनी फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह ने हमजा अली मजारी नाम के जासूस का किरदार निभाया है, जो कराची के गैंग में घुसकर आतंकियों को मदद करने वाले नेटवर्क को खत्म करने का काम करता है। अक्षय खन्ना ने इस फिल्म में गैंगस्टर रहमान डकैत का रोल निभाया। इस किरदार में अक्षय खन्ना छा गए। पर्दे पर अक्षय खन्ना का स्वैग, डांस, एक्शन दिखा। अक्षय खन्ना के किरदार को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

2025 में ही प्रदर्शित फिल्म छावा ने भी बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई की। फिल्म छावा ने भी भारतीय बाजार में 600 करोड़ रुपए की कमाई की है। छावा को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा में टैक्स फ्री किया गया था। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनीं फिल्म छावा 14 फरवरी को रिलीज हुई। इस फिल्म में विक्की कौशल , रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना की अहम भूमिका है। इस फिल्म की कहानी छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज के इर्द गिर्द घूमती है।

फिल्म छावा में विक्की कौशल, महान मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं, वहीं रश्मिका मंदाना संभाजी महाराज की पत्नी एसूबाई की भूमिका में हैं।वहीं अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का किरदार निभाया है। इस फिल्म ने वर्ल्डवाईड धमाकेदार कमाई की। दुनिया भर में फिल्म छावा ने 800 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है।

इस वर्ष में धुरंधर और छावा जैसी कई फिल्मों ने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए, वहीं फ्लॉप फिल्मों की भी कमी नहीं रही। बड़े बजट और बड़े सितारों वाली कई फिल्में एक-एक कर बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम होती गई, जिसकी सूची काफी लंबी है। इनमें फतेह, इमरजेंसी,आजाद,देवा, सिकंदर, ग्रांउड जीरो, द भूतनी, केसरी वीर, मां,सन ऑफ सरदार 2, बागी 4, दे दे प्यार दे 2, 120 बहादुर, मस्ती 4 समेत कई फिल्में शामिल हैं। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सोनू सूद की फिल्म फतेह 10 जनवरी को रिलीज हुई।फिल्म फतेह सोनू सूद के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। शक्ति सागर प्रोडक्शंस की सोनाली सूद और ज़ी स्टूडियो के उमेश केआर बंसल निर्मित और अजय धामा सह-निर्मित और फिल्म फतेह साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई की एक मनोरंजक एक्शन कहानी है। इस फिल्म में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडीज, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह की भी अहम भूमिका है।फिल्म फतेह बॉक्स ऑफिस पर कोई करिश्मा नहीं दिखा सकी। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी, 17 जनवरी को रिलीज हुई।ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित, इमरजेंसी की कहानी वर्ष 1975 पर आधारित है, जब भारत में इमरजेंसी लागू हुई थी। इस फिल्म में कंगना, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आंई। फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कंगना ने इमरजेंसी में अभिनय करने के साथ ही फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी किया है। फिल्म इमरजेंसी बॉक्स ऑफिस पर ढ़ेर हो गई। बॉलीवुड स्टार अजय देवगन की फिल्म आजाद भी 17 जनवरी को रिलीज हुई। अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने फिल्म आजाद से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया।अभिषेक कपूर निर्देशित फिल्म आजाद का निर्माण रोनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर ने किया है। फिल्म आजाद बॉक्स ऑफिस पर नकार दी गई। अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फ़ोर्स 24 जनवरी को रिलीज हुई। फिल्म स्काईफोर्स का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है जबकि इसका निर्माण मैडॉक फिल्म्स के तहत दिनेश विजन और अमर कौशिक और जियो स्टूडियोज़ के तहत ज्योति देशपांडे ने किया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ निमरत कौर , सारा अली खान और वीर पहाड़िया हैं। यह फिल्म 1965 के भारत-पाकिस्तान हवाई युद्ध में पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस पर भारत के जवाबी हमले पर आधारित है। फिल्म स्काई फ़ोर्स ने भारतीय बाजार में 113 करोड़ की कमाई कर औसत सफलता हासिल की। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की फिल्म देवा, 31 जनवरी को रिलीज हुई।जाने माने मलयालम फिल्म निर्देशक रोशन एंड्रयूज निर्देशित और ज़ी स्टूडियोज़ और सिद्धार्थ रॉय कपूर निर्मित फिल्म देवा में शाहिद कपूर के अलावा पूजा हेगड़े की भी अहम भूमिका है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नकार दी गई। आमिर खान के बड़े बेटे जुनैद खान की दूसरी फिल्म लवयापा सात फरवरी को रिलीज हुई।अद्वैत चंदन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रीदेवी-बोनी कपूर की पुत्री खुशी कपूर की भी अहम भूमिका है। फिल्म लवयापा को दर्शकों का प्यार नहीं मिला। हिमेश रेशमिया अभिनीत बैडएस रवि कुमार भी सात फरवरी को रिलीज हुई। यह फिल्म हिमेश रेशमिया की ही फिल्म द एक्सपोज़ का स्पिन-ऑफ है।कीथ गोम्स द्वारा निर्देशित, बैडएस रवि कुमार में हिमेश रेशमिया के अलावा कीर्ति कुल्हारी, प्रभु देवा, सनी लियोनी, संजय मिश्रा और जॉनी लीवर जैसे कलाकारों ने अहम किरदार निभाए हैं। बैडएस रवि कुमार बॉक्स ऑफिस पर अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर सकी।






# सोनाली बेंद्रे ने की शो इत्ती सी खुशी की टीम की सराहना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने इंडियन टेलीविजन अकादमी आईटीए 2025 में सोनी सब के इत्ती सी खुशी के बेस्ट शो ड्रामा जीतने पर शो की टीम की सराहना की है। सोनी सब के प्रशंसित पारिवारिक ड्रामा इत्ती सी खुशी ने (आईटीए) अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट शो-ड्रामा का खिताब जीतकर चैनल और शो की क्रिएटिव टीम के लिए एक अहम उपलब्धि हासिल की है। सुम्बुल तौकीर खान, वरुण बडोला, रजत वर्मा और ऋषि सक्सेना की अहम भूमिकाओं से सजा यह शो अपनी सधी हुई, भावनात्मक रूप से जुड़ी कहानी कहने के अंदाज के लिए व्यापक रूप से सराहा गया है। इत्ती सी खुशी एक ऐसे परिवार की कहानी है, जो भावनात्मक जख्मों, अधूरे अतीत और भरने की नाजुक प्रक्रिया से गुजर रहा है। रोजमर्रा की सच्चाइयों में रचा-बसा यह शो यह दिखाता है कि प्यार, नुकसान और अनकही तनातनियां माता-पिता, बच्चों, भाई-बहनों और जीवनसाथियों के रिश्तों को कैसे आकार देती हैं। बड़े नाटकीय उतार-चढ़ाव पर निर्भर रहने के बजाय, इसकी कहानी छोटे लेकिन सच्चे जुड़ाव के पलों में अपनी ताकत तलाशती है-यह याद दिलाते हुए कि खुशियां अक्सर बड़े समाधान में नहीं, बल्कि छोटे-छोटे हिस्सों में मिलती हैं। लेखन की गहराई और कलाकारों की सूक्ष्म अदाकारी के साथ यह जमीनी दृष्टिकोण दर्शकों और समीक्षकों दोनों के दिल को छू गया है। इस जश्न में शामिल होते हुए शो के निर्माता गोल्डी बहल की पत्नी और अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने इंस्टाग्राम पर टीम की सराहना की और इस जीत को शो के पीछे लगे दिल और मेहनत का सच्चा प्रतिबिब बताया। अपनी पोस्ट में सोनाली बेंद्रे ने लिखा, गोल्डीबहल और पूरी इत्ती सी खुशी टीम पर बहुत गर्व है। यह अवॉर्ड वाकई शो के पीछे की भावना और मेहनत का जश्न मनाता है। इस जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए, शो में मुख्य किरदार अन्विता निभाने वाली सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, इत्ती सी खुशी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कही गई कहानी है और यह अवॉर्ड उसी मंशा की पहचान जैसा लगता है। हर अभिनेता, लेखक और तकनीशियन ने इस शो को भावनात्मक सच्चाई के साथ बनाया। सोनी सब, पूरी टीम और उन दर्शकों का मैं आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने हमारी दुनिया से इतनी गहराई से जुड़ाव महसूस किया।

## श्रद्धा कपूर संग 25 सालों की समृद्ध विरासत का जश्न मना रही बिस्क फार्म

**मुंबई।** स्वदेशी बिस्किट ब्राण्ड्स , बिस्क फार्म बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री- सुपरस्टार श्रद्धा कपूर के साथ हाथ मिलाकर अपनी 25 सालों की समृद्ध विरासत का जश्न मना रहा है। अपने आकर्षण, बहुमुखी व्यक्तित्व और हर उम्र के दर्शकों के साथ मजबूत कनेक्शन के लिए विख्यात श्रद्धा कपूर- ब्राण्ड के मूल्यों की तरह- परम्परा और आधुनिकता का बेहतरीन संयोजन हैं। फिल्म में श्रद्धा कपूर अपने मी टाईम का आनंद उठाती हुई दिखाई देती हैं, जहां वे डांस के घरिए अपने सर्वश्रेष्ठ क्रिएटिव रूप को दिखाती हैं। दुनिया की परवाह किए बिना अपने घेन में खो जाती हैं।

